राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा






स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254



@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 25 नवंबर 2025
वर्ष 07, अंक 56, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित



अतिक्रमण के लाल निशानों पर व्यापारियों का विरोध डीएम से की मुलाक़ात, मिला निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन ...03

Rafale पर झूठ बोलता पकड़ा गया पाक मीडिया, अब फ्रांस की नौसेना ने खोली पोल....12


# भारत की सबसे बड़ी धोखाधड़ी पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला, नितिन और चेतन को दिया एक मौका

● फेल होने पर एक्शन तय

● भारत की सबसे बड़ी बैंक धोखाधड़ी करने वाले सगे भाई उद्योगपति नितिन और चेतन संदेसरा के खिलाफ सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है. कोर्ट ने दोनों भाइयों को एक और मौका दिया है. जानकारी के मुताबिक, घरेलू बैंकों से लिए गए कर्ज में डिफॉल्ट के आरोपों के बाद दोनों भाई 2017 में अल्बानियाई पासपोर्ट पर भारत से फरार हो गए थे



भारत की सबसे बड़ी बैंक धोखाधड़ी करने वाले सगे भाई अरबपति नितिन और चेतन संदेसरा के खिलाफ सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है. दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने दोनों भाइयों के खिलाफ आपराधिक आरोप हटाने पर सहमति जताई है. बशर्ते उन्हें 1.6 अरब डॉलर के बैंक धोखाधड़ी मामले में बकाया राशि का एक-तिहाई भुगतान करना होगा।

सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक, अगर दोनों अरबपति भाई बकाया राशि का एक-तिहाई भुगतान नहीं करते हैं तो उन पर दर्ज आपराधिक आरोप नहीं हटाए जाएंगे और फिर आगे की कार्रवाई की जाएगी. एससी ने अपने इस फैसले से दोनों भाइयों को राहत देने की कोशिश की है. वहीं, सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से अन्य आरोपियों को भी समझौते की राह अपनाने के लिए प्रेरित कर सकता है।

**अल्बानियाई पासपोर्ट पर भारत से हुए थे फरार**

जानकारी के मुताबिक, घरेलू बैंकों से लिए गए कर्ज में डिफॉल्ट के आरोपों के बाद दोनों भाई 2017 में अल्बानियाई पासपोर्ट पर भारत से फरार हो गए थे. ये दोनों भाई 2018 के कानून के तहत 14 भगोड़े आर्थिक अपराधों में शामिल हैं, जो संपत्ति जब्त करने की अनुमति देता है. इस सूची में किंगफिशर एयरलाइंस के संस्थापक विजय माल्या और हीरा कारोबारी नीरव मोदी भी शामिल हैं, जो बैंक धोखाधड़ी के आरोपों से इनकार करते हैं. दोनों भाई भी लगातार आरोपों से इनकार करते रहे हैं।

**कोर्ट ने क्या दिया आदेश?**

कोर्ट के आदेश के अनुसार, भाइयों के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि वे 570 मिलियन डॉलर के सेटलमेंट के लिए तैयार हैं. सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए 17 दिसंबर की अंतिम तिथि तय की है. रोहतगी ने कोर्ट से सभी कार्यवाही खत्म करने का अनुरोध किया. कहा जा रहा है कि दोनों भाइयों ने सेटलमेंट के लिए केस के वादी से पहले अपने वकील के लिए जरिए बात कर ली है. इसके बाद ही कोर्ट ने इस सुझाव को मानते हुए 17 दिसंबर की अंतिम तिथि तय की है।

**बैंकों से ठगे 1.6 अरब डॉलर**

संदेसरा समूह नाइजीरिया की स्टर्लिंग ऑयल एक्सप्लोरेशन एंड एनर्जी प्रोडक्शन का मालिक है, जो देश के कुल संघीय राजस्व में 2.5% योगदान देता है. भारत की केंद्रीय जांच एजेंसी ने दोनों भाइयों पर भव्य पार्टियों का आयोजन करते हुए बैंकों को 1.6 अरब डॉलर का चूना लगाने का आरोप लगाया था. जिसके बाद से सुप्रीम कोर्ट में इस केस की सुनवाई चल रही है।

## डॉ. शाहीन को लखनऊ ला सकती है NIA, सुरक्षा एजेंसियां जोड़ेंगी दिल्ली विस्फोट मामले की कड़ियां



**लखनऊ।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) मंगलवार को शाहीन को लखनऊ ला सकती है। एनआईए की टीम शाहीन से यह जानने की कोशिश कर रही है वह लखनऊ में किन लोगों के संपर्क में थी और परवेज को किसने कार खरीद कर दी थी। दिल्ली विस्फोट मामले में शाहीन की भूमिका अहम है। वह लंबे समय से डाक्टरों को आतंकी नेटवर्क के साथ जोड़ रही है। परवेज इस काम में उसकी मदद करता था। शाहीन जिन डॉक्टरों को आतंकी नेटवर्क में शामिल होने के लिए तैयार करती थी उन्हें दुबई, थाईलैंड व अन्य देशों में प्रशिक्षण दिया जाता था। शाहीन के संपर्क में रहे ज्यादातर आतंकियों ने विभिन्न प्रकार के बम बनाने का प्रशिक्षण लिया था। इसके लिए जरूरी सामग्री उपलब्ध कराने की जि मेदारी शाहीन के संपर्क वाले डाक्टरों व अन्य आतंकियों की थी। वह खुद भी अगस्त में लखनऊ आई थी। लखनऊ में उसने किन लोगों से मुलाकात की थी और कानपुर से लेकर सहारनपुर तक के उसके संपर्कों को खंगालने के लिए एनआईए की टीम उसे विभिन्न स्थानों पर लेकर जाएगी। अभी तक की पूछताछ में शाहीन से मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही कुछ और लोगों की गिर तारी की भी आशंका है। एनआईए की टीम शाहीन को बुलटेप्रूफ गाड़ी से लेकर उसके घर जाएगी। साथ ही इंटीग्रल यूनिवर्सिटी और परवेज के घर भी लेकर जाने की सूचना है। एनआइए के सूत्रों के अनुसार शाहीन को लखनऊ के पांच स्थानों पर लेकर जाने की तैयारी है। इन स्थानों के बारे में उसने पूछताछ में अहम जानकारी दी है।

# सोनम वांगचुक की हिरासत का मामला, स्ष्ट में सुनवाई टली, अब 8 दिसंबर को होगी

● सुप्रीम कोर्ट ने सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो की याचिका पर सुनवाई 8 दिसंबर तक के लिए डाल दी है. गीतांजलि ने याचिका में जलवायु कार्यकर्ता की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत को अवैध और उनके अधिकारों का उल्लंघन करने वाली मनमानी कार्रवाई बताते हुए चुनौती दी है




सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (24 नवंबर) को जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो की अर्जी पर सुनवाई टाल दी. कोर्ट अब 8 दिसंबर को सुनवाई करेगा. वांगचुक की पत्नी ने याचिका में अपने पति की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (NSA) के तहत हिरासत को अवैध और उनके अधिकारों का उल्लंघन करने वाली मनमानी कार्रवाई बताते हुए चुनौती दी है।

जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने मामले की सुनवाई स्थगित कर दी, क्योंकि केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने वांगचुक की पत्नी द्वारा दायर जवाब का देने के लिए समय मांगा था।

**पत्नी ने याचिका में क्या कहा**

सुप्रीम कोर्ट ने ने 29 अक्टूबर को वांगचुक की पत्नी गीतांजलि की संशोधित याचिका पर केंद्र और लद्दाख प्रशासन से जवाब मांगा था. संशोधित याचिका के अनुसार, 'हिरासत आदेश पुरानी एफआईआर, अस्पष्ट आरोपों और काल्पनिक दावों पर आधारित है, इसका हिरासत के कथित आधार से कोई सीधा या करीबी संबंध नहीं है और इसलिए इसका कोई कानूनी या तथ्यात्मक औचित्य नहीं है'.

याचिकाकर्ता के मुताबिक, एहतियाती शक्तियों का इस तरह मनमाना इस्तेमाल सत्ता का घोर दुरुपयोग है, जो संवैधानिक स्वतंत्रता और सही प्रक्रिया के आधार पर हमला करता है. इस वजह से कोर्ट के पास इस हिरासत के आदेश को रद्द करने का अधिकार है'।

**'यह पूरी तरह से हास्यास्पद है...'**

याचिका में कहा गया है कि यह पूरी तरह से हास्यास्पद है कि लद्दाख और पूरे भारत में जमीनी स्तर पर शिक्षा, नवाचार और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तीन दशकों से ज्यादा समय तक पहचाने जाने के बाद वांगचुक को अचानक निशाना बनाया जाएगा।

**'वांगचुक के बयानों को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते'**

उन्होंने कहा कि 24 सितंबर को लेह में हुई हिंसा की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के लिए किसी भी तरह से वांगचुक के कार्यों या बयानों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता. वांगचुक ने खुद सोशल मीडिया के जरिए हिंसा की निंदा की और स्पष्ट रूप से कहा कि हिंसा लद्दाख की तपस्या और पांच साल के शांतिपूर्ण प्रयास को विफल कर देगी. उनकी पत्नी ने कहा कि 'यह उनके जीवन का सबसे दुखद दिन था'।

**26 सितंबर को हिरासत में लिए गए थे वांगचुक**

सोनम वांगचुक को 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत हिरासत में लिया गया था. इससे दो दिन पहले लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची का दर्जा देने की मांग को लेकर हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए थे. इन प्रदर्शनों में चार लोगों की मौत हो गई थी और 90 जख्मी हो गए थे. सरकार ने वांगचुक पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया था. फिलहाल उन्हें राजस्थान में जोधपुर की जेल में रखा गया है।

एनएसए केंद्र और राज्यों को व्यक्तियों को हिरासत में लेने का अधिकार देता है ताकि उन्हें भारत की रक्षा के लिए हानिकारक कार्य करने से रोका जा सके. हिरासत की अधिकतम अवधि 12 महीने है, हालांकि इसे पहले भी रद्द किया जा सकता है।

### दिल्ली में बीते डेढ़ दशक में आठवीं बार नवंबर माह में नहीं हुई बारिश, आगामी दिनों में भी वर्षा के आसार नहीं

**नई दिल्ली।** डेढ़ दशक के दौरान इस साल आठवीं बार ऐसा होने जा रहा है कि नवंबर में बिल्कुल भी वर्षा नहीं हुई। सर्दियों के इस माह में 24 दिन बीत चुके हैं, सिर्फ छह दिन शेष हैं। लेकिन मौसम विभाग के पूर्वानुमान पर जाएं तो 30 नवंबर तक राष्ट्रीय राजधानी में वर्षा होने की कोई संभावना नहीं है। सर्दियों के नवंबर माह में यूं बहुत ज्यादा वर्षा नहीं होती। लेकिन तब भी इस माह की औसत वर्षा 6.0 मिमी है। यह बात अलग है कि बहुत बार पूरा नवंबर माह ही बीत जाता है और एक बूंद नहीं बरसती। यदि विशेषज्ञों की बात की जाए तो उन्होंने इसे अच्छी स्थिति नहीं बताया है। साथ ही पर्यावरणीय व खेतीबाड़ी की दृष्टि से भी इसे नकारात्मक करार दिया है। मौसम विभाग से मिले आंकड़ों पर जाएं तो 2011 से 2025 के दौरान यह आठवीं बार होगा, जब नवंबर पूरी तरह शुष्क रहा है। इस माह में सर्वाधिक वर्षा 2010 में 26 मिमी और 2023 में 17.7 मिमी दर्ज हुई थी। जबकि इस माह का आल टाइम रिकार्ड 1972 में बना था, तब इस माह में 100.1 मिमी वर्षा हुई थी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### Noida में युवती ने 16वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या की, प्रेमी गिरफ्तार

**मृतका के भाई पिंटू राणा ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में आरोप लगाया है कि शामली के रहने वाले रक्षित ने उसकी बहन के साथ शादी का झांसा देकर उससे संबंध बनाए।**



**नोएडा** के सूरजपुर क्षेत्र थाना क्षेत्र में स्थित एक सोसाइटी में 22 वर्षीय महिला द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। अदालत ने सोमवार को आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। सूरजपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि मुजफ्फरनगर की रहने वाली युवती शालू ने शनिवार रात को सोसायटी की 16वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। वह एक बीपीओ में काम करती थी। शालू के साथ फ्लैट में चार अन्य युवक भी रहते थे।

मृतका के भाई पिंटू राणा ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में आरोप लगाया है कि शामली के रहने वाले रक्षित ने उसकी बहन के साथ शादी का झांसा देकर उससे संबंध बनाए। जब उसने शादी करने से इनकार कर दिया तो शालू मानसिक तनाव में रहने लगी थी। परिजनों के अनुसार, 21 नवंबर को शालू ने घर पर फोन कर बताया था कि रक्षित ने शादी से मना कर दिया है, जिसके बाद उसने फोन काट दिया। कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने रक्षित के खिलाफ मामला दर्ज कर रविवार शाम उसे गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पुल प्रहलादपुर और तुगलकाबाद गॉव में पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी के नेतृत्व में निकाला गया यूनिटी मार्च...

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली:** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर तुगलकाबाद विधानसभा क्षेत्र में यूनिटी मार्च पदयात्रा का आयोजन पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा किया गया। इस पदयात्रा का उद्देश्य एकता और अखंडता के संदेश को जन-जन तक ले जाना था। यह पदयात्रा पुल प्रहलादपुर में निकाली गई जिसके बाद तुगलकाबाद वार्ड में गली न0-4 छुरिया मोहल्ला (बंगाली कॉलोनी) तुगलकाबाद से शुरू हुई और नौघरा मोहल्ला गॉव तुगलकाबाद में समाप्त हुई।



सैंकड़ों की संख्या में क्षेत्र के लोग इस पत्रयात्रा में शामिल हुए और यात्रा मार्ग पर जगह-जगह गॉव के लोगों ने पूर्ण उत्साह व जोश के साथ यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया। पूर्व सांसद रमेंश बिधूड़ी ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोकर उसकी नींव मजबूत की थी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सरदार पटेल के आदर्शों पर चल रहा है। देश आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेज गति से अग्रसर है, यही एक भारत श्रेष्ठ भारत का मन्त्र है। भारत विश्व मंच पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में खड़ा है, जिसका श्रेय लौह पुरुष सरदार पटेल को जाता है। उनकी दूरदर्शिता और दृढ़ नेतृत्व ने सैकड़ों रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारतीय गणराज्य की मजबूत नींव रखी। जिसमें हमारी युवा शक्ति सबसे बड़ा आधार बनकर उभर रही है। मैं सभी युवाओं से आग्रह करता हूँ कि सरदार पटेल जी के जीवन, संघर्ष और विचारधारा को गहराई से समझें तथा उनकी प्रेरणा को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ।

# स्वतंत्र प्रभात की खबर का हुआ बड़ा असर

● मेडिकल सप्लाई कॉरपोरेशन लिमिटेड (UPM-SCL) में बड़ा एक्शनः भ्रष्टाचार के आरोप में तरू उज्जवल कुमार बर्खास्त

**इतने सालों से किसके वरदहस्त से घोटाले कर रहा था बिहार मेडिकल कॉरपोरेशन से बर्खास्त PMSCLका महा प्रबंधक उज्वल कुमार द्वारा फाइनल किए गए सारे टेंडर की जांच की जानी चाहिए**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ-उत्तर प्रदेश-** उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाई कॉरपोरेशन लिमिटेड (PMSCL) में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के चलते मेडिकल इक्विपमेंट प्रोक्योरमेंट के महाप्रबंधक (GM) उज्जवल कुमार की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं। उन पर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक (MD) उज्जवल कुमार (IAS) के समान नाम का फायदा उठाकर टेंडर प्रक्रियाओं में अनियमितताएं करने और वेंडरों को परेशान करने के आरोप थे।



सूत्रों के मुताबिक, विभाग में अक्सर लोग GM और MD के पदनाम तथा नाम समान होने के कारण भ्रमित हो जाते थे। इसी स्थिति का लाभ उठाकर तरूउज्जवल कुमार ने कई टेंडरों को प्रभावित करने, आर्थिक लेन-देन में अनियमितता और भ्रष्टाचार जैसी गतिविधियों को अंजाम दिया।

इन शिकायतों की जानकारी स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ प्रमुख सचिव (स्वास्थ्य) रहे पार्थ सारथी सेन शर्मा तक भी पहुंच चुकी थी। लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर मामले की जांच शुरू की गई जिसके बाद UPMSCL के MD ने कड़ी कार्रवाई करते हुए तरूकी सेवाएं समाप्त कर दीं।

**वेंडर भी थे उज्वल कुमार से परेशान**

GM उज्जवल कुमार के खिलाफ यह भी आरोप था कि वह वेंडरों को अनावश्यक रूप से परेशान करते थे, फाइलों में देरी और काम में अड़ंगा डालकर लाभ के लिए दबाव बनाते थे। वेंडरों की शिकायतों ने ही इस प्रकरण को तेजी से सामने लाया। माना जा रहा है कि तरूके खिलाफ आगे और भी विभागीय जांच की कार्रवाई की जा सकती है तथा अन्य कर्मियों की भूमिका भी जांच के दायरे में आएगी।

### दिल्ली ज़ू से भागे चार सियारों में से दो को पकड़ाए, अन्य की तलाश जारी

**नई दिल्ली।** पिछले शनिवार सुबह नेशनल ज़ूलॉजिकल पार्क में अपने बाड़े से भागे चार सियारों में से दो को सोमवार को एक टीम ने सुरक्षित पकड़ लिया और उनके बाड़ों में वापस भेज दिया। हालांकि, बाकी एक या दो सियारों की तलाश अभी भी जारी है। ज़ू के डायरेक्टर संजीत सिंह ने कहा कि बाकी एक या दो सियार बाड़ों के पीछे जंगली इलाके में हो सकते हैं। CCTV फुटेज पर लगातार नज़र रखी जा रही है, और स्पेशल स्क्वॉड के साथ कमजोर जगहों पर ट्रैप केज लगाए गए हैं। अधिकारियों ने कन्फर्म किया है कि जानवर विज़िटर एरिया में नहीं गए हैं, लेकिन सूत्रों से पता चला है कि भागे हुए कुछ सियार ज़ू की बाउंड्री के बाहर सुंदर नगर के पास जंगली इलाकों में देखे गए हैं। शनिवार सुबह बीट नंबर 10 में अज़ीमगंज सराय के पास घने जंगल में तीन से चार सियार देखने के बाद ज़ू के स्टाफ़ ने एक प्ले ज़ोन बनाया और उन्हें वापस उनके बाड़ों में लाने के लिए ट्रैप लगाए। अधिकारियों ने ट्रैंक्विलाइज़र भी स्टैंडबाय पर रखे हैं। एनिमल सेक्शन के स्टाफ़, सिक्योरिटी वाले और तय टीमों को पूरे ज़ू में तैनात किया गया है। इससे चिड़ियाघर की तैयारियों और बाड़े के सुरक्षा मानकों के कथित उल्लंघन को लेकर चिंता बढ़ गई है।

## मेहरौली पुलिस की बड़ी कार्रवाईः दो ऑटो-लिफ्टर व घरों में चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

● चोरी की एक बाइक और तीन मोबाइल फोन बरामद, तीन मामले सुलझे 7 पुलिस टीम को मिलेगा इनाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
स्वतंत्र सिंह भुल्लर

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस दक्षिण जिले की मेहरौली थाना टीम ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए दो सक्रिय ऑटो-लिफ्टर व घरों में चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई ई-एफआईआर संख्या 31929/2025 (धारा 305(ड्ड) क्ष्हस्) के मामले की जांच के दौरान की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आकश और मनीष के रूप में हुई है। इनकी गिरफ्तारी के साथ पुलिस ने चोरी की गई एक मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस कार्रवाई से कुल तीन चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है।घटना 21 नवंबर 2025 की है जब शिकायतकर्ता ने अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की सूचना दी थी। मामले की जांच के दौरान हेड कॉन्स्टेबल रोहिताश और टीम ने घटना स्थल व आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और स्थानीय सूत्रों को सक्रिय किया।

लगातार प्रयासों के बाद उसी दिन पुलिस टीम को आरोपियों के बारे में पुख्ता गोपनीय सूचना मिली। सूचना के आधार पर टीम ने मंडी रोड, छतरपुर स्थित टाटा प्ले ऑफिस के पास जाल बिछाया और संदिग्ध अवस्था में पहुंचे दोनों युवकों को पकड़ लिया।पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की और उनकी निशानदेही पर चोरी की बाइक तथा तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अक्ष, निवासी अलवर (राजस्थान), और मनीष, निवासी वसंत कुंज, दिल्ली, उम्र करीब 23 वर्ष, के रूप में हुई है।




पुलिस ने बताया कि इस कार्रवाई से ई-एफआईआर नंबर 31929/25, 80108123/25 (दिनांक 14.11.2025), 80080167/25 (दिनांक 28.08.2025) और 80078379/25 (दिनांक 23.08.2025) सहित तीन से अधिक मामलों का खुलासा हुआ है। मामले में शामिल पुलिस टीम को उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया जाएगा।

### यूपी के रेलवे स्टेशन पर शुरू होगा चौड़ीकरण का काम, लखनऊ मेल सहित कई ट्रेनों के बदले प्लेटफॉर्म

लखनऊ। रेलवे 17 से 26 दिसंबर तक गाजियाबाद स्टेशन के दो प्लेटफार्मों की चौड़ाई को बढ़ाएगा। इस इंजीनियरिंग कार्य के लिए रेलवे पावर ब्लाक लेगा। इसके चलते लखनऊ से गाजियाबाद की ओर जाने वाली लखनऊ मेल सहित कई ट्रेनों के प्लेटफार्म बदले जाएंगे। ट्रेन 22200 सुशासन एक्सप्रेस, 15707 कटिहार-अमृतसर आम्रपाली एक्सप्रेस, 14205 अयोध्या एक्सप्रेस, 12391 श्रमजीवी एक्सप्रेस, 14007/13/15 सदभावना एक्सप्रेस, 12229 लखनऊ मेल, 12429 एसी एक्सप्रेस परिवर्तित प्लेटफार्म नंबर चार से संचालित होंगी। इसके अलावा 22417 महामना एक्सप्रेस, 22419 सुहेलदेव एक्सप्रेस, 22361 राजेंद्र नगर -नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस, 14003 मालदा टाउन-नई दिल्ली एक्सप्रेस, 13429 मालदा टाउन-आनंद विहार एक्सप्रेस, 15909 अवध आसाम एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर चार से चलेंगी। वहीं, 12875 नीलांचल एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर पांच से रवाना होगी।

## पत्रकार पर जानलेवा हमला- लोकतंत्र पर हमला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** सुदर्शन न्यूज़ चैनल के पत्रकार सुशील अवस्थी पर अराजक तत्वों द्वारा किया गया हमला बेहद निंदनीय शर्मनाक और लोकतंत्र पर सीधा प्रहार है। यह घटना सिर्फ एक पत्रकार पर हमला नहीं बल्कि सत्ता के खिलाफ सच बोलने वाली आवाज़ को दबाने की कोशिश है।सूत्रों के अनुसार, कुछ दिन पहले सुशील अवस्थी द्वारा सत्ता में बैठे कुछ लोगों की कार्यप्रणाली और भ्रष्टाचार पर प्रश्न उठाए गए थे, जिसके बाद उन पर योजना बनाकर हमला किया गया। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब घटना की वीडियो, आरोपी की तस्वीरें और गाड़ी का नंबर पुलिस को दिया जा चुका है,तो फिर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं।

**क्या आज के दौर में पत्रकारिता करना गुनाह बन गया है**

क्या सच लिखना अब अपराध माना जाएगा सत्ता के संरक्षण में पल रहे ऐसे अपराधियों के बढ़ते हौसले लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी हैं।



यदि पत्रकार असुरक्षित है। तो कल आम नागरिक कैसे सुरक्षित होगा हम सभी पत्रकार साथियों की ओर से मांग करते हैं पत्रकार सुशील अवस्थी पर हमला करने वाले आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। आरोपियों को कठोरतम सजा मिले ताकि भविष्य में कोई भी कलम और सच की आवाज़ दबाने की हिम्मत न कर सके। सच की आवाज़ को धमकियों, हमलों और सत्ता के डर से नहीं दबाया जा सकता। कलम चलती रहेगी सच लिखा जाता रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### खौलते पानी मे गिरने से मासूम की मौत, परिजन सदमे मे

**बस्ती।** बस्ती जिले के नगर थाना क्षेत्र के पिलाई गांव में एक दर्दनाक घटना हुई है। यहां शीरा बनाने के लिए खौलाए जा रहे पानी में गिरकर 6 साल के मासूम सार्थक की मौत हो गयी। घटना उस वक्त हुई जब बारात की तैयारी हो रही थी, रसगुल्ले का शीरा बनाने के लिये पानी को खौलाया जा रहा था, उसी समय 6 वर्षीय मासूम सार्थक खौलते पानी में गिर गया और उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मुंडेरवा क्षेत्र के तुर्कौलिया गांव का सार्थक मां के साथ नगर थाना क्षेत्र के पिलाई गांव में गया था जहां पर शनिवार को बारात आनी थी और शुक्रवार को शाम बारातियों के स्वागत के लिए मिठाईयां बनाई जा रही थी। शीरा बनाने के लिए खौलाए जा रहे पानी में गिर गया। उसे बहादुरपुर पीएचसी ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। रास्ते में ही मौत हो गई। तुरकौलिया गांव निवासी हरेंद्र मौर्य मुंबई में रहकर मेहनत मजदूरी करते हैं।

### चेन स्नैचिंग व एटीएम फ्रॉड गैंग पर बड़ी कार्यवाही



**बस्ती।** बस्ती जिले की पुलिस को उस समय बड़ी सफलता मिली जब थाना कलवारी , कोतवाली और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में अंतर्जनपदीय अपराधियों से आमने सामने की मुठभेड़ हो गई। कलवारी थाना क्षेत्र के मांझा खुर्द गांव के पास अचानक शुरू हुई फायरिंग के दौरान पुलिस दल ने सूझबूझ दिखाते हुए गैंग के तीन सदस्यों को दबोच लिया। मुठभेड़ के दौरान 25 हजार रुपये का इनामिया अपराधी पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल को तत्काल कलवारी में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज जारी है। यह गिरोह लंबे समय से चेन स्नैचिंग और एटीएम बदलकर रुपये उड़ाने जैसी वारदातों को अंजाम दे रहा था।फायरिंग में थानाध्यक्ष कलवारी गजेंद्र सिंह, बड़ेबन चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह और सदर कोतवाल दिनेश चंद्र अपनी टीम के साथ बाल बाल बचे। पुलिस ने मौके से अवैध असलहे, कारतूस बरामद किए हैं। इस सफल ऑपरेशन ने जिले में पुलिस की सक्रियता और तत्परता को एक बार फिर साबित किया है। मुठभेड़ में मिली सफलता से पुलिस का मनोबल ऊंचा हुआ है और क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल और मजबूत हो गया है।

### यातायात पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देकर किया गया जागरूक



**अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने व सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात जागरूकता माह नवंबर के चौबीसवें दिन यातायात पुलिस जनपद अमेठी द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर थानाक्षेत्र गौरीगंज स्थित एमजेएस मेमोरियल ग्रीन वैली इण्टर कॉलेज गौरीगंज में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । चित्रकला प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा यातायात चिह्नों से के चित्र बनाये गये । यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 210 वाहनों का चालान कर 2,35,000 रुपये जुर्माना योजित किया गया ।

### स्कूल प्रबंधक द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद के थाना श्रीरामपुर क्षेत्र के एक स्कूल प्रबंधक द्वारा 9 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया। पीड़िता की मौसी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बच्ची का चिकित्सीय परीक्षण कराया। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील सिंह ने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। थाना श्रीरामपुर पुलिस ने अभियुक्त श्रवण कुमार सिंह को मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## विधान परिषद के गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण हेतु संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देश के क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी बस्ती ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया है कि दिनॉक 21 नवम्बर 2025 के द्वारा अर्हता तिथि 01.11.2025 के आधार पर उत्तर प्रदेश विधान परिषद के गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण हेतु संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। उन्होने बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के नियम 31(3) के अन्तर्गत सार्वजनिक नोटिस जारी किये जाने की अवधि दिनॉक 30.9.2025 मंगलवार, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के नियम 31(4) के अन्तर्गत समाचार पत्रों में नोटिस का प्रथम पुनर्प्रकाशन 15.10.2025 बुधवार, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण 1960 के नियम 31(4) अन्तर्गत समाचार पत्रों में नोटिस का द्वितीय पुनर्प्रकाशन 25.10.2025 शनिवार, फार्म 18 या 19 में आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि जैसी स्थिति हो 06.11.2025 गुरूवार, वह तिथि जिस तक पाण्डुलियों की तैयारी और आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का मुद्रण किया जाना है 27.11.2025 गुरूवार, निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 02.12.2025 मंगलवार, दावे और आपत्तिया दाखिल करने की अवधि (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के नियम 12 के अन्तर्गत) 02.12.2025 से 16.12.2025, वह तिथि जिस तक दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जायेंगा और अनुपूरक सूची तैयार और मुद्रित की जायेंगी 30.12.2025, निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 06.1.2026 मंगलवार को किया जायेंगा।

## जिलाधिकारी ने विकास कार्य का निरीक्षण कर दिया आवश्यक निर्देश



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा कपिलवस्तु में एम0पी0 हाल, गजीबो कैफेटेरिया गेट, इन्टलाकिंग, स्टोन बेंच, डस्टबिन, साइनेज साईट डेवलेपमेन्ट, टूरिस्ट फैसीलेटेशन सेन्टर, कपिलवस्तु के पर्यटन विकास कार्य, का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा समस्त कार्यो को देखा गया। जिलाधिकारी ने शाइनिंग बोर्ड लगवाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही कार्यो को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराकर समय से हैण्ड ओवर कराने का निर्देश दिया।

## सी0डी0ओ0 के हस्तक्षेप के बाद भी नहीं रुक पाया रुधौली में मनरेगा भ्रष्टाचार, सरकार को लाखों की चपत लगाने की फिराक में बीडीओ

**●विकास खण्ड रुधौली में मनरेगा योजना के अन्तर्गत बिना कार्य कराए भुगतान से जुड़ा मामला**

**-बीडीओ-प्रधान-सचिव की मिलीभगत ग्राम पंचायत छतरिया मनरेगा में फर्जी हाजिरी का खेल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले में भ्रष्टाचार इस कदर बढ़ गया है कि मुख्य विकास अधिकारी जैसे तेज तर्रार अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद भी भ्रष्टाचार नहीं रुक पा रहा है और बीडीओ रुधौली ग्राम प्रधान व सचिव से मिलीभगत करके लाखों हड़पने का जुगाड़ अन्तिम दौर में पहुँचा दिया है ।प्राप्त समाचार के अनुसार - विकासखंड रुधौली के ग्राम पंचायत छतरिया में मनरेगा योजना के तहत दो साइडो पर काम चल रहा है जहाँ 8 मस्टरोल जारी किए गए हैं, जिनमें 68 मजदूरों के नाम रजिस्टर में दर्ज हो रहा है । नजीबुल्लाह के खेत से कलावती के खेत तक 32मजदूर व मोहम्मद उमर के खेत से विजय के खेत तक 36मजदूर लेकिन जब मीडिया टीम ने मौके पर जाकर जांच की, तो वहां एक भी मजदूर काम ।

## डीएम ने कपिलवस्तु में पर्यटन विकास कार्य का किया निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा कपिलवस्तु में कपिलवस्तु (पिपरहवा) डारमेट्री हॉल, पर्यटन सूचना केन्द्र एवं कुटीर का पुर्ननिर्माण कार्य, आर्ट गैलरी, फूड प्लाजा, यात्री सहायता केन्द्र, बुद्धा थीम पार्क, बौद्ध सर्किट के अन्तर्गत कपिलवस्तु के पर्यटन विकास कार्य, का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा समस्त कार्यो को देखा गया। कार्य पूर्ण हो गया है तथा हस्तान्तरित हो गया है। जिलाधिकारी ने शाइनिंग बोर्ड लगवाने का निर्देश दिया।

## डीएम ने आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज बालापुर का किया औचक निरीक्षण, शिक्षण व आवासीय सुविधाओं में सुधार के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने शनिवार को राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज बालापुर का औचक निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्था तथा आवासीय सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उनकी शैक्षणिक प्रगति, समस्याओं व आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने विद्यालय की शिक्षण गुणवत्ता को और बेहतर बनाने पर जोर देते हुए शिक्षकों को नियमित कक्षाएं संचालित करने और विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों को अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई और अनुशासन व्यवस्था में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने आवासीय परिसर का भी बारीकी से निरीक्षण किया। साफ-सफाई, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता को परखते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दुरुस्त व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। भोजनालय पहुंचकर डीएम ने स्वयं भोजन की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने भोजन की स्वच्छता, स्वाद और पौष्टिकता सुनिश्चित करने को कहा तथा खाद्य सामग्री के सही रख-रखाव पर भी बल दिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी और विद्यालय स्टाफ मौजूद रहे। डीएम ने स्पष्ट कहा कि आश्रम पद्धति विद्यालयों में बच्चों की शिक्षा और रहने की व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## समिति/जिला पुनरीक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक कलेक्टेऊट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिला परामर्श दात्री समिति/जिला पुनरीक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक कलेक्टेऊट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने लीड बैंक मैनेजर को निर्देश दिया कि पिछली बैठक की कार्यवृत्ति में जो शिकायते प्राप्त हुयी थी, उसके सापेक्ष अनुपालन आख्या को विस्तारपूर्वक बैठक मे उपस्थित सभी मा. जनप्रतिनिधियों एवं अन्य विभागों के अधिकारियों को जानकारी दिये जाने का निर्देश दिया। आज की बैठक में लीड बैंक/अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि जनपद का सीडी रेसियों सभी बैंको को पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होने बताया कि रोजगार सृजन के लिए आमजन मानस को आरसेटी के माध्यम से रोजगार करने के लिए प्रशिक्षण दिये जाने का सुझाव दिया गया है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से आम जनमानस को रोजगार करने के लिए जानकारिया दी जायेंगी और लोगों को बैंको से ऋण प्राप्त करने के लिए सही तरीके से दी जायेंगी।

बैठक में उपस्थित मा. जनप्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया आम जनमानस को रोजगार सृजन करने के लिए बैंको द्वारा अनावश्यक रूप से दौड़ाया जाता है और उन्हें ऋण देने में आपत्तिया लगायी जाती है। यह स्थिति ठीक नही है। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि जो भी जनप्रतिनिधियों द्वारा शिकायते की गयी है। उसका गम्भीरतापूर्वक सभी बैंकर्स आम जनमानस को रोजगार सृजन हेतु ऋण उपलब्ध करायें। लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाय। पिछले वित्तीय वर्ष में जिन बैंको के सीडी रेसियों घटा है, इसमें प्रगति बढायें। जो भी कमिया आज बतायी गयी है, उसमें सभी बैंक अपने कार्यो में सुधार करने का प्रयास करें।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी बैंक प्रबंधको को निर्देश देते हुए कहा है कि मा जनप्रतिनिधिगणों का आम जनता की समस्याओं को सुनने और उसके निराकरण कराये जाने में अहम भूमिका रोल होता है। इस पर विशेष रूचि लेकर कार्य करें। उन्होने कहा कि सभी बैंको का जितना लक्ष्य दिया गया है, उसके सापेक्ष उपलब्धि प्राप्त करें। कोई भी ऋण पत्रावली पेंडिग नही होनी चाहिए। ऋणो का दिये जाने का लक्ष्य पूर्ण करने की जिम्मेदारी बैंको की है। मा. मुख्यमंत्री उ.प्र. द्वारा पी.एम. सूर्य घर योजना की उपलब्धि पर कड़े निर्देश दिये गये है। सभी बैंको पर इस योजना का लाभ लोगों को दिये जाने पर विशेष रूप से आवश्यकता है। इसके अलावा पी.एम. स्वनिधि योजना के प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक के समापन के बाद नाबार्ड के अन्तर्गत संभाव्यतायुक्त ऋण योजना 2026-27 की बुकलेट का विमोचन मुख्य विकास अधिकारी एवं मा. जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। बैठक में मा. विधायक प्रतिनिधि कप्तानगंज गुलाब चन्द्र सोनकर, विधायक सदर प्रतिनिधि मो. सलीम, महादेवा के फूलचन्द्र श्रीवास्तव, हर्रैया के सरोज कुमार मिश्र, एमएलसी प्रतिनिधि हरीश सिंह, लीड बैंक अधिकारी आर.एन. मौर्य, नाबार्ड के मनीष कुमार, आरसेटी के मृत्युंजय मिश्रा, उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र प्रताप, आरबीआई के प्रतिनिधि सहित सभी बैंक के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

## पचपेड़वा नगर पंचायत में सड़क निर्माण में भारी अनियमितता

**● ठेकेदार-अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप, किसान यूनियन भानू ने खोला मोर्चा–27 नवंबर को NH-730 जाम की चेतावनी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पचपेड़वा, बलरामपुर।** नगर पंचायत पचपेड़वा में सड़क निर्माण कार्य को लेकर गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। वार्ड नंबर 10 स्थित मरही माता मंदिर मार्ग पर हो रहे निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाते हुए किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों व राहगीरों का कहना है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, जिसके पीछे ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत साफ दिखाई दे रही है। मौके पर बने सड़क ढांचे की जांच करने पर पाया गया कि सड़क की मोटाई, बेस लेयर और इंटरलॉकिंग/कंक्रीट सामग्री में स्पष्ट रूप से कोताही बरती जा रही है। कई स्थानों पर सड़क बनने से पहले ही उखड़ने लगी है, जिससे यह स्पष्ट है कि निर्माण में निम्न स्तरीय सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह भ्रष्टाचार का खुला उदाहरण है, लेकिन शिकायतों के बावजूद नगर पंचायत प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की। इसी मुद्दे को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों ने सोमवार को स्थल का निरीक्षण कर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। यूनियन के नेताओं ने कहा कि ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारी मिलकर सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे हैं और जनता को घटिया सड़क देकर उनके साथ धोखा कर रहे हैं। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि तत्काल सड़क निर्माण की गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो यूनियन कड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। किसान यूनियन भानू ने घोषणा की है कि 27 नवंबर को नेशनल हाईवे 730 पर चक्का जाम किया जाएगा। यूनियन नेताओं का कहना है कि यह आंदोलन जनता के हक और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का हिस्सा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, कार्य को मानक के अनुसार दोबारा कराया जाए और भ्रष्टाचार में शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई हो। स्थानीय जनता का कहना है कि यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी दबोचा गया

**●बलरामपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई–रेहरा बाजार थाना क्षेत्र की घटना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** थाना रेहरा बाजार क्षेत्र में नाबालिग के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। घटना 22 नवंबर को उस समय सामने आई जब भैरवा पूरे भुलभुलिया निवासी पीड़िता के परिजन ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के ही राम महेश पुत्र किशोरी ने टॉफी और पैसों का लालच देकर नाबालिग को पास के जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर थाना रेहरा बाजार में मुकदमा संख्या 229/25 धारा 65(1) बीएनएस एवं 5/6 पोक्सो एक्ट में तत्काल अभियोग पंजीकृत कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए। निर्देशों के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे और क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेंद्र सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। 24 नवंबर को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर बाबागंज रोड स्थित बजहा मंदिर के पास घेराबंदी कर आरोपी राम महेश को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राम महेश पुत्र किशोरी, उम्र लगभग 27 वर्ष निवासी भैरवा पूरे भुलभुलिया के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के बाद उसे आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश सिंह, महिला उपनिरीक्षक दिव्या सिंह और कांस्टेबल शिवकरन यादव शामिल रहे।

## अमेरिका से खेल कर लौटे युवा को शिक्षक विधायक ने मिठाई खिला कर दी बधाई



**सिद्धार्थनगर-** जिले के उसका बाजार के मथुरा नगर वार्ड में शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी के आवास पर सोमवार को अमेरिका से दौड़ प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर लौटे युवा का समारोह पूर्वक स्वागत किया गया। कस्बा के मथुरा नगर वार्ड तेतरी खुर्द के सोमन राजभर के सुपुत्र युवा मुकेश राजभर ने अमेरिका के अर्लिन्गटन टेक्सास में आयोजित 42 किमी की दौड़ 3.35 घंटे व पांच किमी दौड़ 15.04 मिनट में पूरा किया और प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुकेश को शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने मिठाई खिला कर बधाई दिया है। इस मौके पर सभासद मयंक पाण्डेय, रामेश्वर पाण्डेय, एडवोकेट, राहुल दूबे , शक्ति जायसवाल, मनीष अग्रहरी, पंचम आदि रहे।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत डीएम ने तहसील अमेठी में चल रहे डिजिटलाइजेशन कार्य का किया स्थलीय निरीक्षण

**●ग्राम कोहरा में गणना प्रपत्र बांटने, एकत्रित करने तथा डिजिटलाइज्ड की खराब स्थिति पर की कार्यवाही**

**कोहरा में घर-घर गणना प्रपत्र वितरण में लापरवाही पर जिलाधिकारी ने बीडीओ अमेठी को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि, सचिव, बीएलओ, रोजगार सेवक, सफाई कर्मी को निलम्बित करने के निर्देश, लेखपाल को चेतावनी दी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजय चौहान ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत तहसील अमेठी सभागार में चल रहे डिजिटलाइज्ड कार्यक्रम का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों व तकनीकी सहायकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने तहसील क्षेत्र अमेठी प्राथमिक विद्यालय कोहरा में पुनरीक्षण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ उप जिलाधिकारी अमेठी आशीष सिंह मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कोहरा में प्रपत्र वितरण, एकत्रीकरण तथा डिजिटलाइज्ड किए जाने की समीक्षा की जिसकी असंतोष जनक प्रगति प्राप्त हुई जिसपर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी अमेठी बृजेश सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के साथ ही ग्राम सभा कोहरा ग्राम पंचायत अधिकारी कीर्ति सिंह, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, सफाई कर्मचारी व बीएलओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। साथ ही सुपरवाइजर/लेखपाल को चेतावनी जारी करने के निर्देश भी दिए। जिसके क्रम में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह द्वारा खंड विकास अधिकारी को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि देते हुए विकासखंड अमेठी के एसआईआर कार्यों को सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध ढंग से प्रगति सुनिश्चित करने हेतु प्रवीण कुमार खंड विकास अधिकारी को विशेष प्रभार सौंपा है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान तभी सफल होगा जब सभी अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्वों का सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाए। उन्होंने सभी को सख्त निर्देश दिए कि वे समयबद्ध तरीके से गणना प्रपत्र वितरित करें और मतदाताओं को प्रपत्र भरने की पूरी प्रक्रिया के बारे में स्पष्ट एवं समुचित जानकारी दें। उन्होंने चेताया कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को सटीक, त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाना है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न हो और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न रह जाए। उन्होंने इसे लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। ज्ञातव्य है कि यह विशेष अभियान 4 दिसंबर 2025 तक संचालित किया जाएगा, जिसके दौरान बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगे। मतदाताओं को इन प्रपत्रों को भरकर पुनः बीएलओ को जमा करना है।

## पचपेड़वा ब्लॉक की गौशालाओं में तड़प रहे गोवंश

**● भाथर और आदमतारा में बदइंतजामी की पोल–न चारा, न दाना, मौत का इंतजार कर रहे निराश्रित पशु**

**शासन से बजट जारी, मगर जमीन पर बदहाली–दोनों पंचायतों की गौशालाओं में मवेशी मरने को मजबूर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पचपेड़वा, बलरामपुर।** पचपेड़वा विकासखंड के ग्राम पंचायत भाथर एवं आदमतारा की गौशालाओं में निराश्रित गोवंश की दुर्दशा लगातार गहराती जा रही है। शासन की ओर से गौशालाओं के संचालन हेतु बजट जारी होने के बावजूद जमीनी स्तर पर हालात बेहद भयावह हैं। गौशालाओं में न हरा चारा उपलब्ध है और न ही दाना-पानी की स्थायी व्यवस्था, जिसके कारण कई गोवंश दिन-प्रतिदिन कमजोर होते हुए दम तोड़ रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि गौशालाओं में रखरखाव के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति हो रही है। वास्तविकता यह है कि कई दिनों से न तो चारा डाला गया, न ही पशुओं की नियमित देखभाल की गई है। गोवंश के सामने सूखा चारा भी उपलब्ध नहीं होने के कारण जानवर चारे के लिए इधर-उधर भटकते दिख रहे हैं। कई पशु भूख से निढाल होकर जमीन पर पड़े दिखाई देते हैं, जबकि बाकी मवेशी कंकाल जैसी स्थिति में खड़े हैं।

भाथर और आदमतारा दोनों गौशालाओं में साफ-सफाई की स्थिति भी चिंताजनक है। गौशालाओं में भारी गंदगी, बदबू और फफूंद जैसी परिस्थिति पशुओं के स्वास्थ्य को और खराब कर रही है। ग्रामीणों के मुताबिक, गौशालाओं में तैनात कर्मचारियों की उपस्थिति 'कागजी' है, जबकि वास्तविक रूप से वहां कोई जिम्मेदार व्यक्ति मौजूद नहीं रहता। ग्रामीणों ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि कई बार शिकायतें दर्ज होने के बावजूद अधिकारी मौके पर जांच करने नहीं पहुंचे। यदि अधिकारियों ने समय रहते संज्ञान लिया होता तो गोवंश की जानें बचाई जा सकती थीं। अब भी अनेक पशु गंभीर हालत में हैं जिन्हें तत्काल चारा-दाना और उपचार की जरूरत है। ग्रामीणों का आरोप है कि शासन द्वारा दी जा रही धनराशि आखिर कहां जा रही है, इसकी उच्चस्तरीय जांच आवश्यक है। बिना चारे और देखभाल के गोवंश की यह स्थिति न केवल गंभीर लापरवाही को दर्शाती है, बल्कि जिम्मेदारों की कार्यशैली पर बड़े प्रश्नचिह्न खड़े करती है।

स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही चारा-दाना, पानी और पशु चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई तो आने वाले दिनों में और भी गोवंश की मौतें होने की आशंका है। ग्रामीणों ने दोषियों पर कार्रवाई और गौशालाओं की नियमित मॉनिटरिंग की भी मांग उठाई है, ताकि भविष्य में ऐसी भयावह स्थिति दोबारा न उत्पन्न हो।

## आईटीआई पट्टी में रोजगार मेले का आयोजन 27 नवम्बर को

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ द्वारा 27 नवम्बर को पूर्वान्ह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मुजाही बाजार पट्टी में किया गया है, जिसमें निजी क्षेत्र की 07 कम्पनियों द्वारा आपरेटर, ट्रेनी, ट्रेनी आपरेटर, पैकर्स एण्ड मुवर्स/स्टोर एसोसिएट, बेलनेस एडवाइजर, एरिया आफिसर, टेक्नीशियन के रिक्त पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ पंजीयन प्रपत्र, मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र, सीवी एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिये सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in/ncs.gov.in पर आनलाइन पंजीयन करें।

# संक्षिप्त खबरें

## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैराबाद में जनपद स्तरीय योग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**सीतापुर** आज दिनांक 24-11-2025 को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैराबाद सीतापुर में आदरणीय उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य जी के मार्गदर्शन में जनपद स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जनपद सीतापुर के विभिन्न विकास खंडों से परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें महिला वर्ग में प्रथम स्थान त्रिवेंद्रम चौधरी (स0अ0, प्रा0 वि0 डिंगुरापुर, लहरपुर) एवं पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान *मनोज कुमार (इ0प्रा0अ0 प्रा0 वि0 लोधासा, सकरन) प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन पर आदरणीय उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य जी द्वारा समस्त प्रतिभागियों को योग द्वारा शरीर, मन और भावनाओं को संतुलित करने एवं तालमेल बनाने का एक सशक्त साधन बताया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में श्री राज शर्मा (जिला व्यायाम शिक्षक), श्रीमती लॉन्ग श्री यादव, एवं श्री वागीश अवस्थी ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण को योगदान दिया। उक्त प्रतियोगिता का संचालन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री ईश महान शुक्ल ने किया। उक्त प्रतियोगिता में संस्थान के सभी प्रवक्ता साथी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक – दहेज, बाल विवाह व महिला सुरक्षा पर दी गई जानकारी



**बलरामपुर।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत थाना महराजगंज तराई की एंटी रोमियो टीम एवं मिशन शक्ति टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम शासन की पहेल पर जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के नेतृत्व में की गई। इस अवसर पर महिला आरक्षी सपना राज महिला आरक्षी अनीता गुप्ता महिला आरक्षी पूजा यादव द्वारा छात्राओं एवं महिलाएं को संबोधित करते हुए दहेज प्रथा, बाल विवाह, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध एवं आत्मनिर्भरता दहेज उत्पीड़न घरेलू हिंसा कानून तीन नए कानून से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत दहेज लेना या देना दोनों ही दंडनीय अपराध हैं।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य आरक्षी तेरस राम यादव द्वारा छात्राओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वृद्धा पेंशन योजना एवं विधवा पेंशन योजना पारिवारिक लाभ शौचालय प्रधानमंत्री आवास सामूहिक विवाह आदि की जानकारी दी गई, ताकि वे इनका लाभ प्राप्त कर सकें।

आरक्षी पवनेश कुमार द्वारा छात्राओं महिलाओं को वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस 108, गर्भवती महिलाओं के लिए 102, साइबर हेल्पलाइन 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। मुख्य आरक्षी ओमप्रकाश द्वारा छात्राओं को मिशन शक्ति केंद्र व महिला साइबर सेल के कार्यों से भी अवगत कराया गया। टीम ने उपस्थित छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं, हालांकि किसी ने कोई शिकायत नहीं की। कार्यक्रम में हेड कांस्टेबल तेरस राम यादव, महिला कॉन्स्टेबल सपना राज, महिला कॉन्स्टेबल पूजा यादव महिला कॉन्स्टेबल अनीता गुप्ता, कॉन्स्टेबल पवनेश कुमार एवं हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश की भूमिका सराहनीय रही। छात्राओं में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। अंत में मिशन शक्ति टीम ने सभी को कानून का पालन करने और समाज में महिला सुरक्षा व सम्मान की भावना को सशक्त बनाने का संदेश दिया।

# अतिक्रमण के लाल निशानों पर व्यापारियों का विरोध डीएम से की मुलाक़ात, मिला निष्पक कार्रवाई का आश्वासन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर शहर में लोक निर्माण विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए लगाए गए लाल निशानों ने सोमवार को व्यापारी और गृहस्वामियों को एकजुट कर दिया लालबाग चौराहे से काशीराम कॉलोनी तक दोनों ओर लगाए गए लाल निशानों पर नागरिकों ने गंभीर आपत्ति जताई डीएम से व्यापारियों ने मिलकर समस्या के समाधान से निजात दिलाने की मांग की लोगों का कहना है कि विभाग ने पुराने कब्जों को नजर अंदाज कर मनमाने ढंग से केवल कुछ चुनिंदा भवनों को ही निशाना बनाया है कथित गलत निशानों से नाराज़ सैकड़ों की संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम राजा गणपति से मुलाकात की।

व्यापारियों ने बताया कि डीएम से मुलाकात के बाद यह तथ्य सामने आया है कि जिलाधिकारी को ही इन निशानों की जानकारी नहीं थी, जिससे लोगों का आक्रोश और बढ़ गया। व्यापारियों और डीएम के बीच करीब तीन मिनट तक लंबी वार्ता चली प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट कहा कि वे विकास कार्यों के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन कार्रवाई पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए उनका आरोप था कि बिना किसी पैमाइश और विधिक प्रक्रिया के मनमाने तरीके से घरों व दुकानों को चिह्नित कर दिया गया है लोगों के भारी दबाव को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए आश्वासन दिया कि किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी तरह नियमानुसार, सही पैमाइश और दस्तावेज़ों की जांच के बाद ही की जाएगी उन्होंने प्रदर्शनकारियों से दो दिन बाद पुनः मिलने के लिए कहा है जब प्रशासन अंतिम और पारदर्शी निर्णय प्रस्तुत करेगा!!

## केपी सिंह मेमोरियल इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी मे पांच दिवसीय खेल प्रतियोगिता हुई आयोजित

**● इंजीनियर रोहित सिंह संयोजक लोग भारती सीतापुर के द्वारा प्रतियोगिता का फीता काट कर किया गया शुभारंभ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लहरपुर सीतापुर** पांच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन के पी सिंह मेमोरियल इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी मे कॉलेज के मैदान में आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में इंजीनियर रोहित सिंह सहसंयोजक लोक भारती जिला सीतापुर के द्वारा फीता काटकर किया गया। उन्होंने बताया खेलकूद से शारीरिक व्यायाम और मस्तिष्क का विकास होता है कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया विद्यालय स्तर पर सभी प्रकार के खेलों का आयोजन अवश्य होना चाहिए क्योंकि प्रतिभाएं गांव से ही निकाल कर स्टेट लेवल व नेशनल स्तर पर पहुंचती हैं अगर हम अपने छात्रों को सही दिशा निर्देश हुआ कुशल मार्गदर्शन करेंगे तो निश्चित ही हमारे विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं एशियाड से लेकर ओलंपिक तक पहुंच सकते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डायरेक्टर अनूप कुमार सरवैय्या तथा ऐश्वर्य प्रताप सिंह प्रधानाध्यापक व शिवपूजन सिंह डॉक्टर रिजवान जाफर वैशाली मंगलानी समेत छात्र एवं छात्राएं मौजूद रहे कार्यक्रम में 100 मीटर रेस क्रॉस एंट्री रेस ऑक्टोपस रेस कबड्डी खो खो वॉलीबॉल बैडमिंटन आदि खेलों का आयोजन होना है।

## लखनऊ सहित देश भर में रेल आरक्षण का नया वर्जन ठप, तत्काल टिकट में लग रहा और अधिक समय




**लखनऊ।** रेल आरक्षण केंद्रों के सिस्टम को अपग्रेड करते हुए जो नया वर्जन लागू किया गया है, वह सोमवार शाम 6:27 बजे लखनऊ सहित देश भर में ठप हो गया। इस कारण रेल आरक्षण से जुड़े काम ठप हो गए। रेलकर्मियों ने जब इसकी शिकायत उच्च स्तर पर अधिकारियों से की तो बताया गया कि यह सिस्टम काम नहीं कर रहा है। पुराने सर्वर को ही शुरू करके रेल आरक्षण शुरू किया गया है। नए वर्जन में आइआरसीटीसी के अप्लीकेशन की तरह ही यात्रियों की सारी डिटेल भरने के बाद टिकट जारी होते हैं। इस सिस्टम के लागू होने के बाद आरक्षण केंद्रों के काउंटरों पर तत्काल कोटे का टिकट बनाने में अब पहले से अधिक समय लगता है। अप्लीकेशन में यात्री की पूरी जानकारी भरने के एक मिनट बाद ही टिकट प्रिंट हो पाता है।

# आचार्य नरेंद्र देव टीचर्स ट्रेनिंग पीजी कॉलेज, सीतापुर में आईएएनआरसी के अंतर्गत राष्ट्रीय सेमिनार संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीतापुर।** आचार्य नरेंद्र देव टीचर्स ट्रेनिंग पीजी कॉलेज, सीतापुर में आईएएनआरसी (IATE-NRC) के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का सफल एवं गरिमामय समापन हुआ। 'ट्रांसफॉर्मिंग टीचर एजुकेशन फॉर विकसित भारत' विषय पर केंद्रित इस संगोष्ठी में देशभर के केंद्रीय विश्वविद्यालयों, राज्य विश्वविद्यालयों और राष्ट्रीय महत्व के शैक्षणिक संस्थानों से आए शिक्षाविदों, शोधार्थियों तथा विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। उद्घाटन सत्र : 'शिक्षक–एक सामाजिक अभियंता' उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रोफेसर एन. एन. पांडे, पूर्व विभागाध्यक्ष एवं शंकर अध्यक्ष, एम. जे. पी. रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली ने कहा कि 'शिक्षक एक सामाजिक अभियंता होता है। समाज की स्थिति काफी हद तक शिक्षकों की स्थिति पर निर्भर करती है। वर्तमान समय मूल्य-संकट का समय है, ऐसे में शिक्षक की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है।' विशिष्ट अतिथि तथा IATE की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर अनीता रस्तोगी, विभागाध्यक्ष शिक्षा विभाग, जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली ने बताया कि 'IATE की स्थापना 1950 में हुई थी और शिक्षक शिक्षा नीतियों के क्रियान्वयन में इसका अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है।' उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि सीतापुर में आयोजित यह सेमिनार, IATE की क्षेत्रीय समिति के अंतर्गत होने वाला पहला सेमिनार है, जो अपने आप में उल्लेखनीय उपलब्धि है। विचार-विमर्श एवं तकनीकी सत्र सेमिनार के दौरान विभिन्न पैनल चर्चाओं एवं तकनीकी सत्रों में विद्वानों ने शिक्षक शिक्षा, नई शिक्षा नीति, नवाचार, डिजिटल लर्निंग, मूल्य-आधारित शिक्षा तथा विकसित भारत के निर्माण में शिक्षक की भूमिका पर अपने शोध एवं विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने सक्रिय संवाद द्वारा सत्रों को अत्यंत समृद्ध बनाया। समापन सत्र : 'समाधान का हिस्सा बने शिक्षक'

समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रोफेसर प्रदीप मिश्रा, निदेशक, NIEPA (राष्ट्रीय शैक्षिक प्रबंधन एवं नियोजन संस्थान), नई दिल्ली ने कहा कि 'समाज में शिक्षक की भूमिका सर्वोपरि है। परिवर्तन की शुरुआत स्वयं से होती है। यदि शिक्षक प्रतिक्षेप में ही उलझा रहेगा तो समाज को दिशा नहीं मिल सकती। शिक्षक को समस्या नहीं, समाधान का हिस्सा बनना होगा।' आईएएनआरसी के महासचिव प्रोफेसर कौशल किशोर, विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग, जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली ने सीतापुर में आयोजित उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि 'सीमित संसाधनों के बावजूद AND कॉलेज ने जो स्तर प्रस्तुत किया है, वह बेहद प्रेरणादायक है।' उन्होंने बताया कि सेमिनार में पारित संस्तुतियाँ भारत सरकार को भेजी जाएँगी, जिनका भावी शिक्षक-शिक्षा नीतियों पर सार्थक प्रभाव पड़ेगा। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का संयोजन व संचालन प्रोफेसर सुनील कुमार, सचिव, IATE-NRC द्वारा किया गया, जबकि प्रोफेसर प्रणिता सिंह आयोजन सचिव रहीं। समापन सत्र में प्रबंध समिति के माननीय सदस्य श्री राम शंकर अवस्थी (प्रबंधक) तथा श्री गया प्रसाद मिश्र (अध्यक्ष) की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ, क्षेत्रीय नागरिक, पत्रकार एवं विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता दर्ज की। दो दिवसीय विद्वत-विमर्श राष्ट्रगान के साथ गरिमापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।

## मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण धान खरीद कर लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करें अवधेश कुमार सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र**/दिनांक 24 नव बर, 2025 सहकारिता विभाग ने सोनभद्र जनपद में चल रहे धान खरीद अभियान को तेज करने और उसमें गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण शुरू कर दिया है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, देवेन्द्र कुमार सिंह के निर्देश पर, एडीसीओ (सहायक विकास अधिकारी, सहकारिता) रॉबर्ट्सगंज, अवधेश कुमार सिंह ने आज पीसीएफ (PCF) के दो महत्वपूर्ण क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। एडीसीओ अवधेश सिंह ने रामपुरी उर्फ तरावाँ और गयारतवल बीपैक्स (B-PACS) धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर खरीद की स्थिति का जायजा लिया। रामपुरी उर्फ तरावाँ क्रय केंद्र पर पाँच किसानों से 306.80 क्विंटल धान की खरीद पाई गई। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि एक किसान से 80 क्विंटल धान की खरीद हुई है, लेकिन वह अभी तक ऑनलाइन प्रदर्शित नहीं हो रही है। एडीसीओ सदर ने केंद्र प्रभारी उमेश सिंह को निर्देश दिया कि वह तुरंत इस खरीद को ऑनलाइन कराना सुनिश्चित करें। गयारतवल बीपैक्स क्रय केंद्र इस केंद्र पर दो किसानों से 228 क्विंटल धान की खरीद दर्ज की गई। केंद्र सचिव महेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि आज किसान राजवेन्द्र पुरी के लगभग 50 क्विंटल धान की खरीद होने जा रही है। निरीक्षण के उपरांत, एडीसीओ अवधेश सिंह ने दोनों केंद्र प्रभारियों को स त चेतावनी देते हुए निर्देश दिया कि मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण धान की खरीद सुनिश्चित की जाए। खरीद में तेजी लाकर निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करें। एडीसीओ ने किसान हित में यह भी निर्देशित किया कि केंद्र प्रभारी सभी किसानों को यह अवगत करा दें कि वे। धान को साफ करके लाएँ। धान को सुखा कर ही क्रय केंद्र पर लाएँ, ताकि वह मानक पर खरा उतर सके। किसान बिना पूर्व सूचना के केंद्र पर धान न लाएँ, ताकि भीड़ से बचा जा सके और खरीद व्यवस्थित ढंग से हो।



गयारतवल केंद्र पर उपस्थित भाजपा के मंडल अध्यक्ष रामबली मौर्य, महेंद्र यादव तथा अन्य किसानों को एडीसीओ ने खरीद योग्य धान के मानक के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। निरीक्षण के दौरान दोनों क्रय केन्द्रों पर धान खरीद से संबंधित समस्त आवश्यक उपकरण जैसे, बैनर, इलेक्ट्रॉनिक काँटा, नमीमापक यंत्र, पावर डस्टर, आवश्यक स्टेशनरी, उपलब्ध पाई गई। निरीक्षण के समय केंद्र प्रभारी उमेश सिंह, महेंद्र सिंह, संजय कुमार, किसान राजवेन्द्र पुरी, महेंद्र यादव समेत क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।

## पहले लेट और फिर कैंसिल हुई लखनऊ से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट, दो दर्जन से ज्यादा उड़ानों पर पड़ा असर



**लखनऊ।** उत्तर भारत के कई राज्यों में कोहरे की दस्तक और परिचालन कारणों से विमान सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर घरेलू और इंटरनेशनल विमानों के यात्री सोमवार को परेशान हुए। एयर इंडिया एक्सप्रेस की लखनऊ से दिल्ली जाने वाला एक विमान पहले लेट बताया गया, उसके बाद निरस्त कर दिया गया। यात्री अपना रिफंड पाने के लिए भटकते रहे। शिकायत दर्ज कराते हुए यात्री शशांक दीक्षित ने बताया कि उन्होंने लखनऊ से बेंगलुरु के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट में टिकट बुक कराया था। लखनऊ से एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान एआइ-9758 से उनको शाम 7:30 बजे रवाना होना था। पहले तो विमान को देरी से आने की सूचना दी गई। शशांक दीक्षित का कहना है कि बाद में विमान निरस्त कर दिया गया। अपने टिकट का रिफंड पाने के लिए वह परेशान होते रहे।

# स्टांप शुल्क वृद्धि के विरोध में लायर्स एसोसिएशन और बार एसोसिएशन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां/सीतापुर।** जमीनों के मूल्यांकन सूची में बड़े पैमाने पर किए गए बदलाव और किसानों की भूमि पर स्टांप शुल्क बढ़ाए जाने का विरोध तेज हो गया है। बिसवां लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेंद्र बाजपेई, मंत्री सत्य प्रकाश सिंह तथा बिसवां बार एसोसिएशन ने सोमवार को एसडीएम बिसवां शिखा शुक्ला को पृथक-पृथक ज्ञापन सौंपा। दोनों ज्ञापन जिलाधिकारी सीतापुर के नाम संबोधित थे। एसोसिएशनों ने बढ़े हुए स्टांप शुल्क को तत्काल कम करने की मांग उठाई। अधिवक्ताओं ने कहा कि बिसवां तहसील का अधिकांश हिस्सा गंजरी क्षेत्र में आता है, जो हर वर्ष बाढ़ से प्रभावित रहता है। यहां के किसान पूरी तरह कृषि पर निर्भर हैं और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें जमीन का क्रय-विक्रय करना पड़ता है। ऐसे में स्टांप शुल्क में भारी वृद्धि किसानों को गंभीर संकट में डाल देगी। अधिवक्ताओं ने चेताया कि बढ़े हुए शुल्क के कारण किसान अपनी भूमि का क्रय-विक्रय एवं नामांकन कराने में असमर्थ हो जाएंगे, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक कमजोर होगी। इसलिए शुल्क वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाना आवश्यक है।

ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश श्रीवास्तव, ब्रजेश गुप्ता, राकेश सिंह, वीरेंद्र शुक्ला, ओमजी शुक्ला, आर.एन. सिंह, राज किशोर यादव, अशोक वर्मा, पुत्ती लाल वर्मा, सूर्य प्रसाद यादव, नीरज कुमार श्रीवास्तव, इंतिखाब आलम सिद्दीकी, संतोष कठेरिया, मनोज गुप्ता, शिशुपाल यादव, प्रमोद यादव, रेनू राजपूत, कीर्ति शुक्ला सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से होता है कई जन्म के पापों का नाश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बख्शी का तालाब लखनऊ।** इटौंजा के लोधौली में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के अवसर पर दूसरे दिन संगीतमय कथा का रसपान कराते हुए कथा व्यास पंडित हरिशंकर जी महाराज ने कहा बताया कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मनुष्य के कई जन्मों के पापों का क्षय हो जाता है। हमें भागवत कथा सुनने के साथ साथ उसकी शिक्षाओं पर भी अमल करना चाहिए। उन्होंने बताया कि वामन अवतार के रूप में भगवान विष्णु ने राजा बलि को यह शिक्षा दी कि दंभ और अंहकार से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं होता और यह धन संपदा क्षण भंगुर होती है। इसलिए इस जीवन में परोपकार करों। उन्होंने बताया कि अहंकार, गर्व, घृणा और ईषर्या से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। ईषालु व्यक्ति अपने जीवन में कभी तरक्की नहीं कर सकता। ऐसे व्यक्तियों को भगवान सूर्य, वायु, नदियों, बादलों व वृक्षों इत्यादि से प्रेरणा लेनी चाहिए।

भगवान सूर्य बिना किसी भेदभाव के सृष्टि के सभी प्राणियों को अपना प्रकाश देते हैं। वायु सभी जीवों में प्राणों का संचार करती है। बादल परोपकार के लिए गरजते हुए वर्षा करते है, नदियां किसी से नहीं पूछती कि तुम मेरा जल क्यों पीते हो और वृक्ष भी किसी व्यक्ति से यह नहीं पूछते कि तुम मेरे फल क्यों तोड़ते हो, लेकिन स्वार्थी मानव इर्ष्यालु होता जा रहा है। यदि अपना उद्धार करना चाहते हो तो परोपकार में अपना जीवन लगाओ, जिससे तुम्हारा कल्याण होगा। इसके पूर्व कथा के आयोजन राजेंद्र सिंह व बृजेंद्र सिंह ने कथा वाचक का माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं सुनने आए श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया इस दौरान नरेंद्र प्रताप सिंह (पुल्ली),एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे कथा का समापन 30 नवंबर को प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा।



## दो पक्षों में विवाद चली गोली थर्राया इलाका महिला के पैर में लगी गोली, बाइक से कीचड़ उछलने पर हुआ विवाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के हरगांव थाना क्षेत्र के खेदरापुर गांव में रविवार देर शाम दो पक्षों के बीच हुए विवाद में एक महिला को गोली लग गई यह घटना बाइक से कीचड़ उछलने जैसी मामूली बात पर शुरू हुई थी, जिसमें गांव का एक हिस्ट्रीशीटर आरोपी है। गोली लगने से पूरे गांव में हड़कंप मच गया जानकारी के अनुसार, खेदरापुर निवासी पीएन सिंह और हिस्ट्रीशीटर प्रदीप सिंह के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही है रविवार शाम पीएन सिंह अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सड़क पर जमा पानी से उछला कीचड़ पास से गुजर रहे प्रदीप सिंह पर गिर गया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई विवाद बढ़ता देख पास में रहने वाली मंजरी पांडेय छत से उतरकर बाहर खेल रहे अपने बच्चे को लेने दौड़ीं। इसी दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी मारपीट में बदल गई आरोप है कि प्रदीप सिंह अपने घर से अवैध तमंचा लेकर आया और पीएन सिंह को निशाना बनाकर फायरिंग कर दी। तमंचे से चली गोली मंजरी पांडेय के पैर में जा लगी, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ीं महिला के घायल होते ही प्रदीप सिंह मौके से फरार हो गया घटना की सूचना मिलते ही हरगांव थाना प्रभारी बलवंत शाही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे पुलिस ने घायल मंजरी पांडेय को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जिला अस्पताल में महिला का इलाज जारी है पुलिस ने आरोपी हिस्ट्रीशीटर प्रदीप सिंह की तलाश में दबिश देना शुरू कर दिया है सीओ सदर नेहा त्रिपाठी ने घायल महिला के बयान दर्ज किए हैं और मामले की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है!!

## भदोही में हुए फैक्ट्री हादसे का सीएम योगी ने लिया संज्ञान, अधिकारियों को दिए ये निर्देश



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद भदोही में फैक्ट्री में हुए हादसे का संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री जी ने जिला प्रशासन के आलाधिकारियों को तत्काल घटनास्थल पर पहुंचने का निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। दरअसल, औराई क्षेत्र के सूर्या कालीन फैक्ट्री में जहरीली गैस लीक होने से 3 लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक मैकेनिक गंभीर रूप से घायल है। मुख्यमंत्री जी ने घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायल के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंसकर हुई व्यक्ति की मौत, मोहिबुल्लापुर स्टेशन पर हुआ हादसा, सीतापुर सीएचसी में तोड़ा दम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर में रविवार देर रात शाम मैलानी पैसेंजर ट्रेन पर एक दर्दनाक हादसे में 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, लखनऊ के मोहिबुल्लापुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पर चढ़ते समय व्यक्ति का पैर फिसल गया, जिससे वह ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि हादसा उस वक्त हुआ जब ट्रेन धीरे-धीरे प्लेटफॉर्म से सरक रही थी और व्यक्ति तेजी से चढ़ने की कोशिश कर रहा था प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, व्यक्ति गिरने के बाद कुछ दूरी तक घसीटता चला गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई। मौके पर मौजूद लोगों ने जीआरपी पुलिस की मदद से तत्काल मदद करते हुए घायल को ट्रेन में ही बैठाया और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की बाद में उसे सीएचसी सिधौली पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया चिकित्सकों ने बताया कि अत्यधिक चोट लगने व रक्तस्राव के कारण उसकी मौत होने की संभावना है। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। उसकी जेब से लखनऊ से लखीमपुर का रेलवे टिकट बरामद हुआ है, साथ ही उसके पास एक कपड़े का झोला भी मिला है। पुलिस का कहना है कि टिकट के आधार पर उसकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि वह लखनऊ से काम खत्म करने वापस लखीमपुर जा रहा था रेलवे प्रशासन और पुलिस टीम ने घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को भेज दी है। मौके पर मिले सुरागों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर जांच जारी है पुलिस यात्रियों और स्थानीय लोगों से भी मृतक की पहचान बताने की अपील कर रही है। स्टेशन पर हुई इस दुर्घटना से रेलवे में सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठे हैं हादसे के बाद स्टेशन पर मौजूद यात्रियों में शोक की लहर फैल गई। अधिकारियों ने लोगों से ट्रेन पर चढ़ने-उतरने के समय सावधानी बरतने की अपील की है प्रारंभिक जांच में प्रतीत होता है कि लापरवाही और जल्द बाज़ी इस घटना का प्रमुख कारण बना है!!



## यूपी में दीपक कुमार और अर्चना अग्रवाल सहित 32 IAS होंगे सेवानिवृत्त, 26 PCS अधिकारी भी होंगे रिटायर; लिस्ट जारी

**लखनऊ।** यूपी काडर के 32 आईएएस अधिकारी व 26 पीसीएस अधिकारी अगले वर्ष सेवानिवृत्त हो जाएंगे। नियुक्ति विभाग ने इन अधिकारियों की सूची जारी करते हुए विभाग को निर्देश दिया गया है कि तय समय पर इनकी सभी देयों के संबंध में प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। वर्ष 2026 में सेवानिवृत्त होने वालों में कृषि उत्पादन आयुक्त एवं आइआइडीसी दीपक कुमार और अपर मुख्य सचिव अर्चना अग्रवाल व अमित घोष प्रमुख हैं। अगले वर्ष की शुरुआत यानी जनवरी 2026 में पांच आईएएस अधिकारी सेवानिवृत्त होंगे। इसमें आगरा के मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह भी हैं। फरवरी में डॉ. देवेश चतुर्वेदी, सुभाष चंद्र शर्मा सहित चार आईएएस अधिकारी रिटायर होंगे। राजस्व परिषद के चेयरमैन अनिल कुमार मई में सेवानिवृत्त होंगे। अपर मुख्य सचिव परिवहन अर्चना अग्रवाल सितंबर और कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार अक्टूबर में रिटायर होंगे। केंद्र में तैनात कामरान रिजवी भी अक्टूबर में रिटायर हो जाएंगे। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा अमित घोष दिसंबर 2026 में सेवानिवृत्त होंगे। इनके साथ ही 26 पीसीएस अधिकारी भी रिटायर होंगे। नियुक्ति विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि इन अधिकारियों के सेवा अभिलेखों से इनकी जन्मतिथि और सेवानिवृत्ति तिथि का मिलान कर लिया जाए। इसमें कोई अंतर हो तो उसे नियुक्ति विभाग को बता दिया जाए। इसके साथ ही सत्यापित सेवा विवरण, औसत वेतन विवरण पेंशन निदेशालय को यथा समय भिजवा दिया जाए। अवकाश नकदीकरण का आदेश समय से जारी कर दिया जाए, जिससे सेवानिवृत्ति के समय अधिकारियों को किसी तरह परेशानी न होने पाए।

# श्रीराम की नगरी में ध्वजारोहण: सनातन परंपरा के पुनर्जागरण का क्षण

अयोध्या एक बार फिर इतिहास के ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहाँ धर्म, संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना एक साथ संगठित होकर एक नए युग का संकेत दे रहे हैं। 25 नवंबर 2025 को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर भगवा धर्मध्वज का ध्वजारोहण उसी चेतना का उत्सव है–एक धार्मिक आयोजन से कहीं अधिक, यह भारत की आत्मा में निहित सनातन परंपरा और उसके पुनर्जागरण का उद्घोष है। जो दृश्य उस दिन अयोध्या के आकाश में उकेरा जाएगा, वह केवल मंदिर की ऊँचाइयों तक सीमित नहीं रहेगा; वह करोड़ों भारतीयों के मन, विश्वास और स्मृतियों में अमिट रूप से अंकित होगा। श्रीराम जन्मभूमि का पुनर्निर्माण अपने आप में एक लंबी सांस्कृतिक यात्रा का परिणाम है। 5 अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखी गई आधारशिला ने जिस परिवर्तन की शुरुआत की थी, उसे 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा ने एक व्यापक आध्यात्मिक आयाम प्रदान किया। लगभग पाँच वर्षों की सतत साधना, निर्माण और संगठित प्रयासों के बाद मंदिर अपने पूर्ण रूप में खड़ा हुआ। अब, जब शिखर पर धर्मध्वज फहरने वाला है, यह न केवल निर्माण की भौतिक पूर्णता का प्रतीक है, बल्कि उस सांस्कृतिक संकल्प की परिणति भी है, जो सदियों से भारतीय समाज में जीवित रहा–चाहे समय कितना कठिन क्यों न रहा हो। मंदिर के शिखर पर धर्मध्वज फहराना कोई साधारण परंपरा नहीं। सनातन धर्म की मान्यता में ध्वज देवता की उपस्थिति, ऊर्जा और संरक्षण का चिन्ह माना जाता है। गरुड़ पुराण सहित विभिन्न ग्रंथ इस परंपरा के महत्व को स्पष्ट करते हैं। अयोध्या में फहराया जाने वाला भगवा ध्वज वीरता, त्याग और संकल्प का रंग लिए हुए है–रघुकुल की उस गौरवशाली विरासत का प्रतीक, जिसमें सत्य और मर्यादा को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। ध्वज पर अंकित सूर्य इक्ष्वाकु वंश की निरंतरता का प्रतीक है, ? समस्त ब्रह्मांड की चेतना का, और कोविदार वृक्ष अयोध्या की सांस्कृतिक स्मृति का। ये तीनों प्रतीक मिलकर एक ऐसी पहचान निर्मित करते हैं, जो आधुनिक भारत को अपनी जड़ों से जोड़ती है। ध्वजारोहण का दिन, 25 नवंबर, संयोगवश विवाह पंचमी भी है। परंपरा के अनुसार इसी तिथि पर त्रेतायुग में प्रभु राम और माता सीता का विवाह संपन्न हुआ था। यह तिथि विवाह, सामंजस्य और पवित्र संबंधों का प्रतीक है। ऐसे पावन दिन मंदिर के शिखर पर धर्मध्वज का आरोहण समाज को संतुलन, शांति और धर्म की पुनर्स्थापना का संदेश देता है। यही कारण है कि यह आयोजन केवल धार्मिक रस्म नहीं लगता, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सव का भी रूप ले लेता है। ध्वज का निर्माण और उसकी संरचना भी आधुनिक भारत के तकनीकी आत्मविश्वास की झलक देती है। इसे मजबूत पैराशूट फैब्रिक से तैयार किया गया है ताकि यह तेज हवाओं में भी अडिग लहराता रहे। 42 फुट ऊँचे लोहे के ध्वजदंड को 360 डिग्री घूमने वाली बॉल बेयरिंग तकनीक से सुसज्जित किया गया है, जो गतिशीलता और अनुकूलनशीलता का प्रतीक है। यह ध्वज केवल किसी धार्मिक स्थल पर फहरने वाला निशान नहीं, बल्कि एक ऐसी जीवंत सांस्कृतिक धुरी है, जो परिवर्तन के साथ भी अपनी आत्मा को स्थिर रखती है–एक ऐसा धर्मचक्र जो रुकता नहीं, बदलता है और प्रेरित करता है। इस भव्य आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति इसे राष्ट्रीय महत्व का स्वर देती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और देशभर के संत-महंतों एवं विद्वानों की मौजूदगी इसे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक नेतृत्व का समागम बनाती है। जब इतने विविध पक्ष एक मंच पर एक ही उद्देश्य के लिए एकत्र होते हैं, तो यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं रहता–यह समाज में एकता, समरसता और साझा मूल्यों की पुनर्पुष्टि भी बन जाता है। ध्वजारोहण का राजनीतिक आयाम भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। यह आयोजन उस सांस्कृतिक राजनीति का हिस्सा है, जिसने भारत में अपनी जड़ों की ओर लौटने की एक नई धारणा को जन्म दिया है। लंबे समय तक विभाजन, दमन और वैचारिक संघर्षों के बाद भी भारतीय समाज ने अपनी सांस्कृतिक पहचान को सँजोकर रखा, और आज वह पहचान पुनः सार्वजनिक जीवन में पूरी शक्ति और सक्रियता के साथ उभर रही है। कुछ आलोचक इसे राजनीतिकरण कह सकते हैं, लेकिन लाखों लोगों के लिए यह आत्मसम्मान, सांस्कृतिक पुनरुत्थान और इतिहास की न्यायपूर्ण पुनर्स्थापना का क्षण है। अयोध्या का यह ध्वजारोहण विश्वभर के रामभक्तों के लिए भी एक अनोखा संदेश लेकर आएगा। जब भगवा ध्वज मंदिर के शिखर पर लहराएगा, तब यह केवल एक शहर का दृश्य नहीं होगा, बल्कि उन सभी लोगों के लिए एक प्रतीक होगा जो



भारत की आध्यात्मिक विरासत से जुड़ाव महसूस करते हैं। यह ध्वज याद दिलाएगा कि धर्म पूजा-पाठ का विषय भर नहीं; यह जीवन का अनुशासन, समाज का नियमन और राष्ट्र की आत्मा का प्राण है। इस क्षण के साथ भारतीय सभ्यता के मूल्यों का एक नया अध्याय आरंभ होगा, जो न केवल धार्मिक भावनाओं को, बल्कि सामूहिक चेतना को भी सुदृढ़ करेगा। अंततः यह आयोजन केवल एक ध्वज के फहरने का दृश्य भर नहीं है। यह एक लंबी प्रतीक्षा, संघर्ष, विश्वास और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का फल है। यह वह क्षण है जब इतिहास वर्तमान से मिलता है और भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। अयोध्या का यह उत्सव हमें याद दिलाता है कि परंपराएँ केवल अतीत का बोझ नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा भी होती हैं। श्रीराम जन्मभूमि के शिखर पर फहराया जाने वाला धर्मध्वज आने वाली पीढ़ियों को भी यही संदेश देगा–धर्म, मर्यादा, समरसता और सत्य की विजय सनातन है। जय श्रीराम।

**महेन्द्र तिवारी**

# अयोध्या राममंदिर में ध्वजारोहण: सांस्कृतिक निरंतरता और आध्यात्मिक स्वाधीनता का प्रखर उद्घोष

25 नवंबर 2025 को अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर होने वाला धर्मध्वज-रोहण केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारत की सनातन स्मृति, सांस्कृतिक निरंतरता और आध्यात्मिक स्वाधीनता का प्रखर उद्घोष है। इस दिन विवाह पंचमी के शुभ अवसर पर भव्य मंदिर के मुख्य शिखर पर केसरिया धर्मध्वज फहराया जाएगा, जो प्राणप्रतिष्ठा के उपरांत मंदिर-निर्माण की पूर्णता और करोड़ों रामभक्तों की बहुशताब्दी प्रतीक्षा के फलित होने का प्रतीक बनेगा। मर्यादा की राजधानीअयोध्या को शास्त्रों में रघुवंश की राजधानी, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मभूमि तथा सत्य, धर्म और लोकमंगल की धरती के रूप में वर्णित किया गया है। यह वही नगरी है जहाँ धर्म केवल आस्था नहीं, बल्कि आचरण और राजव्यवस्था का आधार माना गया। इस पावन भूमि पर जब धर्मध्वज लहराता है, तो वह समूची भारतीय संस्कृति को नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और दैदीप्यमान आध्यात्मिक दिशा प्रदान करता है।25 नवंबर का यह ध्वजारोहण उत्सव रामराज्य के आदर्शों यथा न्याय, करुणा, कर्तव्य और अनुशासन को पुनः स्मरण कराने वाला ऐतिहासिक क्षण है। प्रधानमंत्री द्वारा मंदिर के मुख्य शिखर पर स्थापित किया जाने वाला यह ध्वज आने वाली पीढ़ियों के लिए यह संदेश संप्रेषित करेगा कि अयोध्या अब केवल स्मृति नहीं, बल्कि सजीव सांस्कृतिक चेतना का केंद्र है। ऋग्वेद में 'केतुं कृण्वन्नकेतवे' मंत्र के माध्यम से ध्वज को केवल चिह्न नहीं, मार्गदर्शक तेजस्वी चेतना के रूप में उद्घोषित किया गया है। इस संदर्भ में 'केतु' का अर्थ ऐसा संकेत है जो पथभ्रष्टता से बचाकर साधक और समाज दोनों को धर्ममार्ग की ओर उन्मुख करे। वैदिक यज्ञों में ध्वज की प्रतिष्ठा देवशक्ति की जाग्रत उपस्थिति और आकाश की ओर उर्ध्वगामी मानव-अभिलाषा का प्रतीक मानी गई।इंद्रध्वज-उत्सव की परंपरा हो या यज्ञशालाओं के सामने खड़े ध्वज-स्तंभ,इन सबका मूल भाव यही रहा कि समाज अपने आदर्शों, व्रतों और संकल्पों को दृश्य रूप में प्रतिष्ठित करे।अयोध्या में फहरने वाला धर्मध्वज इसी वैदिक परंपरा का समसामयिक पुनरावर्तन है, जो यह संकेत देता है कि इस भूमि पर धर्म, सत्य और मर्यादा से बड़ा कोई मूल्य स्वीकार्य नहीं।

अयोध्या की सांस्कृतिक पहचान रामध्वज की मर्यादा से जुड़ी रही है, जहाँ राजमहलों, मंदिरों, युद्ध-रथों और नगर-द्वारों पर लहराते ध्वज केवल सामरिक शक्ति नहीं, बल्कि नीति, न्याय, लोककल्याण और दैवी संरक्षण के प्रतीक माने जाते थे। रामकथा में बार-बार यह भाव उपस्थित है कि श्रीराम का प्रताप और उनकी मर्यादा ही अयोध्या की वास्तविक शोभा है; ध्वज उसी मर्यादा का दृश्य-विज्ञापन करता है। भगवान रामलला के भव्य मंदिर के मुख्य शिखर पर जब धर्मध्वज फहराया जाएगा, तो वह न केवल शताब्दियों के संघर्ष, सामाजिक जागरण और आध्यात्मिक तप की परिणति का सम्मान होगा, बल्कि यह घोषणा भी होगी कि 'धर्म की विजय अनिवार्य है और मर्यादा ही जीवन और शासन की सर्वोच्च कसौटी है। ' महाभारत में प्रत्येक महारथी का ध्वज उसके चरित्र, संकल्प और आराध्य के प्रतीक के रूप में वर्णित होता है।अर्जुन का कपिध्वज, जिस पर हनुमान अंकित हैं; भीष्म का पलाश ध्वज; और कर्ण का धर्मचक्र युक्त ध्वज,ये सब अपने-अपने योद्धा के आदर्शों और निष्ठाओं की सार्वजनिक घोषणा करते हैं। ध्वज वहाँ केवल पहचान नहीं, बल्कि यह संकेत है कि किसके रथ से किस प्रकार का धर्म, किस प्रकार की नीति और कैसी दृष्टि जुड़ी है।अयोध्या में आज का धर्मध्वज इसी ध्वज-परंपरा के विस्तार के रूप में देखा जा सकता है, जो यह संदेश देता है कि यह स्थल धर्म का पक्षधर, सत्य का रक्षक और जनमानस का प्रेरक केंद्र है। ध्वज का केसरिया रंग त्याग, वीरता और आध्यात्मिक उत्कर्ष का सूचक है, जो आधुनिक भारत को भी अपने कर्तव्य और चरित्र के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देता है। पुराणों और अगम शास्त्रों में देवालय-निर्माण को एक दीर्घ साधना माना गया है, जिसकी स्थापत्य-पूर्णता ध्वज-स्तंभ और ध्वज-आरोहण से मानी जाती है। शास्त्रीय परंपरा में यह माना गया है कि ध्वज आरोहण के साथ ही मंदिर केवल भवन न रहकर पूर्ण रूप से देव-आलय बनता है, जहाँ देवता की सत्ता, भक्त की भक्ति और समाज की श्रद्धा त्रिवेणी की तरह मिलती है।दक्षिण भारत के अनेक मंदिरों में ब्रह्मोत्सव की शुरुआत ध्वज-फहराने से होती है, जिसे देव-जागरण और उत्सव-चक्र के प्रारंभ का क्षण माना जाता है। उसी भावभूमि में अयोध्या के नए भव्य मंदिर में धर्मध्वज-रोहण यह उद्घोष करेगा कि 'रामलला अब जागृत, प्रतिष्ठित और राष्ट्र-जीवन के केंद्रीय आराध्य रूप में विधिवत विराजित हैं। ' कौटिल्य के अर्थशास्त्र में ध्वज और राजचिह्नों को राज्य की प्रतिष्ठा, संप्रभुता और प्रजा के विश्वास से जोड़ा गया है; राजकोश, सेना और न्याय-व्यवस्था की स्थिरता इन्हीं प्रतीकों के माध्यम से जनता के सामने विश्वास-रूप में प्रकट होती है। आधुनिक लोकतांत्रिक भारत में जब राममंदिर के शिखर पर धर्मध्वज स्थापित होता है, तो वह किसी राजनीतिक वर्चस्व का नहीं, बल्कि धर्माधारित न्याय, सामाजिक समरसता और जनकल्याणकारी शासन के आदर्शों का बोध कराता है।प्रधानमंत्री की उपस्थिति में होने वाला यह ध्वजारोहण इस तथ्य का भी द्योतक है कि राज्यसत्ता स्वयं को रामराज्य के मूल तत्व-न्याय, दया, सुरक्षा और न्यूनतम भय वाले समाज से प्रेरणा ग्रहण करने की सार्वजनिक घोषणा कर रही है। इस अवसर के लिए की जा रही व्यापक सुरक्षा और व्यवस्थागत तैयारियाँ यह दिखाती हैं कि आस्था और प्रशासनिक उत्तरदायित्व एक-दूसरे के पूरक रूप में सामने आ रहे हैं। अयोध्या का ध्वजारोहण उत्सव पूरे भारत में एक सांस्कृतिक नवजागरण की अनुभूति जगा रहा है, जहाँ करोड़ों लोग प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इस समारोह से भावनात्मक रूप से जुड़ रहे हैं। प्राणप्रतिष्ठा से लेकर धर्मध्वज-रोहण तक, अयोध्या में आने वाले करोड़ों श्रद्धालु इस निरंतर यात्रा के साक्षी हैं।

भव्य राम मंदिर ने अयोध्या को वैश्विक आस्था-केन्द्र के रूप में प्रतिष्ठित कर दिया है।जब केसरिया धर्मध्वज अभिजीत मुहूर्त में आकाश में लहराएगा,तब वह केवल एक मंदिर,एक नगर या एक तीर्थ के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत के लिए यह संदेश देगा कि 'धर्म ऊँचा है, मर्यादा ऊँची है, और यह ध्वज हमारी सामूहिक आत्मा की ऊँचाई का प्रतीक है।' यह दिन आने वाली पीढ़ियों के लिए भी राष्ट्रीय-सांस्कृतिक स्मृति का स्थायी संदर्भ बिंदु बनकर उभरेगा। अतः हम कह सकते है कि अयोध्या श्रीरामलला मंदिर में ध्वजारोहण उस सनातन सत्य का पुनः उद्घोषणा है कि ध्वज केवल प्रतीक नहीं, जीवित चेतना है, जो समाज को उसकी जड़ों, मूल्यों और ध्येय से जोड़े रखती है।अब अयोध्या केवल एक नगर नहीं, बल्कि भारतीय मानस का अक्षय आस्था-केंद्र है, जहाँ रामध्वज मर्यादा, न्याय, सदाचार और करुणामय शक्ति का शाश्वत संदेश बनकर युगों-युगों से स्थित है।जो धर्मध्वज इस दिन अयोध्या के आकाश में उठेगा, वह मानो समूचे भारत से यह कहता प्रतीत होगा कि 'रामराज्य के आदर्श आज भी जीवित हैं, और यह ध्वज उन्हें और अधिक ऊँचाई पर प्रतिष्ठित करने का हमारा सामूहिक संकल्प है। '

**डा मनमोहन प्रकाश**

# सहनशीलता का अभाव और बढ़ता आत्महत्या का संकट, बदलते समाज की बड़ी चुनौती

आज का समाज तेजी से बदल रहा है।तकनीक, प्रतिस्पर्धा, रिश्ते, करियर, और जीवनशैली हर स्तर पर दबाव बढ़ रहे हैं। इन परिवर्तनों का सबसे गहरा प्रभाव हमारे किशोरों, युवाओं और परिवारों पर पड़ रहा है। बीते कुछ वर्षों में टीनेजर्स और छात्र-छात्राओं में आत्महत्या की घटनाओं में खतरनाक वृद्धि देखने को मिली है। कभी पढ़ाई का दबाव, कभी लव मैरेज में मतभेद, तो कभी पति-पत्नी के विवाद या सोशल मीडिया की आभासी वास्तविकताएं है।ये सभी कारण आज जीवन समाप्त करने की प्रवृत्ति को बढ़वा दे रहे हैंसहनशीलता का अभाव संकट की जड़ में छिपा बड़ा कारण है।सहनशीलता जिसका अर्थ कठिन परिस्थितियों को धैर्य और समझदारी से संभालने की क्षमता है।आज की पीढ़ी में तेजी से घटती जा रही है।तकनीक और सोशल मीडिया ने जीवन को त्वरित बना दिया है। अब मनुष्य का धैर्य, प्रतीक्षा और संघर्ष जैसी मूल योग्यताएँ कमज़ोर पड़ रही हैं। हर चीज़ तुरंत चाहि।सफलता, मान्यता, प्यार, सराहना और समाधान। जब अपेक्षाएं पूरी नहीं होतीं, तब निराशा गहरी होती है। यह निराशा धीरे-धीरे अवसाद का रूप लेने लगती है और कई बार युवा इसे अंत का रास्ता समझ बैठते हैं। किशोरों और छात्रों में बढ़ती आत्महत्या का मुख्य कारण शिक्षा का दबाव सबसे बड़ा कारक रहा है। परिणाम आधारित शिक्षा का बोझ हम युवाओ पर जुल्म कर रहे है।आज छात्र सिर्फ पढ़ाई नहीं कर रहे, बल्कि प्रतिस्पर्धा की दौड़ में संघर्ष कर रहे हैं। बोर्ड का तनाव,कॉलेज प्रवेश का दबाव,करियर की अनिश्चितता, कोचिंग संस्थानों की रेसदोस्तों और समाज से तुलना यह सब एक छात्र के मन पर गहरा दबाव डालता है।नौंवी की छात्रा,दसवीं औरकिशोर वय के बच्चे दूसरी,तीसरी या पांचवी मंजिल से कूदकर जान देने की घटना हम हररोज अखबार में पढ़ते है।यह समाज पर काला कलंक है।शिक्षित समाज मे किसी कारणवश आत्महत्या करना तकलीफदेह है। असफलता समाज में एक कलंक की तरह देखी जाती है। बच्चे इस डर से घबरा जाते हैं कि वे माता-पिता, स्कूल या समाज की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरेंगे। यही दबाव कई बार उन्हें खुद को खत्म करने की ओर धकेल देता है। शहरों में अलगाव और अकेलापनअनेक छात्र घर से दूर हॉस्टल या किराए पर रहते हैंजिससे अकेलापन, परिवार से दूरीऔरभावनात्मक सहयोग का अभाव इन कारणों से मानसिक तनाव बढ़ता है और नकारात्मक विचार मजबूत होते हैं। सोशल मीडिया की तुलना की बीमारी इंस्टाग्राम, यूट्यूब, स्नैपचैट जैसे माध्यमों पर दिखती परफेक्ट लाइफ युवा मन को भ्रमित कर देती है।वे अपने जीवन की तुलना दूसरों से करते हैं और खुद को असफल मान लेते हैं। टीनेजर्स में आत्महत्या का क्रेज फैशन नहीं, गंभीर बीमारी है।समाज किस तरफ जा रहा है।आज किशोरों में आत्महत्या को कभी-कभी साहस आखिरी कदम या समाधान के रूप में देखा जाने लगा है, जो बेहद खतरनाक प्रवृत्ति है।

भावनात्मक परिपक्वता का अभाव बढ़ रहा है। किशोर मन तेजी से बदलता है। गुस्सा, प्रेम, असफलता और तनाव के समय वे निर्णय लेने में जल्दबाजी करते हैं। भावनाओं पर नियंत्रण न होने से वे तत्काल प्रतिक्रिया में खतरनाक कदम उठा लेते हैं। लव रिलेशनशिप में टूटन12-18 वर्ष की उम्र में किशोर पहली बार प्रेम और आकर्षण की भावनाएँ महसूस करते हैंब्रेकअप या अस्वीकार किया जाना उनके लिए बड़ा सदमा होता है। वे इसे जीवन मृत्यु का प्रश्न समझ बैठते हैंपति पत्नी के विवाद और आत्महत्या परिवार की टूटन का परिणाम है।विवाहिक संबंधों में बढ़ते तनाव भी आत्महत्या का बड़ा कारण बन रहे हैं। आजआर्थिक दबाव अहंकार मनमुटव बातचीत की कमी अविश्वास ने अलग कर दिया है।इन समस्याओं ने रिश्तों को कमजोर कर दिया है। लव मैरेज में अक्सर अपेक्षाएँ अधिक होती हैं। जब वास्तविकता कल्पना से भिन्न होती है, तो टकराव बढ़ता है। रोजाना होने वाले झगड़े कई बार मानसिक स्वास्थ्य को इतने प्रभावित कर देते हैं कि लोग चरम निर्णय लेने लगते हैं। समाज में आत्महत्या को बढ़वा देने वाले अन्य कारक भी है। किशोर नशे की गिरफ्त में आने पर जल्द गुस्सा करते हैं और मानसिक नियंत्रण खो देते हैं। परिवार में भावनात्मक दूरीभी कारणभूत है।अब संयुक्त परिवारों की जगह छोटे परिवार आ गए हैंबच्चे मोबाइल में, माता-पिता नौकरी में व्यस्त बातचीत और भावनात्मक जुड़ाव खत्म हो रहा है।आर्थिक असमानता और बेरोजगारीमुख्य कारण है।युवाओं में भविष्य को लेकर अनिश्चितता बढ़ती जा रही है। मीडिया में आत्महत्या की खबरों की ग्लैमराइजेशन पर प्रभाव पड़ रहा है। लगातार समाचार चैनल और सोशल मीडिया पर इन घटनाओं की विस्तृत कवरेज इससे जुड़े जोखिम को बढ़ाती है। समाधान ढूंढना होगा। इस संकट से बाहर कैसे निकले? आत्महत्या रोकी जा सकती है। यदि परिवार, समाज, स्कूल और सरकार मिलकर प्रयास करें। परिवार की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।बच्चों से बात करें। बच्चों की भावनाओं को समझें। उन्हें सुनें ।गलतियों पर गुस्सा न करें, बल्कि समझाएं।किसी से तुलना बंद करें।हर बच्चा अलग है।उसे अपनी क्षमता के अनुसार आगे बढ़ने दें। असफलता को स्वीकार करना सिखाएं। असफलता ही सफलता की सीढ़ी है।यह भाव बच्चों में बचपन से बनाना जरूरी है। स्कूल और कॉलेजों में मानसिक स्वास्थ्य ,सहायता, काउंसलिंग सेंटर,हेल्पलाइन,तनाव प्रबंधन कार्यशालाएँ,खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम और परीक्षा परिणाम पर संतुलित नीति से छात्रों पर दबाव कम किया जा सकता है। समाज की जिम्मेदारी आत्महत्या के मामलों को सनसनीखेज बनाने से बचें। भावनात्मक सहयोग की संस्कृति विकसित करेंपड़ोस और समाज में संवाद बढ़ाएं।नशे को रोकने के लिए अभियान चलाएं। डिजिटल दुनिया के प्रति जागरूकता लाए।सोशल मीडिया की अवास्तविक दुनिया से बच्चों को परिचित कराना है।स्क्रीन टाइम कम कराना औरपरिवार के साथ समय बढ़ाना है।इसके साथ ही मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकतादेनी है।आवश्यक होने पर मनोचिकित्स काउंसलर मनोवैज्ञानिक से सहायता लेने में हिचकिचाना नहीं चाहिए।

मानसिक बीमारी भी उतनी ही वास्तविक है जितनी शारीरिक बीमारी।सहनशीलता बढ़ाना ही समाधान की कुंजी है।आज की पीढ़ी को तकनीक ने बहुत कुछ दिया है, परंतु उसने मनुष्य की भावनात्मक शक्ति और सहनशीलता को कमजोर भी किया है। हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि हम अपने बच्चों और युवाओं में,धैर्य ,सहनशीलता, जीवन कौशलऔर भावनात्मक मजबूती विकसित करें। आत्महत्या कोई समाधान नहीं है।यह एक स्थायी समस्या के लिए अस्थायी निर्णय है। यदि परिवार, स्कूल और समाज सही समय पर सही कदम उठाएँ, तो लाखों जीवन बचाए जा सकते हैं। हमें एक ऐसा वातावरण बनाना होगा जिसमें हर बच्चा, हर युवा और हर परिवार संकट के समय संवाद करें, समाधान ढूंढें और जीवन को महत्व दें।

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## खुशी की कीमत क्या दूसरों की परेशानी हो सकती है?

**[ बारातें चलती हैं, संवेदनशीलता ढह जाती है ]**

**[ उल्लास या उत्पीड़न: खोती संस्कृति की बारातें ]**





कभी-कभी ऐसा लगता है कि हमारी सड़कों पर हक़ से गूँजने वाली दो ही आवाज़ें बची हैं–एक बेचैनी से दौड़ती एम्बुलेंस की, जिसकी हर चीख़ किसी अनजान ज़िंदगी को थामे रखने की अंतिम कोशिश होती है; और दूसरी, बारात के जोश को चरम पर ले जाने के लिए गरजता डीजे, जो मानो शहर की रात को अपने शोर में निगल लेना चाहता हो। दुख इस बात का है कि आज रास्ता संवेदना या समझ को नहीं मिलता; रास्ता उस शोर को मिलता है जो सबसे ऊँचा, सबसे आक्रामक, और सबसे ज़िद्दी है। यही वह मोड़ है जहाँ हमारी शादियाँ–जो कभी सौंदर्य, हर्ष और आत्मिक मिलन का उत्सव थीं–अपनी गरिमा से फिसलने लगती हैं। विवाह, जो दो परिवारों को जोड़ने वाला पवित्र संस्कार है, कई दफ़ा ट्रैफ़िक में फँसी गाड़ियों के धुएँ, बेसुध बजते हॉर्नों, स्टेज जैसी चकाचौंध करती लाइटों और सड़क रोक कर थिरकते समूहों के शोर में अपना स्वर खो देता है। वह खुशी, जो किसी दीपक की शांत लौ की तरह उजली और कोमल होनी चाहिए, किसी बीमार की रात में धड़कनों की परेशानी या किसी थके हुए इंसान के लिए तनाव की भारी चादर बनकर उतर आती है।

आज की बारातें अब वह सादा-सा जुलूस नहीं रहीं, जिसमें हल्की रोशनियाँ और शहनाई की मधुर लय साथ-साथ बहती थीं; वे धीरे-धीरे एक चलायमान प्रदर्शनी, एक ऊधम मचाती बाज़ार-सी परेड बनती जा रही हैं–ऐसा कारवाँ, जो सड़क पर उतरते ही यह ऐलान कर देता है कि शहर की हर गली अब उसकी जागीर है। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि गाड़ियों की कतारें सेंटीमीटर दर सेंटीमीटर खिसकती हैं; एम्बुलेंस अपनी ही सायरन में कैद होकर अनंत प्रतीक्षा में सिसकती रहती है; किसी बुज़ुर्ग की साँसें तेज़ हो जाती हैं, किसी मरीज का दर्द बढ़ जाता है, किसी बच्चे की गहरी नींद टूट जाती है–और इसी सबके बीच डीजे का शोर आसमान तक फटता हुआ पहुँचता है, मानो कह रहा हो, 'सड़क हमारी है, दुनिया इंतज़ार करे! 'पर क्या सचमुच दुनिया ठहर सकती है? कोई अपनी वृद्ध माँ के लिए दवा लेने की दौड़ में है, किसी को ऐसा इंटरव्यू देना है जो उसके भविष्य की दिशा तय करेगा, किसी की तबीयत अचानक बिगड़ गई है और उसे तत्काल अस्पताल पहुँचना है, कोई अपने रोज़मर्रा की नौकरी तक पहुँचने की जद्दोजहद कर रहा है, कोई छोटा बच्चा फिर से नींद की गोद में लौटने की कोशिश कर रहा है। और इन बेहद साधारण, पर जीवन जितने महत्वपूर्ण क्षणों के बीच, कई बारातें ऐसे आगे बढ़ती हैं जैसे रास्ते का हर मोड़, हर मिनट और हर सुविधा पर उनका ही साम्राज्य हो। खुशी से किसी को ऐतराज़ नहीं–और न ही होना चाहिए। यही तो वे उजाले हैं, जो जीवन की कठिन दरारों में उम्मीद की लौ भरते हैं। लेकिन कैसी खुशी है वह, जो दूसरे की रात छीन ले, दूसरे की साँसों पर भार डाल दे, दूसरे के दिन को अव्यवस्था में फेंक दे? क्या सिर्फ इसलिए कि किसी एक परिवार में उत्सव है, पूरा पड़ोस उसकी कीमत चुकाए? क्या सचमुच हम इस दौर में पहुँच चुके हैं जहाँ बुज़ुर्गों की तकलीफ़, मरीजों की बेचैनी, बच्चों की नींद और आम इंसान की रोज़मर्रा–किसी जश्न की 'अनिवार्य कुर्बानी' जैसी मान ली गई है? हमारे पूर्वजों ने विवाह को जिस मर्यादा, सुंदरता और गहरी अर्थवत्ता से सजाया था, वही उसकी आत्मा थी। वहाँ रोशनी थी–लेकिन वह किसी की दृष्टि नहीं चुराती थी; संगीत था–लेकिन वह दीवारों को नहीं, दिलों को छूता था; नृत्य था–लेकिन वह सड़क को अपनी जागीर समझकर उस पर अधिकार नहीं जमाता था। वहाँ उत्सव था–पर उसमें दिखावे की चीख़ या अहंकार की छाया नहीं थी। आज तस्वीर उलट सी हो गई है–रोशनी आँखें थका देती है, संगीत दिल नहीं बल्कि दरवाज़े-खिड़कियाँ थरथरा देता है, नृत्य कभी-कभी सड़क को एक निजी मंच मानकर उस पर सत्ता का ऐलान करता है।

और उन रास्तों से रोज़ गुजरने वाले लोग... वे अपने भीतर एक चुप, भारी, अनकही नाराज़गी सँभालते हुए आगे बढ़ जाते हैं–एक ऐसी नाराज़गी, जो किसी रिपोर्ट में नहीं लिखी जाती, पर शहर की हवा में लंबे समय तक बनी रहती है। ज़रा ठहरकर सोचिए–क्या किसी बारात की चमक इसलिए फीकी पड़ जाएगी कि वह सड़क और उसके लोगों का सम्मान करे? क्या डीजे की धुन थोड़ी संयमित होकर नहीं बज सकती? क्या यदि रास्ता खुला छोड़ दिया जाए ताकि एम्बुलेंस, यात्रियों और जरूरी काम पर निकल चुके लोग बिना रुकावट आगे बढ़ सकें–तो क्या विवाह का उल्लास वास्तव में कम हो जाएगा? क्या हमारी खुशियाँ अब इतनी महंगी हो गई हैं कि उन्हें मनाने के लिए दूसरों की शांति और सुविधा का बलिदान अनिवार्य माना जाने लगा है? संवेदनशीलता ही किसी भी उत्सव की असली जड़ है। वही एक तत्व है जो बारात को मात्र भीड़ से अलग पहचान देता है–उसे शोर का नहीं, संस्कृति का वाहक बनाती है। जब बारातें संयम और मर्यादा के साथ गुज़रती हैं, तो राहगीर भी उन्हें देखकर मुस्कुराते हैं; मन में सम्मान गहराता है।

लेकिन जब वही उत्सव अव्यवस्था में बदल जाए, तो खुशी कुढ़न बन जाती है और संस्कृति का सारा सौंदर्य अपने अर्थ से खाली होने लगता है। शादी का संगीत दिल तभी छूता है, जब वह आसपास के जीवन पर चोट बनकर वापस नहीं लौटता। शादी जीवन का सबसे उजला, सबसे यादगार दिन होता है–एक ऐसा क्षण जिसे लोग उम्र भर दिल की ऊपरी तह पर संभालकर रखते हैं। लेकिन इस सुंदरता की पूर्णता तभी होती है जब उसमें दूसरों की शांति, उनके अधिकारों और उनके स्थान का सम्मान भी जुड़ा हो। सड़कें किसी एक परिवार की निजी परिधि नहीं हैं; वे शहर की धड़कनें हैं–हर उस इंसान की, जो उनमें जीवन की जरूरतें ढोता है। इन धड़कनों पर मालिकाना हक़ किसी शोर या जुलूस का नहीं, इंसानियत का होना चाहिए। आइए, अपनी शादियों को फिर से संस्कृति का वास्तविक उत्सव बनाएँ– जहाँ रौनक हो, पर उसके भीतर ज़िम्मेदारी की कोमल चमक भी हो; जहाँ संगीत हो, पर ऐसा जो कानों में नहीं, मर्यादा में गूँजे; जहाँ बारातें गुजरें, पर इस तरह कि उनके साथ-साथ आसपास के लोगों की शांति भी बेधड़क चलती रहे। क्योंकि असली खूबसूरती वही है–जो सिर्फ हमारे चेहरों पर नहीं, बल्कि अनजान राहगीरों के दिलों पर भी मुस्कान छोड़ जाए।

**प्रो. आरके जैन**

# धर्मेन्द्र: पर्दे का हीरो नहीं, दिलों का बादशाह

**[ धर्मेन्द्र: नायक नहीं, नज़रिया थे ]**

**[ धर्मेन्द्र: ही-मैन नहीं, ह्यूमन हीरो थे ]**

फ़िल्मी आसमान में कुछ सितारे ऐसे जन्म लेते हैं, जिनकी चमक समय की सीमाओं को लांघ जाती है। धर्मेन्द्र – वह नाम जिसने भारतीय सिनेमा को सिर्फ़ वीरता नहीं, संवेदना भी दी। वह अभिनेता नहीं, भावनाओं का एक संस्थान थे। उनकी आँखों में ग़ज़ब की सच्चाई थी, आवाज़ में गूँजता अपनापन और मुस्कान में वो गर्मजोशी जो किसी गाँव की धूप जैसी लगती थी – कोमल, सच्ची और आत्मीय। धर्मेन्द्र वो इंसान थे जो परदे पर जितने बड़े हीरो दिखे, असल ज़िंदगी में उससे कहीं बड़े इंसान निकले। उनकी शख़्सियत किसी पुराने बरगद की तरह थी – जो हर पीढ़ी को छाँव देता रहा, स्थिरता देता रहा। सूरज भले हर दिन उगता हो, पर कुछ रोशनियाँ ऐसी होती हैं जो एक बार जाती हैं तो युग को अँधेरा दे जाती हैं। 24 नवंबर को ऐसी ही एक रौशनी बुझी – धर्मेन्द्र की। यह सिर्फ़ एक व्यक्ति का जाना नहीं था, यह अभिनय के एक युग का अवसान था। वह युग, जब पर्दे पर मांसपेशियों से नहीं, दिल से नायक गढ़े जाते थे। धर्मेन्द्र सिर्फ़ फ़िल्मों के हीरो नहीं थे, वे उस मिट्टी की आत्मा थे जिसमें भारतीय सिनेमा की जड़ें बसी हैं। जिस आवाज़ ने कभी सिनेमा हॉलों को हिला दिया था – 'कुत्ते, मैं तेरा खून पी जाऊँगा!' – आज वह ख़ामोश है।पर यह ख़ामोशी भी उनकी गूँज को मिटा नहीं सकती। वह मुस्कान, जो पीढ़ियों की थकान मिटा देती थी, आज भी स्मृतियों में धूप की तरह चमक रही है। धर्मेन्द्र गए नहीं, वे बस पर्दे के उस पार चले गए हैं – जहाँ से वे अब भी अपनी आँखों की चमक और दिल के स्नेह से हम सबको देखते रहेंगे। उनके साथ भारतीय सिनेमा का वह स्वर्ण अध्याय बंद हुआ जिसमें सादगी, शौर्य और संवेदना साथ-साथ चलते थे। धर्मेन्द्र के जाने से परदे ने अपना हीरो खो दिया, पर दिलों ने अपना बादशाह पा लिया – हमेशा के लिए। 1960 में 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' से उनके सफ़र की शुरुआत हुई – एक ऐसा सफ़र जो अगले छह दशकों तक भारतीय सिनेमा के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज हुआ। धर्मेन्द्र ने एक-एक किरदार से साबित किया कि अभिनय सिर्फ़ संवाद बोलने की कला नहीं, बल्कि भावनाओं को जीने का नाम है। एक तरफ़ शोले का वीरू, जो दोस्ती का प्रतीक बन गया, तो दूसरी ओर सत्यकाम का ईमानदार अभियंता, जो आदर्शवाद की मूर्ति बना। उनके किरदारों में देहात की मिट्टी की ख़ुशबू थी, और शहर की समझदारी का संतुलन। वह फ़िल्मी परदे पर रोमांस के राजा भी बने और एक्शन के सम्राट भी। उनकी मुस्कान जितनी प्यारी थी, उनकी मर्दानगी उतनी ही दमदार – इसलिए उन्हें कहा गया, 'ही-मैन ऑफ बॉलीवुड '। पर धर्मेन्द्र का आकर्षण सिर्फ़ ताक़त में नहीं था – वह अपनी नज़रों की गहराई में, भावनाओं के कोमलपन में भी बसते थे। वे सिनेमा के वह नायक थे जिनकी आँखें बोलती थीं और मुस्कान सुनाई देती थी। धर्मेन्द्र कोई साधारण अभिनेता नहीं थे। वे हिंदुस्तान की मिट्टी के बेटे थे – पंजाब के लुधियाना ज़िले के सहनेवाल गाँव में 8 दिसंबर 1935 को जन्मे धर्म सिंह देओल। खेतों की ख़ुशबू, माँ की रसोई की महक और गाँव की सादगी उनके व्यक्तित्व का अभिन्न हिस्सा रही। यही ज़मीन उनकी आत्मा बनी – वही ज़मीन जिसने उन्हें गढ़ा और वही ज़मीन जिसने उन्हें धरती का हीरो बनाया। अगर अमिताभ 'एंग्री यंग मैन' थे, तो धर्मेन्द्र 'ह्यूमन हीरो' थे – जो गुस्से से नहीं, अपनापन से जीतते थे। उनके हर संवाद में मिट्टी की सोंधी गंध थी, हर हावभाव में सहजता। उनकी जोड़ी हेमामालिनी के साथ किसी कविता से कम नहीं थी – जहाँ प्रेम अभिनय में नहीं, एहसास में झलकता था। दोनों की मुस्कानें मिलकर मानो एक चित्रकला बन जाती थीं – रंगों से नहीं, भावनाओं से रची हुई। धर्मेन्द्र का जीवन संघर्ष से भरा था, पर उन्होंने कभी शिकायत नहीं की। लुधियाना के छोटे से गाँव साहनेवाल से निकलकर उन्होंने फ़िल्मी दुनिया का शिखर छू लिया – लेकिन उस ऊँचाई पर पहुँचकर भी ज़मीन नहीं छोड़ी। वह हमेशा कहते थे – 'मैं आज भी वही गाँव का लड़का हूँ, जो अपनी माँ की रसोई की ख़ुशबू नहीं भूला।' उनकी यह विनम्रता ही उन्हें 'लिजेंड' बनाती है। आज जब ग्लैमर की चकाचौंध में सादगी खो रही है, धर्मेन्द्र उस दौर के प्रतीक हैं जहाँ इंसानियत, इज़्ज़त और इमोशन का मेल होता था। वह हिंदी सिनेमा के सिंहासन के शेर थे, जिनकी दहाड़ पर सिनेमाघरों में सीटियाँ बजती थीं। वह रोमांस के संगीतकार थे, जो बिना शब्दों के प्रेम गा जाते थे। वह एक्शन के आंधी थे, और करुणा के समुद्र। अगर दिलीप कुमार अभिनय के विद्यालय थे, तो धर्मेन्द्र उसकी सजीव पाठशाला। उनकी उपस्थिति वैसी थी जैसे सूरज की – जिसके बिना रोशनी अधूरी लगती है।



धर्मेन्द्र सिर्फ़ देखे नहीं जाते थे, महसूस किए जाते थे। आज की पीढ़ी अगर सनी देओल या बॉबी देओल को देखती है, तो उनमें धर्मेन्द्र की परछाई झलकती है। उनका असर सिनेमा की रगों में दौड़ता है – हर उस अभिनेता में जो अभिनय को भावनाओं की भाषा मानता है। वह हमारे सिनेमा के ध्रुवतारा हैं – जो दिशा दिखाता है, मार्ग रोशन करता है। धर्मेन्द्र सिर्फ़ फ़िल्मों का नाम नहीं, एक संवेदना हैं, जो भारतीय दिलों में हमेशा जीवित रहेगी। समय चाहे आगे बढ़ जाए, तकनीक बदल जाए, पर एक बात सदा रहेगी – जब भी 'यमला पगला दीवाना' गूँजेगा, जब भी 'शोले' का वीरू स्क्रीन पर हँसेगा, हर दिल में धर्मेन्द्र मुस्कुराएँगे। वह सिर्फ़ अभिनेता नहीं, वह भारतीय सिनेमा का दिल हैं – जो हर पीढ़ी की धड़कनों में बसता रहेगा। 'कुछ लोग जीकर नहीं, दिलों में बसकर अमर होते हैं – धर्मेन्द्र उन्हीं में से एक हैं।' आज जब वे हमारे बीच नहीं हैं, तो लगता है जैसे सूरज ढल गया हो, लेकिन सच में सूरज ढलता नहीं – वह सिर्फ़ दूसरी दुनिया को रोशन करने जाता है। धर्मेन्द्र भी चले गए हैं, पर वे हर उस खेत में हैं जहाँ कोई नौजवान ट्रैक्टर चला रहा है, हर उस बच्चे की आँखों में हैं जो 'शोले' देखकर वीरू बनना चाहता है, हर उस प्रेम गीत में हैं जो आज भी गूँजता है – 'मैं जट यमला पगला दीवाना... धर्मेन्द्र सिर्फ़ अभिनेता नहीं थे, वे भारतीय सिनेमा की आत्मा थे। वे एक पीढ़ी नहीं, कई पीढ़ियों के हीरो रहे – जो पर्दे पर गरजते थे और असल ज़िंदगी में झुकते थे। वे बरगद के उस पेड़ की तरह थे जिसकी छाँव में पूरा बॉलीवुड पला-बढ़ा। उनके बेटे और पोते उसी वटवृक्ष की शाखाएँ हैं। धर्मेन्द्र हमें यह सिखा गए कि असली नायक वह नहीं जो युद्ध जीतता है, बल्कि वह है जो दिल जीतता है। उन्होंने भारतीय सिनेमा को वीरता दी, संवेदना दी, और सबसे बढ़कर – इंसानियत दी।

**प्रो. आरके जैन**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## एमएलसी के प्रतिनिधि बने महेश मणि

**रुद्रपुर ,देवरिया।** देवरिया - कुशीनगर स्थानीय निकाय के एमएलसी डॉ रतनपाल ने देवरिया जनपद के प्रशासनिक कार्यों को देखने के लिए महेश मणि त्रिपाठी को प्रतिनिधि नियुक्त किया है। जिलाधिकारी देवरिया को पत्र भेजकर भाजपा के जिला मंत्री रुद्रपुर विधानसभा के महेशपुर गांव के निवासी महेश मणि त्रिपाठी को अपनी अनुपस्थिति में जिले पर होने वाली प्रशासनिक बैठक सहित सभी प्रशासनिक कार्यों को देखने के लिए प्रतिनिधि नियुक्त किया है। महेश मणि त्रिपाठी के एमएलसी प्रतिनिधि बनने पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, महामंत्री प्रमोद कुमार शाही, अजय शाही, विजय कुमार दुबे, राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, दीपक मिश्रा, अंकित प्रताप सिंह, दिलीप जायसवाल, वैभव सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

## देश को समृद्ध बनाएगा हर घर स्वदेशी : पवन

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने हर घर स्वदेशी वोकल फॉर लोकल अभियान के अंतर्गत देवरिया विधानसभा क्षेत्र के नगर मंडल स्थित नेहरू नगर में जनसंपर्क कर घर-घर जाकर हर घर स्वदेशी का स्टिकर लगाया और लोगों से स्वदेशी उत्पादों के उपयोग की अपील की। इस दौरान मिट्टी के बर्तन व खिलौने बनाने वाले तुलसी प्रजापति का माल्यार्पण कर उन्हें स्वदेशी डायरी और सब्जी मिनी किट देकर सम्मानित किया गया। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन मिश्र ने कहा कि वोकल फॉर लोकल अभियान देश के प्रति विश्वास और योगदान की भावना को मजबूती देता है। इससे लोगों में राष्ट्र के प्रति समर्पण व आत्मनिर्भरता की भावना जागृत होती है। उन्होंने कहा कि हर घर स्वदेशी अभियान देश को आर्थिक रूप से अधिक सक्षम और स्वावलंबी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में अरुण मिश्र, विजेंद्र चौहान, डॉ. विनोद पांडेय, अर्जुन प्रजापति, वीरेंद्र पाठक, राहुल कुमार, सन्नी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जज परिसर स्थित नवीन पोख्ता कैंटीन की नीलामी 27 को

**देवरिया।** अध्यक्ष नीलामी समिति, जजी देवरिया, रवि यादव ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय एवं जनपद न्यायाधीश के निर्देशों के तहत न्यायालय परिसर के उत्तर दिशा में स्थित नव-निर्मित पोख्ता कैंटीन की नीलामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 27 नवंबर 2025 को अपराह्न 4:30 बजे की जाएगी। यह प्रक्रिया दस कक्षीय न्यायालय भवन के केंद्रीय सभागार में नीलामी समिति की देखरेख में सम्पन्न होगी। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित शर्तों के अनुसार नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

## लालगंज में जाम की समस्या से हलाकान हो रहे राहगीर



**लालगंज, प्रतापगढ़।** हाईवे पर डग्गामार वाहनों व सड़क किनारे बने अतिक्रमण के चलते लालगंज का चौक इलाका आये दिन जाम की चपेट में नजर आता है। इससे कस्बावासियों समेत राहगीरों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रतापगढ़ रायबरेली राजमार्ग पर स्थित नगर पंचायत लालगंज का चौक इलाका सोमवार को दोपहर जाम की चपेट में बना दिखा। इससे कस्बावासी व राहगीर तथा वाहनों पर सवार यात्रियों में खासी परेशानी बनी नजर आयी। बतादें हाईवे पर बेतरतीव खड़े डग्गामार वाहनों के साथ ही हाईवे किनारे हुए अतिक्रमण से हाईवे से गुजरना हर पल टेढ़ी खीर बना नजर आता है। अतिक्रमण के चलते यहां आये दिन जाम भी लगता है। समस्या के स्थायी निदान को लेकर स्थानीय लोगों के साथ ही अधिवक्ताओं द्वारा भी कई बार अफसरों से शिकायत की जा चुकी है। लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। सीओ आशुतोष मिश्र का कहना है कि अतिक्रमण को हटवाकर समस्या का शीघ्र निराकरण कराया जायेगा।

## मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान, 24 स्थानों पर जांच

**देवरिया।** जनपद में पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में सुबह 5 से 8 बजे तक मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने 24 स्थानों पर 363 व्यक्तियों और 207 वाहनों की चेकिंग की तथा नियम उल्लंघन पर 2 वाहनों का चालान किया। अभियान का उद्देश्य आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा की भावना बढ़ाना था।

# पुण्यतिथि पर मानवता की मिसालः खजनी ब्लॉक प्रमुख अंशु सिंह ने चार गरीब बेटियों की कराई धूमधाम से शादी, क्षेत्र में बनीं सराहना का केंद्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी -गोरखपुर।** खजनी ब्लॉक प्रमुख अंशु सिंह ने अपने दिवंगत पति स्वर्गीय श्री सुरेंद्र बहादुर सिंह की नौवीं पुण्यतिथि को एक अनोखे और प्रेरणादायक रूप में मनाते हुए चार गरीब बेटियों की शादी का जिम्मा उठाया। मानवता और सामाजिक दायित्व की इस मिसाल ने पूरे क्षेत्र में उनकी छवि को और भी सशक्त किया है। रविवार को आयोजित इस विशेष कार्यक्रम की चर्चा इलाके में लगातार बनी हुई है और लोग उनकी प्रशंसा करते नहीं थक रहे हैं। आमतौर पर पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभाएं होती हैं, लेकिन जब लोग अंशु सिंह के आवास पर पहुंचे तो सामने का दृश्य देखकर हर कोई भावुक हो उठा। वहां कार्यक्रम स्थल को विवाह मंडप की तरह सजाया गया था। दुल्हनों के लिए सुंदर वस्त्र, सजावट, बैण्ड-बाजे की व्यवस्था और वैवाहिक रीति-रिवाजों का पूरा इंतज़ाम देखकर सभी अवाक रह गए। चारों बेटियों की खुशियों से भरी मुस्कान इस बात का प्रतीक थी कि किसी ने उनकी जिंदगी में रोशनी भर दी है। ब्लॉक प्रमुख अंशु सिंह ने कहा, कन्यादान सबसे बड़ा दान है। मुझे खुशी है कि मैंने एक पिता की भावनाओं को समझते हुए उनकी बेटियों को सम्मान के साथ विदा करने में योगदान दिया। यह मेरे पति की पुण्यतिथि को सच्ची श्रद्धांजलि है।

इस अवसर पर क्षेत्र के बड़े नेताओं, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों की बड़ी संख्या मौजूद रही। कार्यक्रम में भाजपा एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, हरिकेश राम त्रिपाठी, बेलघाट ब्लॉक प्रमुख पूजा सिंह कौशिक, अंशु मलाधर द्विवेदी, संजय सिंह शक्तिसिंह, विनोद कुमार पांडेय, नीरज दुबे, जगदीश चौरसिया, उरुवा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृपाशंकर दुबे, जगदंबा शुक्ला, लाल देव यादव, प्रधान संघ अध्यक्ष सत्येंद्र बहादुर सिंह, विंध्याचल निषाद, विपिन सिंह सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य और सैकड़ों ग्रामीणों ने पहुंचकर नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। प्रमुख प्रतिनिधि अंशुमाली धर द्विवेदी ने कहा अंशु सिंह के इस मानवीय कदम ने साबित कर दिया है कि सच्चा नेतृत्व वही है, जो समाज में बदलाव का मार्ग प्रशस्त करे और जरूरतमंदों की जिंदगी में उम्मीद की किरण जगाए। उनकी इस पहल ने उन्हें सिर्फ एक लोकप्रिय जनप्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि एक संवेदनशील और बड़ी सोच वाली महिला नेता के रूप में स्थापित किया है। आज पूरा क्षेत्र कह रहा है कि कठिन समय में भी दूसरों की खुशी को अपना धर्म बनाने वाली अंशु सिंह जैसी जनसेवक समाज के लिए प्रेरणा हैं। उनकी यह पहल आने वाले वर्षों तक मिसाल बनकर याद की जाएगी।

# बम्पर तबादला : SSP राज करन नैय्यर का सुपरफास्ट ऑपरेशन, एक ही आदेश में 195 पुलिसकर्मी इधर से उधर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** जिले में कानून-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने और थानों में लंबे समय से जमा पुलिसकर्मियों में नई कार्यसंस्कृति लाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर राज करन नैय्यर ने रविवार को बम्पर तबादला कर दिया। इस बड़े प्रशासनिक फेरबदल में हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल और महिला आरक्षियों सहित कुल 195 पुलिसकर्मियों को अलग-अलग थानों पर नई जिम्मेदारी दी गई है। एसएसपी के आदेश के बाद पुलिस विभाग में खलबली जैसा माहौल है। कई थानों पर वर्षों से जमे पुलिसकर्मियों को तुरंत प्रभाव से रिलीव कर दिया गया। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि सभी स्थानांतरित कर्मचारी तत्काल अपने नवनियुक्त थाने के लिए रवाना होकर अनुपालन आख्या कार्यालय में भेजें। इस तबादला सूची में शहर के प्रमुख थानों–कैण्ट, शाहपुर, गोरखनाथ, रामगढ़ताल, गुलरिहा, खोराबार, एम्स चौकी, राजघाट, गगहा, बांसगांव, चिलुआताल, बड़हलगंज, पीपीगंज, सहजनवां, कैम्पियरगंज, उरुवा, गोला सहित ग्रामीण इलाकों के थाने शामिल हैं।

महिला थाना, कोतवाली, तिवारीपुर, शाहपुर व कैण्ट थानों से बड़ी संख्या में महिला आरक्षियों का भी तबादला किया गया है। म0का0 सीमा यादव को महिला थाना से कैण्ट, म0का0 रूबी त्रिपाठी को खोराबार से शाहपुर, म0का0 प्रिया सिंह को खोराबार से गीड़ा, म0का0 आरती वर्मा को खोराबार से कैण्ट और म0का0 प्रतिमा यादव को शाहपुर से कैण्ट भेजा गया है। हेड कांस्टेबलों में भी भारी फेरबदल किया गया है। हे0का0 दीपक कुमार सिंह (कैण्ट से गीड़ा), हे0का0 अविनाश सिंह (कैण्ट से गोरखनाथ), हे0का0 जितेंद्र सिंह (कैण्ट से शाहपुर), हे0का0 राजन मिश्र (कैण्ट से शाहपुर), हे0का0 मिथिलेश बहादुर (रामगढ़ताल से गोरखनाथ), हे0का0 कौशल यादव (एम्स से कोतवाली) सहित अनेक नाम इस सूची में शामिल हैं। कांस्टेबल श्रेणी में भी दर्जनों नामों का स्थानांतरण किया गया है। कां0 विवेक शुक्ला को कैण्ट से बांसगांव, कां0 विवेक गौड़ को कैण्ट से बड़हलगंज, कां0 रविकांत कुशवाहा को महिला थाना से सिकरीगंज, कां0 मो0 अजाद को कैण्ट से गोरखनाथ, कां0 अनुराग सिंह को रामगढ़ताल से गोरखनाथ, कां0 दिनेश तिवारी को गुलरिहा से एम्स और कां0 राहुल यादव को तिवारीपुर से झंगहा भेजा गया है। एसएसपी के इस सख्त और तेज निर्णय को प्रशासनिक सुधार की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। आमजन भी उम्मीद जता रहे हैं कि नई तैनाती से थानों की कार्यप्रणाली में तेजी आएगी और पुलिसिंग और अधिक प्रभावी होगी। कुल मिलाकर, एक ही आदेश में 195 पुलिसकर्मियों के तबादले ने गोरखपुर पुलिस महकमे में हलचल मचा दी है।

# एसआईआर फार्म वितरण व शतप्रतिशत फार्मों का डिजिटाइजेशन कराने के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ आयोजित की गई बैठक

**●जिलाधिकारी ने डिजिटाइजेशन कार्यों की वास्तविक प्रगति का मूल्यांकन कराने के उद्देश्य से विभिन्न बूथों पर किया औचक निरीक्षण**

**एसआईआर फार्मों का शतप्रतिशत डिजिटाइजेशन हर हाल में किया जाए सुनिश्चित- जिलाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** जिला पंचायत सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में एसआईआर फार्म वितरण एवं शत-प्रतिशत फार्मों के डिजिटाइजेशन कराने के लिए समीक्षा हेतु जनपद स्तरीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन से संबंधित डिजिटाइजेशन समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि आगामी निर्वाचन प्रक्रियाएँ सुचारू, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुदृढ़ रूप में संपन्न की जा सकें।बैठक के उपरांत जिलाधिकारी ने डिजिटाइजेशन कार्यों की वास्तविक प्रगति का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से विभिन्न बूथों पर औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जीजीआईसी इंटर कॉलेज बड़गांव, श्री गांधी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज राधाकुण्ड, तथा कंपोजिट विद्यालय मेवतियान में पहुँचकर एसआईआर फार्मों के वितरण एवं डिजिटाइजेशन की स्थिति का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कार्मिकों से कार्य की गति, उपलब्ध संसाधनों, तथा डेटा अपलोडिंग की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने निरीक्षण के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सभी एसआईआर फार्मों का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन अधिकारियों या कर्मचारियों द्वारा कार्य में ढिलाई बरती जाएगी, उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि डिजिटाइजेशन कार्य निर्वाचन व्यवस्था की पारदर्शिता व मजबूती से सीधे जुड़ा हुआ है, इसलिए प्रत्येक स्तर पर सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना अनिवार्य है। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय बढ़ाने, तकनीकी दिक्कतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।जिलाधिकारी ने उम्मीद जताई कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ करेंगे।

# हरैया सतघरवा, तुलसीपुर,गैसड़ी विकासखंड में मीडिया टीम का व्यापक भ्रमण, मतदाता SIR प्रक्रिया बेहद धीमी

**●ग्रामीणों में बढ़ती नाराज़गी, ब्लॉक की कार्यशैली पर उठे सवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** गैसड़ी विकासखंड में मीडिया टीम द्वारा किए गए व्यापक भ्रमण के दौरान कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। विकासखंड क्षेत्र में मतदाता सूची संशोधन से जुड़े SIR फ़ॉर्म की प्रक्रिया निर्धारित समय सीमा के अनुसार नहीं चल रही है। अधिकांश ग्राम पंचायतों में प्रक्रिया बेहद धीमी होने के कारण नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, पुराने मतदाताओं की प्रविष्टियों में सुधार और मृत मतदाताओं के नाम हटाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य लंबित पड़े हैं। मीडिया टीम जब ग्राम पंचायतों में पहुंची तो कई जगहों पर BLO (बूथ लेवल अधिकारी) नदारद पाए गए। जिन गांवों में BLO मौजूद थे, वहां भी SIR फॉर्म भरने की प्रक्रिया या तो तकनीकी दिक्कतों के कारण रुकी हुई थी या गति बहुत धीमी थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्हें कई दिनों से BLO का इंतजार करना पड़ रहा है, लेकिन अधिकारी गांवों में नियमित रूप से नहीं पहुंच रहे।

युवाओं ने इस देरी पर नाराज़गी जताई। उन्होंने कहा कि नए मतदाता के रूप में नाम जुड़ने में हो रही देरी से आगामी चुनावों में उनका मतदान अधिकार प्रभावित हो सकता है। कई बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगजनों ने भी शिकायत की कि आवश्यक दस्तावेज जमा करने के बावजूद उनका SIR अपडेट नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि SIR प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी का अभाव और समय पर BLO की अनुपस्थिति लोगों को बार-बार दौड़ाने का कारण बन रही है। कुछ स्थानों पर इंटरनेट कनेक्टिविटी की कमी और तकनीकी उपकरणों की दिक्कतें भी सामने आईं, जिससे कार्य और धीमा हो गया है। मीडिया टीम ने पाया कि कई पंचायतों में मतदाता सूची अपडेट की स्थिति बेहद चिंताजनक है। यदि समय रहते इस प्रक्रिया में तेजी नहीं लाई गई, तो हजारों मतदाताओं के नाम सूची में शामिल नहीं हो पाएंगे या गलतियां सुधर नहीं पाएंगी। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि SIR प्रक्रिया को गति देने के लिए विशेष शिविर लगाए जाएं, BLO की जवाबदेही तय की जाए और जहां आवश्यक हो वहां VLO या अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती की जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची सही और अद्यतन रहे, यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पारदर्शिता के लिए बेहद जरूरी है।

## किसानों के महान रहनुमा थे छोटूराम : चंद्रभूषण

**डेवरिया।** डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय में आयोजित जयंती कार्यक्रम में सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि सर छोटूराम किसानों के महानतम रहनुमा थे, जिन्होंने आज़ादी से पहले ही किसानों के हित में कई ऐतिहासिक कानून पारित कराए। उन्होंने बताया कि 1935 से 1939 के बीच सर छोटूराम ने कर्ज माफी अधिनियम, कर्जदार रक्षक कानून, साहूकार पंजीकरण अधिनियम और कृषि उत्पाद मार्केटिंग अधिनियम जैसे अनेक किसान हितैषी कानून लागू करवाए। चंद्रभूषण सिंह ने कहा कि 1881 में रोहतक में जन्मे सर छोटूराम सांप्रदायिकता के कट्टर विरोधी थे और किसानों की आवाज़ को मजबूती से उठाते रहे। उनके विचार किसान बोलना सीखे और अपना दुश्मन पहचाने आज भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में रामप्यारे यादव, इरफान उर्फ सज्जू, मिथिला वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गणना पत्र भरवाने में SIR पर महत्वपूर्ण जानकारी देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं - रईस अहमद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मनकापुर गोण्डा** -301 गौरा विधानसभा में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रईस अहमद द्वारा लगातार गांव में जाकर अपने टीम के साथ sir जो लोग फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं उनका फॉर्म भरने में सहयोग किया जा रहा है लगातार सोशल मीडिया पर वीडियो डालकर फॉर्म भरने की लोगों को विस्तृत जानकारी दी जा रही है साथ-साथ में अपील भी की जा रही है की गणना पत्र अवश्य भरे नहीं तो आपकी छोटी सी लापरवाही आपको मतदान करने से वंचित कर सकती है 4 दिसंबर 2025 इसकी अंतिम तिथि है उससे पहले ही आप अपने फार्म को भर के बीएलओ को रिसीव करा दें और एक रिसीविंग कॉपी अपने पास रखें आपके बीएलओ द्वारा गणना पत्र का दो फार्म दिया जा रहा है दोनों गणना पत्र के फॉर्म भरकर एक कॉपी अपने बीएलओ को दे दें और दूसरी कॉपी हस्ताक्षर करवा कर स्वयं अपने पास रख ले लापरवाही ना करें अन्यथा आप मतदान से वंचित हो सकते हैं इस अवसर पर फरीद अहमद राजकुमार गौतम जमाल अहमद रवि कुमार तस्नीम उल हक मोहम्मद राशिद नंदलाल आदि लोग उपस्थित थे।

# महिला की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या से सनसनी, ऑनर किलिंग या कुछ और? पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** झंगहा थाना क्षेत्र में सोमवार भोर में एक महिला की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या का मामला सामने आया है। मायके आई महिला का खून से लथपथ शव घर के बाथरूम में मिलने के बाद से ही मामला रहस्यमय बन गया है। प्रथम दृष्टया यह ऑनर किलिंग का मामला हो सकता है, लेकिन परिजनों और ग्रामीणों के बयानों के आधार पर पुलिस किसी भी निष्कर्ष पर पहुँचने से पहले सभी पहलुओं को गंभीरता से खंगाल रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जंगल रसूलपुर लक्ष्मीपुर टोला निवासी स्वर्गीय राधे निषाद की पुत्री शिवानी निषाद (उम्र लगभग 29 वर्ष) का शव शुक्रवार सुबह उसके मायके स्थित घर के बाथरूम में क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। महिला का गला धारदार हथियार से रेता गया था। घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई, जिसके बाद झंगहा पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया ताकि घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य इकट्ठे किए जा सकें।

बताया जा रहा है कि शिवानी निषाद की शादी देवरिया जिले के अवस्थी रुदपुर निवासी भोला निषाद के साथ हुई थी। बहन की शादी में मायके आई थी , जिसका रहस्यमय हाल में बाथरूम खून से लथपथ शव मिला परिजनों के अनुसार बाथरूम से काफी देर तक शिवानी बाहर नहीं निकली तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई जवाब न मिलने पर दरवाजा तोड़ा गया, जहां बाथरूम में उसका शव पड़ा मिला। बहरहाल पुलिस को हत्या सन्दिग्ध दिखा , जिससे गहनता से जांच में जुट गई है । हर पहलू पर गम्भीर है । घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की है। घरवालों और ससुराल पक्ष के बीच संबंधों, पिछले दिनों हुए विवादों और महिला के मोबाइल फोन की गतिविधियों की भी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारी यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि हत्या घर के अंदर हुई या किसी बाहरी ने घुसकर वारदात को अंजाम दिया।

थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौत के कारण और समय का स्पष्ट पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चलेगा। हर एंगल से जांच की जा रही है और बहुत जल्द हत्या का खुलासा कर दिया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि महिला का स्वभाव शांत था और उसके किसी से दुश्मनी की जानकारी नहीं थी, जिससे घटना और भी संदिग्ध हो गई है। पुलिस ऑनर किलिंग, पारिवारिक विवाद, अवैध संबंध, संपत्ति विवाद सहित सभी संभावित वजहों की जांच में जुटी है। फिलहाल इलाके में दहशत का माहौल है और लोग इस निर्मम हत्या को लेकर तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। पुलिस के अनुसार जल्द ही मामले का खुलासा कर हत्यारे को गिरफ्तार किया जाएगा।

# खिचड़ी मेला से पहले प्रशासन अलर्ट, शीर्ष अधिकारियों ने गोरखनाथ मंदिर में की व्यापक सुरक्षा समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** आगामी प्रसिद्ध खिचड़ी मेला को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस-प्रशासन पूरी तरह एक्टिव मोड में आ गया है। इसी क्रम में कमिश्नर गोरखपुर, डीआईजी शिवा शिप्पी चनप्पा गोरखपुर रेंज, जिलाधिकारी गोरखपुर, दीपक मीणा तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर राज करन नय्यर ने सोमवार को थाना गोरखनाथ क्षेत्रान्तर्गत स्थित श्री गोरखनाथ मंदिर परिसर का व्यापक निरीक्षण किया। खिचड़ी मेले की विशाल भीड़ को देखते हुए यह निरीक्षण बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर परिसर के मुख्य द्वार, दर्शन मार्ग, सुरक्षा चौकियों, एंट्री-एग्जिट रूट, पार्किंग स्थलों, भीड़ प्रबंधन व्यवस्था, मेडिकल सहायता केंद्र, सीसीटीवी कंट्रोल रूम और आसपास के एरिया का बारीकी से जायजा लिया। कमिश्नर और डीआईजी ने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों से मेले की तैयारी से जुड़े विस्तृत बिंदुओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि खिचड़ी मेला देश भर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का उत्सव है, ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस कर्मियों को भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक मैनेजमेंट, रूट डायवर्जन, पार्किंग व्यवस्था और महिलाओं व बुजुर्गों की विशेष सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा। इसके साथ ही मेले के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, भगदड़ या अव्यवस्था की संभावना को रोकने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल, मोबाइल पेट्रोलिंग, ड्रोन निगरानी और सीसीटीवी की हाईटेक मॉनिटरिंग को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी गोरखपुर दीपक मीणा ने नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, फायर सर्विस, पीडब्ल्यूडी, विद्युत विभाग और अन्य संबद्ध एजेंसियों के अधिकारियों को मेले की व्यवस्थाओं में किसी भी तरह की कमी न रहने देने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि सड़क मरम्मत, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, मेडिकल टीम और एम्बुलेंस की तैनाती समय से पहले सुनिश्चित की जाए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर ने बताया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंदिर परिसर के मुख्य बिंदुओं पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया जाएगा, साथ ही महिला पुलिस, एंटी-रोमियो स्क्वॉड और सादी वेशभूषा में खुफिया टीम भी सक्रिय रहेगी। निरीक्षण के दौरान कई वरिष्ठ अधिकारी, पुलिसकर्मी और स्थानीय प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। प्रशासनिक अधिकारियों की यह संयुक्त कार्रवाई यह संदेश दे रही है कि आगामी खिचड़ी मेला पूरी तरह सुरक्षित, व्यवस्थित और सफल होगा।

# गोरखपुर से शर्मसार करने वाला मामलाः मां की मौत पर बेटे का मातृ-देह लेने से इनकार, कहा- शादी है घर में, लाश आई तो अपशगुन हो जाएगा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** रिश्तों को कलंकित कर देने वाला एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। कैम्पियरगंज क्षेत्र के एक वृद्धाश्रम में रहने वाली बुजुर्ग महिला की मौत के बाद बेटा शव लेने से साफ़ इनकार कर गया। वजह सुनकर न सिर्फ वृद्धाश्रम का स्टाफ हैरान रह गया बल्कि वहां मौजूद बुजुर्ग पिता भी फफक-फफक कर रो पड़े। जानकारी के मुताबिक मृतक महिला पिछले कई महीनों से वृद्धाश्रम में रह रही थीं। मंगलवार सुबह उनकी तबीयत बिगड़ने पर इलाज के दौरान निधन हो गया। वृद्धाश्रम प्रशासन ने बेटे को फोन कर मां की मौत की सूचना दी, लेकिन उसकी प्रतिक्रिया ने सभी को स्तब्ध कर दिया। फोन पर बेटे ने बेहिचक कहा– 'घर में शादी है, इस समय लाश आई तो अपशगुन होगा... चार दिन के लिए लाश फ्रिजर में रखवा दो, शादी के बाद आकर दाह संस्कार करवा दूंगा। '

बेटे के इस अमानवीय और असंवेदनशील जवाब ने वहां मौजूद सभी का दिल दहला दिया। मां की मौत पर बेटे की यह बेरुखी सुनकर साथ रहने वाले बुजुर्ग पति वहीं बेबस होकर रोने लगे। वृद्ध पिता के आंसू देखकर स्टाफ भी भावुक हो गया। उनके अनुसार, परिवार ने पिछले काफी समय से अपनी मां की जिम्मेदारी उठाने से खुद को अलग कर लिया था। बुजुर्ग दंपती को मजबूरी में वृद्धाश्रम का सहारा लेना पड़ा था। वृद्धाश्रम प्रबंधन के मुताबिक, उन्होंने बेटे को समझाने की कोशिश की कि मृतक मां का अंतिम संस्कार तुरंत होना चाहिए, लेकिन उसने किसी भी तरह की जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया। प्रशासन अब इस मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस और जिला प्रशासन को देने की तैयारी में है, ताकि मृतका का सम्मानजनक दाह संस्कार कराया जा सके।

# कानपुर सागर हाइवे पर डंपर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर-** कानपुर सागर हाइवे पर रविवार रात माधव बाग के पास सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे एक तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी, घायल युवक की पहचान भानु प्रताप के रूप में हुई है,यह घटना तब हुई जब एक तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, हादसे के तुरंत बाद हाइवे पर निरीक्षण कर रहे डीसीपी यातायात रविन्द्र कुमार मौके पर पहुंचे, उन्होंने घायल युवक को तुरंत मदद की और उसे इलाज के लिए मां गायत्री अस्पताल में भर्ती कराया, डीसीपी रविन्द्र कुमार ने बताया कि घायल युवक को बिना समय गंवाए स्कार्ट वाहन से मां गायत्री अस्पताल पहुंचाया, डीसीपी की त्वरित कार्रवाई के बाद डंपर को मौके से ज़ब्त कर बिधनू थाने भेज दिया, गया है, उन्होंने बिधनू थाना प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिए कि आगे की क़ानूनी कार्रवाई और आवश्यक छानबीन के निर्देश दिए, डीसीपी यातायात ने यह भी बताया कि रविवार की रात कानपुर सागर हाइवे पर भीषण जाम की स्थिति का निरीक्षण करते समय उन्होंने पचास से अधिक वाहनो के चालान भी किए यह तेज रफ्तार वाहनों से होने वाले खतरों को उजागर करतीं हैं, वहीं डीसीपी यातायात कीमत त्वरित और मानवीय कारवाई की सराहना की जा रही है।



## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा कार्यालय बना एस.आई.आर.बार.रूम,शुशील त्रिवेदी बनाए गए तहसील संयोजक

**विधायक प्रतिदिन 10:00 बजे से 12:00 तक कार्यालय पर लगाएंगे जनता दरबार**

**मोहम्मदी खीरी।** एस.आई.आर.को लेक आम मतदाताओं को आ रही फार्म भरने,मिलने तथा अन्य समस्याओं को लेकर रामलीला मैदान में स्थित भाजपा कार्यालय को बार रूम बनाया गया है ,इसके संयोजक पूर्व जिला कोषाध्यक्ष सुशील त्रिवेदी को बनाया गया है उन्होंने बताया आम जनता की राहत के लिए प्रत्येक दिन हर मंडल के अध्यक्ष सहित पदाधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है, जो प्रत्येक दिन सुबह 10:00 बजे से लेकर 2:00 बजे तक कार्यालय पर बैठकर एस आई. आर से संबंधित शिकायतों का निस्तारण करने में सहयोग करेंगे ,उन्होंने बताया जहां बीएलओ की शिकायतें मिल रही हैं,उसका भी निस्तारण मौके पर जाकर किया जाऐगा,उन्होंने बताया कि मणडल बरबर,राजेपुर बैनी,बहादुर नगर,मोहम्मदी नगर, पसगवा के पदाधिकारी अपने रोस्टर के अनुसार प्रतिदिन लगातार कार्यालय पर बैठेंगे और एस.आई.आर.मे आ रही समस्या का समाधान करेंगे, किसी को अगर कोई समस्या हो तो मेरे नंबर 9794 93 92 70 पर संपर्क कर सकता है।

### खनन ठेकेदारों द्वारा नदी पर बनाया गया पुल किसानों के लिए बना मुशीबत



**सिंगाही-खीरी।** इलाके की सरयू जौराहा नदी पर आज तक जो काम शासन प्रशासन नहीं कर सका उसे खनन ठेकेदारों ने बालू खनन के लिए कर दिखाया है। एसडीएम ने मामले पर अनभिज्ञता जाहिर करते हुए पुल को अवैध बताया है। इलाके में बहने वाली सरयू जौराहा नदी में खनन के लिए लखीमपुर के ठेकेदारों को खनन विभाग की ओर से पट्टा आवंटित किया गया है। जौराहा नदी पर जिस जगह पर पट्टा आवंटित किया गया है वह कटान से प्रभावित इलाका है। ठेका मिलने के बाद ठेकेदार की ओर से मांझा की ओर जाने वाला रास्ता इस्तेमाल करने के बजाय जौराहा नदी पर होम पाइप डालकर अस्थाई पुल बना दिया गया है। जिसके ऊपर से बालू भरे डंफर निकालने की तैयारी की जा रही है। वही पुल बनाए जाने से नदी का प्रवाह दूसरी तरफ घूम गया है जिससे नदी के दक्षिण दिशा में खड़ी फसलों को काफी नुकसान हो सकता है।वहीं नदी पर बने पुल को लेकर जब एसडीएम निघासन राजीव निगम से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि पुल बनने की जानकारी उनको नहीं है जांच कराकर विधिक कार्यवाही किए जाने बात कही है।

### 13 दिसंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, उठाएं लाभ, विभिन्न वादों के होगा निस्तारण

**लखीमपुर-खीरी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर जिले में 13 दिसंबर (द्वितीय शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह लोक अदालत जनपद न्यायालय लखीमपुर-खीरी के साथ सभी तहसीलों में एक साथ आयोजित होगी। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिव कुमार सिंह के निर्देशानुसार तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं अपर जिला जज/नोडल अधिकारी अभिषेक कुमार श्रीवास्तव एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अपर जिला जज/सचिव वीरेन्द्र नाथ पाण्डेय ने बताया कि इस लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है। अपर जिला जज/सचिव वीरेन्द्र नाथ पाण्डेय ने बताया कि लोक अदालत का उद्देश्य तेज, सरल और कम खर्च में न्याय उपलब्ध कराना है, इसलिए वादकारियों के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। समस्त वादकारियों से अनुरोध किया कि 13 दिसंबर 2025 को अपने-अपने वादों का निस्तारण कराकर इस जनहितकारी पहल को सफल बनाने में सहयोग करें।

**किन वादों का होगा निस्तारण**

लोक अदालत में यातायात और लघु आपराधिक प्रकरण, नगर पालिका से जुड़े विवाद,बैंक वाद (धारा 138 परकाम्य लिखित अधिनियम), विद्युत एवं जल विवाद, विशेषकर चोरी संबंधी मामले, राजस्व वाद, पारिवारिक एवं व्यवहारिक मामले, उत्तराधिकार व अन्य समझौतापरक वाद मामलों को प्राथमिकता के साथ सुना जाएगा।

# कपड़ा और सड़ा-गला मोम जलाने वाले क्रेशरो पर गिरी गाज, कोल्हुओं पर ताबड़तोड़ छापे से मचा हड़कंप

**● ग्रामीणों की शिकायत पर स्वतंत्र प्रभात चैनल के द्वारा किए खुलासे के बाद जागा प्रदूषण विभाग, होगी विधिक कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**बरेली/नवाबगंज।** क्षेत्र में चल रहे प्रत्येक कोल्हू पर गंदा कपड़ा और सड़ा-गला मोम जलाकर फैलाए जा रहे ज़हरीले धुएं के खिलाफ आखिरकार प्रदूषण विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। ग्रामीणों द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत और 22 नवंबर 2025 को स्वतंत्र प्रभात चैनल के द्वारा वीडियो की खबर प्रकाशित होने पर जागा प्रदूषण विभाग विभाग की टीम ने ताबड़तोड़ छापामारी कर इलाके में हड़कंप मचा दिया। प्रदूषण विभाग के अधिकारी श्याम बाबू द्विवेदी और लक्ष्मी नारायण अपनी टीम के साथ अचानक मौके पर पहुंचे। छापेमारी के दौरान सामने आया कि लगभग सभी कोल्हू ओं पर गंदा कपड़ा व मोम जलाकर कार्य किया जा रहा था, जिससे पूरे क्षेत्र में जहरीला धुआं फैल रहा था। अधिकारियों को देखते ही कुछ कोल्हू स्वामी अपने-अपने कोल्हू छोड़कर भागते नजर आए, जिससे उनकी मनमानी और अवैध गतिविधियों की पुष्टि होती है। गंभीर बात यह है कि इन कोल्हुओं के बिल्कुल बीचो-बीच फायर स्टेशन मौजूद है, जिसकी पूरी बिल्डिंग धुएं और कालिख से काली पड़ चुकी है। सूत्रों के अनुसार फायर स्टेशन का स्टाफ भी इस जहरीले धुएं के कारण विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त हो गया है। इसे लेकर फायर स्टेशन प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार ने पहले ही प्रदूषण विभाग को एक पत्र लिखकर चेतावनी दी थी कि कोल्हूओं पर गंदा कपड़ा व मोम जलाना तत्काल रोका जाए, अन्यथा छोटी-छोटी चिमनियों से निकलने वाला जहरीला धुआं पूरे क्षेत्र को बर्बाद कर देगा। दूसरी ओर, किसानों का शोषण भी खुलकर सामने आया है। क्षेत्र के किसानों का आरोप है कि ओसवाल चीनी मिल ने पिछले दो वर्षों से गन्ने का भुगतान नहीं किया है, जिससे वे आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। मजबूरी में उन्हें अपना गन्ना कोल्हू स्वामियों को बेहद सस्ते दामों पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कोल्हू संचालक किसानों की इसी मजबूरी का फायदा उठाकर मनमानी दरों पर गन्ना खरीद रहे हैं। विभागीय टीम ने सभी कोल्हुओं की वीडियो रिकॉर्डिंग कर संचालकों के नाम दर्ज किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह गंभीर पर्यावरणीय अपराध है और दोषियों के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर कोल्हू ओं को सील करने की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि जहरीले धुएं से बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को सांस लेने में भारी दिक्कत हो रही है। आंखों में जलन, खांसी और सिरदर्द आम बात हो गई है। अब प्रदूषण विभाग की इस कार्रवाई से लोगों में कुछ उम्मीद जगी है, लेकिन उनका साफ कहना है कि यह कार्रवाई नियमित होनी चाहिए, ताकि क्षेत्र को इस धीमे ज़हर से हमेशा के लिए बचाया जा सके। ग्रामीणों और किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि कोल्हुओं पर सख्त निगरानी रखी जाए और ओसवाल चीनी मिल से तुरंत बकाया भुगतान दिलाया जाए, जिससे किसानों को उनकी मेहनत का हक मिल सके। परंतु सबसे आश्चर्य जनक बात यह है इन गन्ना कोलूओं प्रतिदिन पचासियों रुपए गन्ना की खरीद होती है इस तरह सीजनमें करोड़ों का व्यापार करने के बाद कोई भी इनकम टैक्स नहीं देते हैं यह सरकार को सीधा चूना लगा रहे है अधिकारियों से साथ गांठ करके।

# मानको की धज्जियां उड़ाकर कर बनी रातों-रात सड़क



**● बनने के साथ ही उखड़ने लगी महारानी सूरथ कुमारी सड़क**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**संगाही खीरी।** कस्बे में रातों रात बनाई गयी पेटेंट डामर रोड महारानी सूरथ कुमारी रोड़ में मानक को ताक पर रखकर निर्माण में जमकर धज्जियां उड़ाई गई है। सड़क का निर्माण रात के अंधेरे में मनमाने ढंग से कर दिया गया है। सड़क निर्माण को लेकर व्यापारियों में रोष व्याप्त है। कस्बे की महारानी सूरथ कुमारी रोड़ में बाजार की प्रमुख सड़क है।जिर्णशिर्ण अवस्था में पहुची गयी थी। रोड निर्माण के निर्माण का टेंडर छः माह पहले बकरीद से पहले हो जाना चाहिए था। निघासन उपजिलाधिकारी/ईओ सिंगाही राजीव निगम ने बकरीद तक रोड़ का निर्माण कराने का आश्वासन दिया था। लेकिन धीरे-धीरे समय बीतता गया जब सड़क का निर्माण नहीं हुआ तो कस्बे के व्यापारियों में दबी जुबान से सड़क निर्माण करने की आवाज उठने लगी। तो नगर पंचायत प्रशासन संबंधित ठेकेदार को हार्ड मिक्स रोड महज 5 घंटे में सड़क का निर्माण करा दिया। सड़क के निर्माण में तारकोल व गिट्टी के अभाव होने की वजह से सड़क बनने के साथ ही उखड़ने लगी है। कस्बे के व्यापारियों का आरोप है कि सड़क पर बिछाया गया। रा मटेरियल को ठीक से सड़क पर फैलाया नहीं गया और रोलर से गिट्टी की दबाई नहीं हुई है। जिसका परिणाम है कि सड़क बनने के साथ उखड़ रही है। सड़क के निर्माण में जमकर मानक की धज्जियां उड़ाई गई है। निघासन एसडीएम राजीव निगम/ प्रभारी ईओ सिंगाही ने बताया कि महारानी सूरथ कुमारी रोड हार्ड मिक्स है। सड़क की गुणवत्ता की जांच कराई जाएगी और ठेकेदार का पेमेंट रोक दिया जाएगा।

## शौचालयों पर लटक रहे ताले

**मोहम्मदी खीरी-** नगर व ग्राम पंचायतों में शासन के निर्देश पर एक-एक सार्वजनिक शौचालय बनाया गया, ताकि लोग खुले में शौच जाने से बच सकें। प्रत्येक शौचालय पर एक केयर टेकर तैनात किया गया है, जिनकी जिम्मेदारी सफाई और संचालन की है। लेकिन, अधिकांश स्थानों पर न तो नियमित सफाई हो रही है और न ही शौचालय खोले जा रहे हैं, कई जगह पानी की व्यवस्था तक नहीं है, हालत यह है कि लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी लोग मजबूरी में खेतों, खाली प्लॉटों और सड़कों के किनारे शौच के लिए जा रहे हैं,वही बिकास खण्ड मे बने शौचालय मे गंदगी का अंबार लगा है,गांव में कई शौचालयों का निर्माण तो हो गया, लेकिन उन्हें चालू कराने और संचालन कराने की जिम्मेदारी सिर्फ फाइलों तक सीमित है।

## गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 25000/- के ईनामियां अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पलिया खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन एवं थानाध्यक्ष पलिया के नेतृत्व में आज दिनांक 24.11.2025 को थाना पलिया पुलिस द्वारा, थाना स्थानीय पर पंजीकृत पंजीकृत मु0अ0सं0 416/ 25 धारा 2ख(ii)/3 उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट व मु0अ0सं0 440/ 25 धारा 309(6)/ 317(2) बीएनएस से संबंधित अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व नेपाली नागरिको के साथ लूट की घटना में संलिप्त वांछित/ ईनामियां अभियुक्त सतनाम उर्फ मन्ने सिंह पुत्र स्व0 सुखविन्दर सिंह निवासी मो0 कृष्णानगर कस्बा व थाना पलिया जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा वारण्टी अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

आपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0सं0 278/ 25 धारा 8/ 21 एनडीपीएस एक्ट थाना पलिया खीरी।

2.मु0अ0सं0 416/(25 धारा 2ख(ii)/3 उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट थाना पलिया खीरी।

3.मु0अ0सं0 440/25 धारा 309(6)/ 317(2) बीएनएस थाना पलिया खीरी।

गिरफ्तार करने वाली टीम मे थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी, उ0नि0 श्री प्रेमनारायण सरोज, हे0का0 घनश्याम शर्मा, हे0कां0 जितेन्द्र कुमार, कां0 परीक्षित सैनी, कां0 अजीत यादव, ।कां0 अतुल त्रिपाठी, थाना पलिया जनपद खीरी मौजूद रहे।

# बहूं के आतंक से आहत पीड़ित सांस ने लगाई न्याय की गुहार

**● घर पर ताला डालकर पुत्र की तलाश में दर-दर भटक रही है पीड़ित मां**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में मोहल्ला पट्टी रामदास कस्बा खीरी चौकी व थाना जिला खीरी रुखसाना ने बताया उसके दो पुत्र हैं पीड़िता ने अपने बड़े पुत्र परवेज़ आलम का विवाह ग्राम गुरेला कोतवाली मोहम्मदी जनपद लखीमपुर खीरी के रहने वाले कादिर अली की पुत्री फिज़ा के साथ 6.नवम्बर .2024 को हुआ था शादी के बाद बहूं की हरकतें काफी संदिग्ध थी पुत्र अंदर ही अंदर परेशान था एक दिन पुत्र ने पीड़िता को बताया की यह आम लड़की नहीं है यह साइको है और पागलों की हरकत करती है हम दोनों पति पत्नी की तरह नहीं रहते यह बात मनवाने के लिए कुछ भी कर सकतीं आत्महत्या भी कर सकती है तब पीड़िता ने अपने समझीं से कहा आपकी लड़की तरह-तरह की हरकत कर रही है तब समझीं ने समधन शानम अली को भेजा समधन एक महीने पीड़िता के घर रही और पीड़िता के पुत्र ने गृह जनपद लखीमपुर-खीरी से लेकर लखनऊ मासिक रोग चिकित्सक को दिखाया बहु की हालत में सुधार न होता देख पीड़िता का पुत्र सात माह बाद ससुराल छोड़ आया जहां बहूं तीन माह रहीं उसके बाद समझी ने दिनांक 12.अगसत .2025 को मोहम्मदी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया जिसमें पीड़िता को दहेज मांगने मारने पीटने व पति और बहनोई और पुत्र के दोस्त पर रेप का आरोप लगाया जिसमें दौरान जांच के बाद 19.अगस्त.2025 को सुलह समझौता हुआ। जिसमें पीड़िता का पुत्र बहू को लेकर सीधे नेपाल चला गया जहां पर पुत्र ने बहू को एक कमरा लेकर कार्य करने लगा वहां भी बहु द्वारा तीन बार कमरे से भागकर दो बार फांसी लगाने का प्रयास किया जिसकी जानकारी होने पर पीड़िता ने बहु के विरुद्ध महिला थाने शिकायती पत्र दिया नेपाल से 22 दिन बाद पुत्र व बहूं और महिला थाने आए और समधी,समधन अपने भाई के साथ आए पुलिस ने बहूं को साथ ले जाने की बात कही तो समधी समधन बहूं को छोड़कर चले गए उसके बाद बहूं घर पर आत्महत्या का प्रयास कर प्रताड़ित कर रही समधी फोन कर धमका रहे अगर पुत्री को कुछ हुआ पूरे घर को जेल में सडवा देंगे भयभीत पीड़िता ने घर पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए और दिनांक 12. अक्टुबर.2025 को मुकदमा संख्या 0729 धारा 351(2) बहूं फिज़ा समधी कादिर अली समधी शानम अली बहूं के मामा अलीम, नसीम के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की उसके बाद भी न बहूं घर से गई और न समझीं समधन ले जाने को राजी दिनाक 23.नवम्बर .2025 को पीड़िता के समझी के बुलाने पर पीड़िता का पुत्र बहूं को लेकर मोहम्मदी ससुराल गया जहां पर काफी वाद विवाद हुआ पुत्र को समधी समधन ने अलीम नसीम आदि ने नाजायज तमंचा दिखाकर काफी मारा पीटा गाड़ी नंबर यूपी 31 सी जे 2476 खड़ी करा लिया मौका भागकर पीड़िता के पुत्र ने भागकर जान बचाई पीड़िता के पुत्र के अंदरूनी चोटे आई और घर आकर पीड़िता के पुत्र ने घटना से अवगत कराया भयभीत पुत्र की जान-माल की रक्षा के लिए पीड़िता पुलिस के उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई पीड़िता ने बताया विपक्षी काफी दबंग सर्कस किस्म के ब्यक्ति है। बहूं घर में मानसिक रोगी पति और रिश्तेदारों पर रेप का आरोप लगाया कर पुलिस में शिकायत की घर पर बहूं को तकलीफ़ थी मान लिया जाए पीड़िता प्रताड़ित करती थी उसके बाद पुत्र बहु को लेकर अलंग रहा उसके बाद भी बहूं द्वारा प्रताड़ित करना शातिर समझी और बहूं किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं अगर कोई भी अप्रिय घटना घटित हुई तो उसके जिम्मेदार पुत्र के ससुराली होंगे देखते हैं बुढी बेबस लाचर मां जिसका पति पागल जिसका दुसरा पुत्र डरा सहमा रिश्तेदार भी पीड़िता से दूर रहते हैं क्योंकि एक बार बहूं के आतंक का शिकार हो चुके हैं हर तरफ से घिर चुकी पीड़िता बिल्कुल अकेली पड़ गई है देखते हैं पुलिस अधीक्षक से मिलने के बाद पीड़िता को न्याय मिलता है उसके पुत्र की जीवन रक्षा के लिए पुलिस किस तरह की कार्रवाई करती है यह भविष्य के गर्भ में है।

# बालिका की फांसी को लेकर परिजनों ने काटा हंगामा

**● नाना ने दुष्कर्म और हत्या की दी तहरीर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिंगाही खीरी।** ग्राम रन नगर में नाबालिग 10 वर्ष की बालिका नीतू निषाद के शव को घर के बाहर शहतूत के पेड़ में लटका हुआ देखकर बालिका के नाना ने बालिका के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दुष्कर्म कर हत्या किए जाने की तहरीर कोतवाली तिकुनिया में दी है। पुलिस ने तहरीर लेकर बालिका के शव को पीएम को रवाना कर दिया है। इससे पहले बालिका का पीएम करने से पहले रिपोर्ट दर्ज करने को लेकर बजरंग दल तथा परिजनों ने साथ मिलकर पुलिस से रिपोर्ट दर्ज करने को लेकर नौकझोक की है। बॉर्डर के गांव रननगर निवासी कौशल कुमार की बेटी नीतू निषाद 10 वर्ष का शव रविवार की शाम करीब 6 बजे के बाद घर के बाहर लगे शहतूत के पेड़ में रस्सी से लटका मिला जिसकी सूचना बालिका के नाना राम विलास ने रात्रि 7 पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर कोतवाली ले आए सोमवार को सुबह पीएम भेजने के लिए पंचनामा की तैयारी हो रही थी। इसी बीच बजरंग दल के सुनील श्रीवास्तव तथा राकेश निषाद और तथा बालिका के नाना राम विलास साहू ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर बताया की बालिका के दुष्कर्म के बाद हत्या की गई है। इसकी रिपोर्ट दर्ज की जाए इसके बाद पोस्टमार्टम किया जाए इस पर पुलिस ने कहा पीएम रिपोर्ट में जो आएगा उसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी इसी बात को लेकर परिजनों में तथा कोतवाल पुष्पराज कुशवाहा में नोक झोक भी हुई अंततः पुलिस ने बालिका के नाना रामविलास साहू से तहरीर लेकर शव को पीएम को भेज दिया है। इस बाबत कोतवाली प्रभारी पुष्पराज कुशवाहा ने बताया पहले सूचना बालिका का पेड़ से लटकते और फांसी लगाने की दी गई। इसके बाद कुछ लोगों ने परिजनों को भड़काकर दुष्कर्म और हत्या की तहरीर दिला दी फिलहाल पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया गया है रिपोर्ट के अनुसार आगे की विधिक कार्यवाही की जायेंगी।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो अलग-अलग हादसों में तीन लोग घायल




**गोपीगंज।** नगर में सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो अलग-अलग सड़क हादसों में बाइक सवार पति-पत्नी सहित तीन लोग घायल हो गए। पहले हादसे में बस स्टैंड के पास सड़क पार करते समय नीरज यादव (18) की सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से टक्कर हो गई। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। दूसरी घटना अमवा ओवरब्रिज के पास हुई, जहां बाइक का संतुलन बिगड़ने से मनीष गुप्ता (31) और उनकी पत्नी शिखा देवी (20) घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद शिखा देवी की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# भक्ति और शक्ति से ही होगा मानव कल्याण, विधायक प्रवक्तानंद महाराज



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला के गांधीनगर निवासी राजीव पटेल के आवास पर मानव कल्याण के मकसद से चल रही संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा एवं दिव्य सत्संग का कन्याभोज के उपरांत हुए समापन अवसर पर कथावाचक गुरु जी सदुरु शरण ने नरसी के भात की एवं पीलीभीत के बरखेड़ा से आए विधायक प्रवक्तानंद महाराज ने श्रोताओं को भक्ति और शक्ति के महत्व के बारे में बताया। कथा सुन कर श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। सद्गुरु शरण ने कहा कि भगवान के भजन के बिना मानव का कल्याण संभव नहीं है। कहा कि नरसी का भात की कथा भक्त नरसी मेहता की भक्ति और कृष्ण की कृपा को दर्शाता है। गरीब होने की वजह से नरसी अपनी बेटी के विवाह का भात नहीं कर सके तो उनके आग्रह पर कृष्ण ने स्वयं आकर भात भरकर सभी मांगे पूरी कर नरसी की लाज बचाई थी। विधायक प्रवक्ता नन्द ने कहा कि ऐसी कौन सी शक्ति है जो मानव शरीर को चला रही है।जिसके निकलते ही वह शरीर बेकार हो जाता है। इसलिए मानव को भक्ति और शक्ति में ध्यान लगाना चाहिए। गोला विधायक अमन गिरि, भाजपा नेता समाजसेवी डॉक्टर कौशल वर्मा, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री सर्जन लाल वर्मा, नपा अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू,पूर्व नपा अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, अशोक कनौजिया, अमरीश वर्मा, ज्ञानचंद वर्मा, रामकुमार वर्मा, दाता राम समेत सैकड़ो श्रोता मौजूद रहे।

# विशाल युवा सम्मेलन का आयोजन संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के निमित्त आज जनपद लखीमपुर की 140 श्रीनगर विधानसभा के मंडल सुंदरवल में एक विशाल युवा सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ। इस युवा सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री भाजपा श्री विनोद लोधी जी ने संबोधित किया और उन्होंने संबोधित करते हुए बताया कि भारत जब आत्मनिर्भर बनेगा तभी विकसित राष्ट्र होगा इसी क्रम में क्षेत्र के बहुत ही लोकप्रिय ऊर्जावान जन स्वीकार्य नेता श्री शैलेश तिवारी ने भी युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी जब भी कोई योजना रचना बनती है तब उस योजना में युवा कैसे लगे इसके लिए वृहद रूप से शीर्ष नेतृत्व कार्यशाला एवं युवा सम्मेलन के माध्यम से लोगों को जाकर के उनको जागरूक करके कार्यक्रम को ग्राउंड जीरो पर कैसे उतारा जाए उसके लिए रूपरेखा बनते है आज भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में एक साथ 16 नवंबर से 30 नवंबर तक युवा सम्मेलन आयोजित कर रही है इस आयोजनों के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर भारत हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी अपनाने को लेकर प्रेरित किया जा रहा है जब देश का युवा नौजवान गरीब मजदूर अपने आप में आत्मनिर्भर होगा तो देश भी आत्मनिर्भर की ओर आगे बढ़ेगा श्री शैलेश तिवारी ने बताया जब देश आत्मनिर्भर की ओर आगे बढ़ेगा तो देश के यशश्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का जो सपना है विकसित राष्ट्र का वह पूरा होगा और जिस दिन विकसित राष्ट्र का सपना पूरा हो जाएगा निश्चित रूप से देश में अमन चैन शांति के साथ-साथ हर व्यक्ति सशक्त होगा तभी भारत सशक्त बनेगा इस युवा सम्मेलन में भाजयुमो में जिला अध्यक्ष श्रीराम पांडे जी मंडल महामंत्री श्री आशीष गुप्ताजी आशीष गिरी जी श्याम नारायण गिरी जी विमल दीक्षित जी रामू गुप्ता जी संजय मौर्य जी अटल राय जी धर्मेश मिश्रा जी धीरज कश्यप जी सहित तमाम पदाधिकारी एवं सैकड़ो नौजवान युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सहेली से मोबाइल पर बात करते हुए ट्रेन के आगे कूदी युवती

**ब्यूरो प्रयागराज।** करछना थाना क्षेत्र स्थित रेलवे स्टेशन पर अपनी सहेली से बात करते हुए एक युवती ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। रेलवे कर्मचारियों ने किसी तरह शव को ट्रैक से हटाया। जीआरपी ने छानबीन की, लेकिन मृतका की पहचान नहीं हो पाई।

## करणी सेना ने ठाकुर अमित सिंह को बनाया जिलाध्यक्ष

**भरावन (हरदोई)।** करणी सेना ने खसरौल निवासी ठाकुर अमित सिंह को संगठन का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति करणी सेना के प्रदेश संगठन मंत्री वीर प्रताप सिंह ने की। नियुक्ति के बाद अमित सिंह ने संगठन को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि वे पूरी निष्ठा से संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए कार्य करेंगे।इस अवसर पर सुमित सिंह, शेरा सहित स्थानीय ग्रामीणों ने अमित सिंह को लड्डू खिलाकर बधाई दी।

# विधायक फुलपुर को रीवांचल एक्सप्रेस रुकवाने को दिया ज्ञापन



**नैनी प्रयागराज।** सोमवार को नैनी व्यापार मंडल के महामंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी रेहड़ी पटरी व्यवसाय प्रकोष्ठ महानगर संयोजक घनश्याम जायसवाल एवं पार्षद चाका अनुप भारतीय के नेतृत्व में विधायक फूलपुर दीपक पटेल को एक ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में नैनी रेलवे स्टेशन पर रीवांचल एक्सप्रेस का 2 मिनट का ठहराव (अप डाउन)किए जाने के संबंध में ज्ञापन दिया गया।ज्ञापन में घनश्याम जायसवाल ने कहा की नैनी औद्योगिक क्षेत्र है इस गाड़ी के रुकने से नैनी के व्यापारी सीधे दिल्ली सफर कर पाएंगे, एवं रीवा भी सफर कर सकेंगे । इस संबंध में विधायक दीपक पटेल ने रेल मंत्री भारत सरकार को पत्र लिखकर के 2 मिनट ठहराव की मांग की ।ज्ञापन देने वालों में घनश्याम जायसवाल, पार्षद अनूप भारतीय ,बंटी पटेल, राजू विश्वकर्मा ,टी पी सिंह,सुरेश पटेल तमाम लोग मौजूद थे।

# संक्षिप्त खबरें

## ग्राम पंचायत में नहीं होता सचिव के दर्शन

**ग्रामीण काम के लिए लगाते हैं फोन तो नहीं उठता सचिव का फोन**

**हलिया मिर्जापुर।** हलिया विकासखंड के ग्राम पंचायत मे कुछ सचिव ऐसे हैं जिनका ग्राम पंचायतो में नहीं होता है दर्शन ग्रामीण काम के लिए फोन लगाते हैं नहीं उठता है सचिव का फोन ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार एक सचिव 6 ग्राम पंचायत लेकर बैठे हुए हैं जिसमें कुछ ऐसे ग्राम पंचायत हैं जिसमें काम आधा अधूरा पड़ा हुआ है ग्रामीण जब संपर्क करना चाहते हैं। तो सचिव का नहीं उठता है। फोन या तो कोई कागजात सचिव से बनवाना होता है तो सचिव से संपर्क नहीं हो पता है जिससे ग्रामीण ब्लॉक तक जाने में मजबूर रहते हैं जिससे सचिव की घोर लापरवाही देखने को मिल रहा है की सचिव एक ग्राम पंचायत के एक कार्यालय पर बैठकर ही हर ग्राम पंचायत के कार्यालय का काम निपटाना चाहते हैं और बाकी कार्यालय में ताला लटकता रहता है कोई कार्य के लिए जाते हैं तो ना तो पंचायत सहायक मिलते हैं ना तो सचिव ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग करना चाहते हैं कि ऐसे लापरवाह सचिव के ऊपर नजर रखा जाए जिससे ग्रामीणों का काम सही से हो सके ग्राम पंचायत है।बनवा, लालापुर, खुटहा, गलरा, गलरीया, मजिगवा मे नियुक्त है सचिव।

## हलिया ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में टेंडर क्रॉसिंग जोरो से किया जा रहा है




**हलिया मिर्जापुर।** हलिया विकासखंड के ग्राम पंचायतों मे टेंडर क्रॉसिंग जोरो से किया जा रहा है। कई जगह से पता चला कि ग्राम पंचायत में सचिव व ग्राम प्रधान एक फर्म पर टेंडर करवाते हैं और मटेरियल कहीं और से और भुगतान कहीं और बिल कहीं और से लेकर जोरो से काम कर रहे हैं जिससे कई एक बिल्डिंग मटेरियल के दुकानदार परेशान होकर आवाज उठाना शुरू कर दिए हैं कि ब्लॉक में हेरा फेरी टेंडर क्रॉसिंग का काम बहुत तेजी से चल रहा है जिस बिल्डिंग मटेरियल वालों का ग्राम पंचायत में पैसा बाकी हो गया है वहां से सचिव व ग्राम प्रधान की मिली भगत से तुरंत टेंडर क्रॉसिंग करके दूसरे जगह से मटेरियल लेना शुरू कर देते हैं। ऐसे में कई लोगों ने जिला प्रशासन से मांग करना चाहते हैं कि क्रॉसिंग के काम का जांच किया जाए और जो फर्जी बिना टेंडर का भुगतान लगाया जा रहा है उसको तत्काल रोका जाए ताकि जिस फर्म पर टेंडर हो उसी फर्म पर भुगतान किया जाए नहीं तो ग्राम पंचायत के सचिव व ग्राम प्रधान मिलकर सारे बिल्डिंग मटेरियल वालों का धंधा चौपट करके रख देंगे।

## एडीएम ने निरीक्षण के दौरान बिएलओ को कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश

**हलिया मिर्जापुर।** हलिया विकासखंड के बीस गाँव का सोमवार को बीएलओ के कार्यो को देखा और तेजी लाने के लिये निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम नमामि गंगे विजेता ने सोठिया,सिकटा बीरपुर , सहजी, बसुहरा,हलिया, गलरा, मवयी, महुगढ, ऊटी आदि सहित बीस गाँव में निरिक्षण के दौरान बीएलओ के कार्य सही चलता पाया गया सभी बीएलओ को निर्देशित किया कि कम से कम दो सौ लागो के प्रपत्रों की आन लाइन बिडिंग करे। कार्यो में तेजी लाने की निशिहत दी। कहा कि 30 नवम्बर तक सत प्रतिशत आन लाइन गणना प्रपत्रों को करना अनिवार्य है। इसमें शिथिलता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी, एडीओ एजी नरेंद्र कानापुरिया आदि लोग क्षेत्र में भ्रमण शील रहे।

## धूमधाम से मनाया गया राज कुंवर का जन्मदिन

**अदलहाट मिर्जापुर।** शनिवार की शाम कनक टीवीएस अदलहाट बाजार के स्वामी राज कुंवर का जन्मदिन उनके प्रतिष्ठान पर केक काट कर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। उपस्थित लोगों ने राज कुंवर को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनके दीर्घायु होने के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान उनकी माता शकुंतला देवी पूर्व प्रधान अदलहाट अर्जुन सर्राफ, अखिलेश केशरी, आशीष केशरी, सौरभ पुजारी,तिलकधारी मोदनवाल,पवन तिवारी, चंद्रिका प्रसाद मौर्य, श्याम कुंवर अनिल मिश्रा सहित उनके शुभचिंतक ,मित्र एवं परिवार के लोग उपस्थित रहे।

# शत प्रतिशत पात्र लाभार्थियों का बनाए आयुष्मान कार्ड

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही:** जिलाधिकारी शैलेष कुमार कुशल निर्देशन में जिला विकास अधिकारी ज्ञान प्रकाश ,मुख्य चिकित्सा अधिकारी संतोष चक की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गई। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी ने बताया कि 25 नवंबर से 25 दिसंबर तक आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अभियान चलाया जाएगा इसके अतिरिक्त जिले में 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड से शत - प्रतिशत रजिस्ट्रेशन कराना अतिआवश्यक है उन्होंने ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत चिकित्सालयो में ओपीडी प्रगति,आयुष्मान भारत-पीएम जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड वितरण, उसके सापेक्ष उपचारित लाभार्थियों की अद्यतन स्थिति, जन्म पंजीकरण, जननी सुरक्षा योजना, स्टेबलाइजेशन यूनिट सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की उन्होंने यह भी कहा कि कुछ परिवारों में एक ही कार्ड बना है जो अन्य सदस्यों को कार्ड निर्गत नहीं किए गए है उन्हें भी पात्रता के अनुसार कार्ड बनवाए जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा सके । साथ ही उन्होंने कहा कि नगर विकास विभाग के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि नगरी क्षेत्र में मोहल्ला निगरानी समितियां के माध्यम से उक्त से संबंधित अभियान का निरंतर जागरूकता स्थापित कराया जाए पंचायती राज विभाग को एवं ग्राम विकास विभाग को निर्देश दिया कि योजना अंतर्गत छूते हुए परिवार के सदस्यों 70 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को सत प्रतिशत कार्ड बनाए जाने में ग्राम पंचायत सचिवालय में उपलब्ध में मुनादी के माध्यम से उक्त अभियान के संदर्भ में गांव को अवगत कराते हुए जागरूक कराए साथी पंचायत सहायक ,कोटेदार, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आशा आशा संगिनी का अभियान में सहयोग ले। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी संतोष चक जिला पंचायत राज अधिकारी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा प्रसारित।

# एसआईआर फॉर्म भरने के लिए उमड़ी भीड़, बीएलओ ने की लोगों की मदद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोपीगंज।** मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत सोमवार को गोपीगंज के सभी बूथों पर एसआईआर फॉर्म भरने के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग बीएलओ के पास पहुंचने लगे। शासन के निर्देश पर अवकाश के दिन भी नगर पालिका में बीएलओ तैनात रहे और उनकी मदद को पालिका ईओ रामबचन यादव ने लोगों को फॉर्म भरने में पूरी मदद प्रदान की। दिनभर भीड़ बनी रही, जिसके कारण कई स्थानों पर लंबा इंतजार भी करना पड़ा। अपने प्रपत्र सही ढंग से भरने के लिए बीएलओ से मार्गदर्शन लिया। नगर में लोगों ने बढ़-चढ़कर अभियान में भाग लिया। इसके साथ ही कई परिवार एक साथ पहुंचकर सभी सदस्यों के फॉर्म जमा कर रहे थे। बीएलओ लेखपाल बेलाल अहमद ,लेखपाल शिबू अहमद ने उन्हें यह भी बताया कि इस बार गणना प्रपत्र के साथ किसी भी प्रकार का दस्तावेज जमा नहीं करना है। केवल व्यक्तिगत जानकारी को स्पष्ट और सही भरना आवश्यक है, ताकि संशोधन और सत्यापन की प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी हो सके। जिला प्रशासन के अनुसार, इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिकतम फॉर्म समय पर प्राप्त कर मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है। सुबह से शाम तक लोगों का लगातार पहुंचना और बीएलओ का सहयोग देना अभियान में तेजी का संकेत देता है।

# सूर्या कार्पेट कंपनी में जहरीली गैस के रिसाव से तीन की मौत ,एक गम्भीर

## ● डीएम व एसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**औराई /गोपीगंज।** थाना औराई क्षेत्र के सूर्या कार्पेट कंपनी में सोमवार की सुबह सीवेज टैंक की सफाई और मोटर रिपेयरिंग के दौरान बड़ा हादसा हो गया। वाशिंग वाटर सीवेज टैंक में जहरीली गैस के रिसाव से तीन मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि एक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना से कंपनी परिसर में हड़कंप मच गया और मजदूरों में भारी दहशत फैल गई।घटना सुबह करीब 10:30 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार कंपनी के वाशिंग वाटर सीवेज टैंक की नियमित सफाई और मोटर की मरम्मत कार्य चल रहा था। इसी दौरान अचानक एक वर्कर पैर फिसलने से टैंक में गिर गया। उसे बचाने के प्रयास में अन्य तीन वर्कर भी नीचे उतर गए। टैंक के अंदर कुछ समय पूर्व सफाई व वॉशिंग प्रक्रिया के कारण जहरीली गैस भर गई थी। जैसे ही मजदूर टैंक में उतरे, सभी गैस की चपेट में आते ही बेहोश होकर गिर पड़े। कर्मचारियों ने शोर सुनकर चारों को किसी तरह बाहर निकाला और तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने तीन को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से प्रभावित एक मजदूर का उपचार सूर्या हॉस्पिटल में जारी है। हादसे में दम घुटने से जिन तीन वर्करों की मौत हुई है, वे शिवम दुबे पुत्र विजय कांत दुबे, निवासी सहसेपुर, थाना औराई,रामसूरत उर्फ जयमूरत यादव पुत्र स्व. हरिहरनाथ यादव, निवासी कोठरा, थाना औराई (उम्र 55 वर्ष) शीतला प्रसाद मिश्रा पुत्र शिवपूजन मिश्रा, निवासी दयालपुर, थाना औराई (उम्र 50 वर्ष) के हैं। जबकि राजकिशोर तिवारी पुत्र चंद्रशेखर तिवारी, निवासी कन्धवार, जिला सीधी (मध्यप्रदेश) का इलाज जारी है। उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी शैलेश कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक सूर्या हॉस्पिटल पहुंचे और इलाजरत कर्मी से मुलाकात कर उसका हालचाल जाना। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने सूर्या कार्पेट कंपनी पहुंचकर सीवेज टैंक, सफाई कार्य प्रणाली और सुरक्षा प्रबंधों का विस्तृत निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कंपनी प्रबंधन से घटना के कारणों पर विस्तृत जानकारी ली और सुरक्षा मानकों में हुई संभावित चूक की जांच के निर्देश दिए।स्थानीय पुलिस ने तीनों मृतकों के शव कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है। परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना औराई में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गैस लीकेज के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। कंपनी परिसर में इस समय शांति एवं कानून-व्यवस्था सामान्य है।

**इनसेट** जिलाधिकारी शैलष कुमार ने बताया कि सूर्या कार्पेट में टैंक में गिरने से तीन श्रमिको की दुःखद मृत्यु हो गयी,एक श्रमिक गम्भीर रूप से घायल है,सूर्या ट्रामा सेंटर में घायल श्रमिक का इलाज चल रहा हैं।घटना की मजिस्ट्रियल जाँच के आदेश दिए गए हैं,जाँच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# एपेक्स हासपिटल के एम्बुलेंस में आक्सीजन समाप्त होने पर मरीज की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार मिर्जापुर।** सोमवार को समसपुर स्थित एपेक्स हासपिटल के एम्बुलेंस में आक्सीजन समाप्त हो जाने से मरीज़ की मौत हो जाने पर आक्रोशित परिजनों ने एपेक्स हासपिटल के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में जाकर किया हंगामा। बवाल की जानकारी मिलते ही चुनार कोतवाल विजय शंकर सिंह अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर आक्रोशित परिजनों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद के पंडरी थाना अंतर्गत नेवढ़िया गांव निवासी 71 वर्षीय लाल जी यादव पुत्र बेचन यादव का घर में अचानक हार्ट अटैक आ गया था। परिजनों ने आनन-फानन में नजदीकी समस पुर स्थित एपेक्स हासपिटल बेहतर इलाज के लिए ले गए डाक्टरों ने मरीज़ को देखकर बताया कि हालत चिंताजनक है इनका इलाज वाराणसी में होगा यहां सम्भव नहीं है इलाज। डाक्टरों ने मरीज को उपचार के लिए वाराणसी एंबुलेंस से भेज दिया वहीं परिजनों का आरोप था कि ज्यो ही एम्बुलेंस मरीज को लेकर नकहरा गांव पहुंची थी वहीं ऑक्सीजन खत्म हो गया।

आनन-फानन में एम्बुलेंस का ड्राइवर दूसरा आक्सीजन लगाया कुछ देर बाद वो भी खत्म हो गया। परिजनों का आरोप है कि एम्बुलेंस में लगाये गये आक्सीजन रास्ते में खत्म हो जाने से मरीज की मौत हो गई। मृत्यु की खबर पर परिजनों ने अस्पताल जाकर जमकर बवाल किया। पुलिस मौके पर पहुंच कर मृतक के परिजनों को समझा-बुझाकर मृतक के अन्तिम संस्कार करने के लिए घर के लिए भेज दिया। वही अस्पताल के मैनेजर नवीन कुमार का कहना है कि मृतक के परिजन अस्पताल के कैम्पस में आकर मारपीट गाली गलौज किए हैं हाथापाई में मेरे गले का चैन भी गायब हो गया है। इस घटना के सम्बन्ध में पुलिस जानकारी ली गई तो बताया गया कि किसी के तरफ से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुआ है।

# एक किलो एक सौ तीस ग्राम अवैध गांजे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार मिर्जापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के कुशल निर्देशन में एंव अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन मनीष कुमार मिश्र व क्षेत्राधिकारी चुनार सुश्री मंजरी राव के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चुनार विजय शंकर सिंह के नेतृत्व में अपराध की रोकथाम एव अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे दैनिक अभियान के क्रम में रविवार को शाम लगभग 6.30 बजे उ नि नरेंद्र कुमार यादव मय पुलिस टीम द्वारा मु अ सं 562/2025 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना चुनार,जनपद मीरजापुर से संबन्धित अभियुक्त चंद्रकांत पुत्र बिहारी लाल निवासी अगरसंड रामपुर थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर उम्र 24 वर्ष को 1 किलो 130 ग्राम अवैध गांजा के साथ पिरल्लीपुर पुराने जरगो पुल के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# डीईओ शैलेष कुमार ने एसआईआर की समीक्षा कर दिए कड़े निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जनपद में मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों तथा नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि एसआईआर कार्यों में तेजी लाते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ को प्रशिक्षित, प्रोत्साहित और उनका मनोबल बढ़ाते हुए कार्य कराया जाए, ताकि गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रह और डिजिटाइजेशन का कार्य समयबद्ध रूप से पूरा हो सके। डीईओ ने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में एसआईआर कार्यों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उन्होंने जिला संपर्क केंद्रों और कंट्रोल रूम को और अधिक सक्षम बनाने पर जोर दिया। कंट्रोल रूम में कार्यरत कार्मिक पूरी तरह प्रशिक्षित हों और उन्हें एसआईआर की सभी प्रक्रियाओं का सम्यक ज्ञान हो। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम में आवश्यकतानुसार पर्याप्त फोन लाइनों की उपलब्धता रखी जाए, ताकि कॉल और जिज्ञासाओं का त्वरित समाधान किया जा सके। शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकाय कार्यालयों पर मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरने में सहायता देने हेतु हेल्प डेस्क स्थापित करने और आवश्यकतानुसार कैंप लगाने के निर्देश भी दिए गए। डीईओ ने बताया कि जनपद में अब तक ढाई लाख से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। उन्होंने कम प्रगति वाले बूथों के अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया कि बीएलओ की मॉनिटरिंग बढ़ाई जाए और डिजिटाइजेशन कार्य में अपेक्षित तेजी लाई जाए। उन्होंने 'बुक अ कॉल विद बीएलओ' ऐप पर लंबित प्रकरणों को 48 घंटे के भीतर निस्तारित करने को भी अनिवार्य बताया। डीईओ ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी और सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को गणना प्रपत्रों के वितरण एवं संग्रह का नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी मतदाता को गणना प्रपत्र मिलने से वंचित न रहने दिया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए, बीएलओ के कार्य में प्रभावी सहयोग कर रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपील की कि 4 दिसंबर तक अपना गणना प्रपत्र सही विवरण सहित बीएलओ को उपलब्ध करा दें, ताकि 9 दिसंबर को मतदाता सूची के आलेख्य प्रकाशन में कोई भी मतदाता नामांकन से न छूटे। ऑनलाइन माध्यम से प्रपत्र भरने के विकल्प को लेकर भी लोगों को मीडिया के जरिए जागरूक किया जा रहा है।

# पुरुष नसबंदी पखवाड़ा जागरूकता रैली को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जिले में चल रहे पुरुष नसबंदी पखवाड़ा (21 नवंबर से 4 दिसंबर) के तहत सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रैली को जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में स्वास्थ्य विभाग की टीमें, आशा-एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा अन्य संबद्ध विभागों के कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। रैली के दौरान 'पति होने का फर्ज निभाऊंगा, परिवार नियोजन अपनाऊंगा' तथा 'स्वस्थ मां, स्वस्थ बच्चा–पति के योगदान से बनता अच्छा' जैसे नारों से माहौल गुंजायमान रहा। रैली के उपरांत कलेक्ट सभागार में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि पखवाड़ा दो चरणों में मनाया जा रहा है–मोबिलाइजेशन चरण 21 से 27 नवंबर तथा सेवा प्रदायगी चरण 28 नवंबर से 4 दिसंबर। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी कार्ययोजना तैयार कर समयबद्ध रूप से विभाग को उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि पुरुष नसबंदी सुरक्षित, सरल और प्रभावी परिवार नियोजन विधि है। समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए व्यापक स्तर पर जनजागरूकता की आवश्यकता है। उन्होंने आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी, ग्राम प्रधानों तथा स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि वे घर-घर जाकर पुरुषों से संवाद करें, इच्छुक लाभार्थियों की पहचान एवं प्री-रजिस्ट्रेशन कराते हुए पखवाड़े को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि सास-बहू-बेटा सम्मेलन, संतुष्ट लाभार्थियों का सम्मान कार्यक्रम, तथा स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन सामग्री का प्रदर्शन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, पखवाड़े के दौरान धर्मगुरुओं से बैठक कर समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित किए जाएं। पंचायतीराज, आईसीडीएस व स्वयंसेवी संस्थाओं को भी अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जोर देकर कहा कि सभी एम.ओ.आई.सी. यह सुनिश्चित करें कि जिन पुरुषों को जागरूक किया गया है, उनके नामों की सूची तैयार कर विभाग को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनसंख्या नियंत्रण एवं परिवार कल्याण में अपना प्रभावी योगदान दें। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष चक, जिला पंचायत राज अधिकारी संजय मिश्रा, सभी चिकित्साधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पिछले वर्ष से भी कम भीड़ देखने को मिला गड़बड़ा धाम में

## ● गंवई मेला पर 30 हजार श्रद्धालुओं ने गड़बड़ा धाम में टेका मत्था सीओ और बीडीओ ने मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर मातहतों को दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**हलिया मिर्जापुर।** हलिया क्षेत्र के सुप्रसिद्ध गड़बड़ा धाम में सोमवार को गंवई मेला पर 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने शीतला माता का दर्शन पूजन कर अपनी मनोकामनाएं पूरी की।सोमवार को गंवई मेला को देखते हुए सीओ अशोक कुमार सिंह व बीडीओ हलिया विजय शंकर त्रिपाठी ने गड़बड़ा धाम पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।सीओ और बीडीओ ने मेला क्षेत्र का चतुर्दिक निरीक्षण किया। बीडीओ ने मेला क्षेत्र में मोबाइल शौचालय का निरीक्षण किया साफ सफाई और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करवाए जाने हेतु एडीओ पंचायत को निर्देशित किया। भीड़ को नियंत्रित करने तथा दर्शनार्थियों की सुरक्षा को लेकर थानाध्यक्ष हलिया पुलिसकर्मियों संग तैनात रहे।

सीओ ने मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों की सुरक्षा को लेकर थानाध्यक्ष को विशेष एहतियात बरतने का निर्देश दिया। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर प्रबंधक के लापरवाही के चलते पिछली बार दर्शनार्थियों के साथ लुट छिनैती इतना ज्यादा हुआ था कि दर्शनार्थी ऑटोमेटिक इस बार कम दिखाई दे रहे हैं आगे भी कम होते ही चले जाएंगे क्योंकि मंदिर पर चंदन लगाने के नाम पर लुट दक्षिणा को लेक मंदिर पर दर्शनार्थियों से कहा सुनी बकरे को लेकर कहा सुनी जिसके चलते दर्शनार्थी ऑटोमेटिक टूटना शुरू हो गए हैं नहीं तो 2 साल के पहले बहुत ज्यादा भीड़ गड़बड़ा धाम में लगता था वही मेला क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत लगाया गया नल दो दिन से नल में पानी नहीं आ रहा है जिससे दर्शनार्थियों को समस्या देखने को मिला।

# धाम परिसर में हो रहे भिक्षाटन से यात्रियों को भारी असुविधा हो रही है उसपर तत्काल रोक लगाया लगाई जाए - श्री विंध्य पंडा समाज

## ●अवैध रूप से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा यात्रियों से धन कमाने वालो पर कार्यवाही होगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**विंध्याचल।** श्री विंध्य पंडा समाज व्यवस्थापिका समिति सोमवार को शायः7 बजे श्री विंध्य पंडा समाज व्यवस्थापिका समिति व वरिष्ठजन , परिवाल बंधु के साथ बैठक हुआ।जिसमें श्री माँ विंध्यवासिनी धाम में आने वाले भक्तजन के व्यवस्था के लिए चर्चा हुआ। जिसमें सभी वरिष्ठजन लोगों ने अपने -अपने सुझाव दिए।

1,श्री विंध्य पंडा समाज के सभी सम्मानित पुरोहित बंधुओं का ड्यूटी लगाकर एक अच्छी व्यवस्था बनाई जाए।

2, माँ विंध्यवासिनी धाम परिसर को पूर्ण रूप से साफ-सफाई से रखने का सभी लोगों ने लिया संकल्प।

3,धाम परिसर में हो रहे भिक्षाटन से यात्रियों को भारी असुविधा हो रही है उसपर तत्काल रोक लगाया जाए

4, अवैध रूप से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा यात्रियों से धन कमाने वालो पर कार्यवाही हो।

5,समस्त तीर्थ पुरोहित बंधु अपना ड्रेस ,आई कार्ड पहनकर ही पुरोहिती का कार्य करे।

6, भारत वर्ष और कई कंट्रियों से आने वाले माँ के अनन्य भक्तजन वि0 वि0 आई0 पी वरिष्ठजन के आगमन पर भव्य मंत्रोच्चार द्वारा उनका सम्मान श्री विंध्य पंडा समाज को करना चाहिए।

7,विंध्य कारीडोर में प्रथम तल और संपूर्ण परिसर में पुरोहित बंधु इस बात का विशेष ध्यान दे, कि कोई भी अवैध वस्तु कही दिखाई दे। तो तत्काल श्री विंध्य पंडा समाज को सूचित करे।

8,विंध्य विकास परिषद के अध्यक्ष/जिलाधिकारी महोदय व सचिव/नगर मजिस्ट्रेट महोदय से विचार विमर्श करते हुए संपूर्ण मंदिर की व्यवस्था को सही रखना।

9,श्री विंध्य पंडा समाज व विंध्य विकास परिषद का मीटिंग धाम परिसर में हर महीने होना चाहिए।

10,जल्द से जल्द श्री विंध्य पंडा समाज व विंध्य विकास परिषद का चुनाव नियमावली द्वारा होना चाहिए।

11,विंध्य क्षेत्र के स्थानीय निवासी का वाहन पास जल्द बनवाया जाए। सभी पारिवाल बंधुओं का श्री विंध्य पंडा समाज व्यवस्थापिका समिति द्वारा सम्मान किया गया। सभी लोगों ने एक स्वर से सभी बिंदुओं पर सहमति प्रदान करते हुए जल्द ही सभी व्यवस्थाओं पर प्रशासनिक अधिकारी से वार्ता कर नियम से कार्य करने के लिए संकल्पित हुए। सम्मानित जन उपस्थित हुए । अध्यक्ष पंकज द्विवेदी, मंत्री भानू पाठक, पूर्व अध्यक्ष भगवान दत्त पाठक, पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय, मन्दिर व्यवस्था प्रमुख गुंजन मिश्र, निरीक्षक रतन मोहन मिश्र,गौतम द्विवेदी,केदार नाथ भंडारी,शनि दत्त पाठक अंशुल मिश्र ,राजीव पांडे ,चतुरा मिश्र, व वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

# भारत के 53वें चीफ जस्टिस बनें सूर्यकांत, फरवरी 2027 तक रहेंगे, कई खास फैसले सुनाएंगे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** जस्टिस सूर्य कांत ने सोमवार को भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में पदभार ग्रहण किया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी और कई विदेशी राजनयिकों ने शिरकत की। जस्टिस कांत का कार्यकाल 9 फरवरी 2027 तक चलेगा, जो लगभग 14 महीनों का होगा। वे जस्टिस बी आर गवई का स्थान ले रहे हैं। जस्टिस सूर्य कांत का सफर हरियाणा के एक सामान्य परिवार से शुरू होकर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा है। 1981 में हिसार के गवर्नमेंट पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज से स्नातक करने के बाद उन्होंने 1984 में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से विधि स्नातक की डिग्री प्राप्त की। हिसार जिला अदालत में वकालत शुरू करने के बाद 1985 में वे चंडीगढ़ चले गए, जहां पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में संवैधानिक, सेवा और सिविल मामलों में विशेषज्ञता हासिल की। मार्च 2001 में उन्हें वरिष्ठ वकील का दर्जा दिया गया। हरियाणा के सबसे युवा महाधिवक्ता के रूप में 7 जुलाई 2000 को नियुक्ति पाने वाले जस्टिस कांत की नियुक्ति ने कानूनी हलकों में खासी चर्चा बटोरी थी। 9 जनवरी 2004 को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के स्थायी न्यायाधीश बने। 5 अक्टूबर 2018 को हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के पद पर पदस्थापित हुए और 24 मई 2019 को सुप्रीम कोर्ट में जज के रूप में पहुंचे। सुप्रीम कोर्ट में उनके कार्यकाल के दौरान कई ऐतिहासिक फैसले आए हैं। वे उस बेंच का हिस्सा थे जिसने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण को बरकरार रखा। एक संविधान पीठ के फैसले में उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य विधानसभाओं के विधेयकों पर राष्ट्रपति या राज्यपाल द्वारा कार्यवाही के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की जा सकती। इसके अलावा, औपनिवेशिक काल के राजद्रोह कानून को निलंबित रखने और नई एफआईआर दर्ज न करने के आदेश देने वाली पीठ में भी उनकी भूमिका रही।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बिल्डरों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों के कथित गठजोड़ की सीबीआई जांच के निर्देश देने वाली पीठ के प्रमुख सदस्य रहे। वर्तमान में वे पूरे देश में विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) मामले की सुनवाई कर रहे हैं। जिसमें 26 नवंबर को यह मामला आने वाला है। जस्टिस कांत के कार्यकाल में संवैधानिक कानून, साइबर कानून, आपराधिक न्याय व्यवस्था और चुनाव की अखंडता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर फैसले आने की उम्मीद है। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि उनके लंबे कार्यकाल से हाई प्रोफाइल मामलों पर गहन विचार-विमर्श संभव है। उनके सामने देश की सबसे बड़ी अदालत में 90,000 से अधिक लंबित मामले हैं। जिसकी अक्सर चर्चा होती है। सीजेआई सूर्य कांत ने साफ कहा है कि वे विदेशी फैसलों के बजाय भारतीय संविधान और परंपराओं पर आधारित न्याय देंगे तथा एआई का सावधानीपूर्वक उपयोग कर केस मैनेजमेंट को तेज करेंगे। राजद्रोह कानून (धारा 124 दंड संहिता): औपनिवेशिक राजद्रोह कानून की संवैधानिक वैधता पर चुनौती। 2022 में जस्टिस कांत वाली पीठ ने सभी राजद्रोह स्न्ढ्ढक्रपर रोक लगाई थी। अब अंतिम फैसला आने की संभावना। रोहिंग्या शरणार्थी मामले: रोहिंग्या मुसलमानों को 'शरणार्थी' मानें या 'अवैध घुसपैठिया ' अनिश्चितकालीन हिरासत वैध जुलाई 2025 में जस्टिस कांत की पीठ ने सुनवाई के लिए स्वीकार किया। जल्द सुनवाई संभावित। वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की वैधता: गैर-मुस्लिमों को वक्फ बोर्ड में शामिल करने और सरकारी नियंत्रण के प्रावधानों पर चुनौती। संविधान पीठ में सुनवाई होगी।धार्मिक स्वायत्तता का बड़ा सवाल है। बिहार सहित पूरे देश में स्ढ्ढक्र और मतदाता सूची: 2025 बिहार चुनाव से पहले मतदाता सूची संशोधन से लाखों लोगों के नाम कटने का डर था। वो सही साबित हुआ। सुप्रीम कोर्ट का अंतिम फैसला बाकी। जस्टिस कांत पहले भी इसकी निगरानी कर चुके हैं। तत्काल सुनवाई की संभावना। तलाक-ए-हसन और ट्रिपल तलाक से जुड़े मामले: मुस्लिम पर्सनल लॉ में तलाक-ए-हसन की स्थिति और सुप्रीम कोर्ट का रुख। यह मामला भी सीजेआई सूर्यकांत की बेंच में पहले से ही है। भारत के मुसलमानों से जुड़े इस फैसले से नए हालात पैदा होंगे। राज्यपाल/राष्ट्रपति द्वारा विधेयकों पर देरी: तमिलनाडु, केरल आदि राज्यों के विधेयकों को लटकाना या राष्ट्रपति के पास भेजना। नवंबर 2025 में विशेष संदर्भ सूचीबद्ध। संघवाद (फेडरलिज्म) पर अहम फैसला संभावित।

## नहीं रहे दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र, 89 साल की उम्र में ली अंतिम सांस, पवन हंस श्मशान घाट में हुआ अंतिम संस्कार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का निधन हो गया है। 89 साल की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली। लंबे समय से बीमार चल रहे धर्मेंद्र को सांस लेने में परेशानी थी और उनका स्वास्थ्य लगातार बिगड़ रहा था। उन्हें ब्रीच कैंडी अस्पताल में नियमित जांच और इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। अस्पताल में कुछ दिनों तक इलाज के बाद उनकी हालत में हल्का सुधार हुआ और उन्हें घर ले जाया गया, ताकि परिवार के बीच उनका इलाज किया जा सके। धर्मेंद्र के घर पर उनकी देखभाल के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी, लेकिन उनका स्वास्थ्य लगातार बिगड़ता गया। धर्मेंद्र को सांस लेने में परेशानी के अलावा कई अन्य उम्र संबंधी समस्याएं भी थीं। अस्पताल और घर में लगातार इलाज और निगरानी के बावजूद उनकी हालत गंभीर बनी रही। उनके परिवार के सदस्य लगातार उनकी देखभाल में जुटे रहे। धर्मेंद्र के घर पर एम्बुलेंस और डॉक्टरों की व्यवस्था की गई थी, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मदद उपलब्ध हो सके। उनके फैंस और फिल्म इंडस्ट्री के कई लोग भी उनके स्वास्थ्य के बारे में लगातार अपडेट लेते रहे। सलमान खान, शाहरुख खान और गोविंदा जैसी कई हस्तियों ने अस्पताल और घर पर जाकर धर्मेंद्र से हालचाल लिया था। उनके निधन की खबर सुनते ही पूरे फिल्म जगत में शोक की लहर दौड़ गई। धर्मेंद्र का करियर हिंदी सिनेमा में करीब 6 दशकों का रहा है। उन्हें बॉलीवुड का 'ही-मैन' कहा जाता था। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1960 में फिल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' से की थी। इसके बाद उन्होंने 'शोला और शबनम', 'अनपढ़', 'बंदिनी', 'पूजा के फूल', 'हकीकत', 'फूल और पत्थर', 'अनुपमा', 'खामोशी', 'प्यार ही प्यार', 'तुम हसीन मैं जवां', 'सीता और गीता', 'यादों की बारात' और 'शोले' जैसी कई यादगार फिल्मों में काम किया। धर्मेंद्र ने दमदार अभिनय के दम पर दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। उन्होंने अपने करियर में कई पुरस्कार भी जीते। साल 2012 में उन्हें भारत सरकार के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, उन्होंने कई फिल्मफेयर पुरस्कार भी अपने नाम किए। उन्होंने कई बार आलोचकों और दर्शकों की प्रशंसा भी हासिल की। उनके योगदान के कारण उन्हें बॉलीवुड के सबसे महान और प्रतिष्ठित अभिनेताओं में गिना जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### नवंबर के आखिरी हफ्ते में ठंड का तांडव, प्रयागराज में कोहरा बढ़ा

**मौसम विभाग ने किया अलर्ट जारी।**

**ब्यूरो प्रयाग।** नवंबर के अंतिम सप्ताह में ठंड ने अचानक तेज रफ्तार पकड़ ली है। शहर में दिन-प्रतिदिन तापमान नीचे जा रहा है, वहीं देर रात कई इलाकों में घना कोहरा फैलने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार 21 नवंबर के बाद से तापमान में आई गिरावट ने पूरे शहर के मौसम का मिजाज बदल दिया है। दिन में हल्की और कमजोर धूप निकलती है, लेकिन शाम ढलते ही गलन तेजी से बढ़ जाती है। वातावरण में मौजूद नमी के कारण सूर्यास्त के बाद आसमान पर धुंध की पतली परत बन जाती है, जो देर रात घने कोहरे का रूप ले रही है। फिलहाल दृश्यता में बहुत बड़ी बाधा नहीं आई है, लेकिन आने वाले दिनों में कोहरा और घना होने की पूरी संभावना है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर-पश्चिमी हवाएँ इन दिनों पूरी तरह सक्रिय हैं, जिससे रात का तापमान लगातार नीचे खिसक रहा है। यदि हवा की रफ्तार ऐसी ही बनी रही तो अगले 3-4 दिनों में सुबह और शाम दोनों समय कोहरा और बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए नागरिकों से खास एहतियात बरतने की अपील की है। सुबह-शाम घर से निकलते समय गर्म कपड़ों का उपयोग करें। वाहन चालकों को सलाह दी गई है कि रात में धीमी रफ्तार से चलें और हेडलाइट्स का सही उपयोग करें, क्योंकि बढ़ते कोहरे के चलते सड़क हादसों की आशंका भी बढ़ सकती है।

### विवादित दो गांवों का सीमांकन पूरा, शांति व्यवस्था बनाए रखने को भारी पुलिस बल तैनात

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रशासनिक अधिकारियों के हस्तक्षेप से दो महीनों से चल रहा दो गांवों का सीमांकन आखिरकार पूरा हो गया। सत्याग्रह पर बैठे किसानों की मांग के बाद एसडीएम और राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस बल के बीच सीमांकन और पैमाइश कराई गई। किसानों ने बताया कि बारा तहसील क्षेत्र के गडरा और टिकरी की सीमाओं का निर्धारण न होने से सरकारी नाले व एक प्लाट को लेकर विवादित स्थिति बन गई थी। कई बार दोनों गांवों के दोनों पक्षों से तनातनी भी हो चुकी है। इसी को लेकर किसानों ने बीते दनों सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया था,और जल्द ही समाधान करने की मांग किया था। आंदोलन को देखते हुए एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम ने राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचकर पैमाईश प्रक्रिया शुरू कराई। संभावित तनाव को देखते हुए पुलिस बल की तैनाती कराई गई थी, जिससे किसी तरह की गड़बड़ी या विरोध न हो। एसडीएम ने कहा कि सीमांकन रिपोर्ट जल्द ही तैयार करा दी जाएगी,जिससे भविष्य में कोई विवाद न हो।हालांकि,गौहनिया न्यू बाईपास का आन्दोलन अभी जारी है। जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल और नल से जल योजना में भ्रष्टाचार के खुलासे की मांग की गई थी। इसी तरह जल जीवन मिशन की पाइप लाइन बिछाने के दौरान टूटी हुई सड़कों की मरम्मत भी नहीं हो सकी है।

### प्रयागराज में गुरु तेग बहादुर साहिब की 350 वीं शहादत दिवस पर शोभायात्रा

**करेली से कल्याणी देवी गुरुद्वारे तक उमड़ा श्रद्धा का सैलाब।**



**प्रयागराज।** गुरु तेग बहादुर साहिब की 350 वीं शहादत दिवस के अवसर पर आज करेली से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए कल्याणी देवी गुरुद्वारा पहुंचकर सम्पन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धा और भक्ति का अभूतपूर्व माहौल देखने को मिला। यात्रा में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। रास्ते भर गुरु साहिब के नाम का लंगर चलता रहा, जहां सभी धर्मो के लोग प्रेमपूर्वक लंगर ग्रहण करते नजर आए। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु लगातार कीर्तन करते रहे, वहीं कई स्थानों पर बच्चे और महिलाएं सफाई करते हुए भी दिखे, जो सेवा और समर्पण की मिसाल बने। यात्रा की अगुवाई पंच प्यारों ने हाथों में तलवार लिए की, जबकि गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी संगतमयी वातावरण बनाती आगे बढ़ती रही। करेली से गुजरती शोभायात्रा में आपसी सौहार्द का सुंदर स्वरूप दिखाई दिया, जहां स्थानीय लोगों ने भी सुबह से ही यात्रा को आगे बढ़ाने में पूरा सहयोग दिया। शाम तक शोभायात्रा कल्याणी देवी गुरुद्वारे में पहुंचकर सम्पन्न हुई, जहां संगत ने अरदास कर शहादत दिवस को नमन किया।

## दूषित पानी पीने को मजबूर चक फैजुल्ला के लोग



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी,प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के चक फैजुल्ला के निवासी इन दिनों मोहल्ले में नाली के ओवर फ्लो के चलते दूषित पानी पीने को मजबूर है। जगह जगह पेय जल की पाइप टूटे होने के कारण दूषित पानी के पीने से लोग संक्रामक बीमारियों की चपेट में आ रहे है।चक फैजुल्ला मोहल्ले में रोड के चौड़ीकरण होने के दौरान नाली और पेयजल पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त होने से पिछले कई महीनों से मोहल्ले के लोग इस समस्या से जूझ रहे है। ।वार्ड के सभासद की उदासीनता से समस्या और गंभीर हो गई है। लोगों ने कई बार जल संस्थान को इस समस्या के बारे में अवगत कराया लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ है। मलहरा फाटक से लेकर चीनीमिल रामलीला मैदान होते हुए जेल कॉलोनी तक फैले इस मोहल्ले में मिश्रित आबादी निवास करती है। जिसमें ज्यादातर आबादी समाज के निचले पायदान पर रहकर गुजर बसर करती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नाली के पानी का निकास रोड के चौड़ी होने के बाद बंद हो गया है। जिससे पानी मोहल्ले में जमा हो रहा है और घरों के अंदर पहुंचा रहा है। पीने के पानी की पाइप टूटी होने के कारण सप्लाई में गंदा पानी आ रहा है । जिससे लोग बीमार पड़ रहे है। चक फैजुल्लाह के समाजसेवी मो तारिक, इशरत सिधकी , शिमला देवी, अलगू राम,मोहम्मद फैजान,सितारा, नसीम, प्यारे लाल, राजेश, कुलदीप ने इस समस्या को लेकर नाराजगी जताई है।

## जहाँ बीजेपी हारी वहाँ एसआईआर से 50 हजार से ज्यादा वोट काटने की साजिश: अखिलेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि यूपी में एसआईआर के नाम पर बड़ी साज़िश चल रही है। उन्होंने चुनाव आयोग और बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया कि दोनों मिलकर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर का दुरुपयोग कर विधानसभा क्षेत्रों से 50 हजार से अधिक वोट काटने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि खास तौर पर उन विधानसभा क्षेत्रों को निशाना बनाया जा रहा है जहाँ 2024 लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने जीत हासिल की थी। अखिलेश यादव ने कन्नौज में पत्रकारों से कहा, 'इस बार लाखों शादिया हैं और उसी समय चुनाव आयोग एसआईआर करा रहा है। रिवीजन न बोलें उसको, ये मानकर चलिए कि वोटर लिस्ट नयी बन रही है। नयी इसलिए बना रहे हैं क्योंकि 2024 में ये लोग हार गये थे। 2024 की हार को जीत में बदलने के लिए जहाँ जहाँ समाजवादी पार्टी जीती है वहाँ पर 50 हज़ार वोट कम करने जा रहे हैं ये लोग। ये यूपी की स्थिति है और ऐसा ही वो बंगाल में करने जा रहे हैं। वहाँ तो ममता जी की सरकार है वो रोक लेंगी और वह लड़ रही हैं, लेकिन यहाँ सरकार हमारी नहीं है।' सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि वोट काटने के लिए बिहार वाला मॉडल अपनाया गया है कि विपक्ष की जीती हुई सीटों पर वोट ज़्यादा कटवा दो। अखिलेश ने आगे कहा कि बिहार चुनाव के बाद अखबारों, सोशल मीडिया और अन्य सूत्रों से पता चल रहा है कि भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि वोट काटने के लिए एसआईआर को बहाना बनाया जा रहा है। अखिलेश ने लोगों से अपील की कि वे सतर्क रहें और मतदाता सूची में अपना नाम जरूर चेक करें। उन्होंने कहा, 'उत्तर प्रदेश में यह हो रहा है और पश्चिम बंगाल में तैयारी चल रही है। हम पूरी तरह सतर्क हैं। जनता से अपील है कि अपनी वोटर लिस्ट जरूर चेक करें, कोई गलत तरीके से नाम न कटने पाए।' चुनाव आयोग 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर कर रहा है। इनमें अंडमान-निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को होगा। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने अखिलेश के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा, 'राजस्थान में कोई चुनाव नहीं है, फिर भी वहां एसआईआर चल रहा है। कई ऐसे राज्य हैं जहां चुनाव नहीं होने वाले हैं, फिर भी एसआईआर हो रहा है। ये लोग इसलिए चिल्ला रहे हैं क्योंकि जिन लोगों के नाम कट रहे हैं, वे इनका वोट बैंक हैं। अब इन्हें लग रहा है कि इनकी राजनीतिक जमीन खिसक जाएगी।' बिहार का उदाहरण देते हुए भाटिया ने कहा, 'यही बात तेजस्वी यादव ने 6 महीने पहले कही थी, नतीजा- 25 सीटों पर सिमट गए। अब ममता बनर्जी और अखिलेश यादव वही बात दोहरा रहे हैं। ये लोग 25 से भी कम पर सिमट जाएंगे।' पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने भी मोर्चा खोल दिया है। पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी ने 24 नवंबर को एसआईआर से जुड़े सभी मुद्दों पर बड़ी बैठक बुलाई है। बैठक में हर बूथ स्तर पर निगरानी और कोई भी नाम गलत तरीके से न कटे, इसके लिए रणनीति बनाई जाएगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 25 नवंबर को उत्तर 24 परगना के बोंगांव में मतुआ समुदाय के लोगों से मुलाकात करेंगी। आरोप लगाया जा रहा है कि एसआईआर के ज़रिए मतुआ बाहुल्य इलाकों में वोटर लिस्ट से नाम काटने की कोशिश हो रही है। अखिलेश यादव के इस बयान के बाद उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में सियासी पारा एकदम चढ़ गया है। समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ताओं को हर बूथ पर सक्रिय कर दिया है, जबकि भाजपा इसे 'वोट बैंक की राजनीति की बौखलाहट' बता रही है। अब सबकी नज़र इस बात पर है कि 7 फरवरी 2026 को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में कितने नाम वाकई कटते हैं और क्या यह विवाद 2027 के विधानसभा चुनाव तक खिंचता रहेगा।

# अडानी के नेतृत्व वाली कंपनी ने राजस्थान पीएसयू से 1,400 करोड़ रुपये से अधिक की उगाही की, जिसकी वह हकदार नहीं थी : जयपुर कोर्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** जयपुर की एक जिला अदालत ने पिछले दिनों फैसला सुनाया कि अडानी समूह के नेतृत्व वाली एक कोयला खनन कंपनी ने राजस्थान सरकार की कीमत पर परिवहन शुल्क के रूप में 1,400 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की।कार्यवाही के दौरान, राज्य ने स्वीकार किया कि उसने 'बहुत विनम्रता से' कंपनी की 'बाँध-मरोड़ने' की रणनीति का पालन किया ताकि बिजली की कमी से राज्य की अर्थव्यवस्था को नुकसान न पहुँचे। उसने अडानी के नेतृत्व वाली कंपनी पर 'हमेशा जबरन वसूली' करने और 'गलत लाभ कमाने' का आरोप लगाया। स्क्राल के अनुसार 5 जुलाई 25 को सुनाए गए फैसले में अडानी के नेतृत्व वाली कंपनी को 50 लाख रुपये का जुर्माना भरने का निर्देश दिया गया, और राज्य सरकार को निर्देश दिया गया कि वह नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सरकारी खातों के संविधान-प्रदत्त लेखा परीक्षक) से राज्य और समूह के बीच हुए सौदे का ऑडिट करने का अनुरोध करे। इन निर्देशों पर राजस्थान उच्च न्यायालय ने 13 दिन बाद रोक लगा दी। लेकिन इस फैसले के साथ पहली बार लगभग दो दशक पुरानी व्यवस्था–जिसे भारत के सबसे विवादास्पद कोयला अनुबंधों में से एक माना जाता है–के प्रमुख विवरण सार्वजनिक रूप से सामने आए। 2007 में, कोयला मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ के घने हसदेव अरंड जंगलों में एक कोयला ब्लॉक राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड को आवंटित किया था। परसा ईस्ट और केंते बासन नामक इस ब्लॉक में 45 करोड़ टन से ज़्यादा कोयला था। इसके तुरंत बाद, वसुंधरा राजे के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार के तहत, आरआरवीयूएनएल ने अडानी एंटरप्राइजेज के साथ एक संयुक्त उद्यम समझौता किया, जिसके तहत एक नई कंपनी बनाई गई जो कोयले का खनन करने और छत्तीसगढ़ से राजस्थान में अपने बिजली संयंत्रों तक इसे पहुंचाने के लिए जिम्मेदार होगी। नई कंपनी का नाम पारसा केंटे कोलियरीज लिमिटेड रखा गया - जहाँ अडानी एंटरप्राइजेज के पास इसके 74% शेयर थे, वहीं सरकारी कंपनी के पास 26%। इससे अडानी समूह इस संयुक्त उद्यम की कमान संभाल पाया। यह देश में अपेक्षाकृत नई तरह की व्यवस्था थी, जिसके तहत सरकार एक निजी ठेकेदार, जिसे माइन डेवलपर और ऑपरेटर कहा जाता था, को खनन सेवाओं के लिए शुल्क का भुगतान करती थी। कई स्वतंत्र विशेषज्ञों ने ऐसी व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए हैं और तर्क दिया है कि ये व्यवस्थाएं निजी कंपनियों को सार्वजनिक क्षेत्र के उपयोग के लिए आवंटित खदानों से लाभ कमाने की अनुमति देती हैं। इससे पहले, केवल उन्हीं कंपनियों को कोयला खदानें आवंटित की जा सकती थीं जिनके पास कोयले पर निर्भर संयंत्र, जैसे ताप विद्युत संयंत्र, थे। कंपनियों को खदान के लिए प्रतिस्पर्धा करने से पहले कोयले के इच्छित अंतिम उपयोग को स्थापित करना होता था, और फिर यह सुनिश्चित करने का भार उठाना होता था कि खनन उनके लिए लाभदायक हो।

माइन डेवलपर और ऑपरेटर मॉडल ने निजी कंपनियों को बिना किसी दबाव के खनन से पैसा कमाने की अनुमति दी - उदाहरण के लिए, किसी विशाल बिजली संयंत्र के मालिक होने और उसे चलाने की ज़रूरत के बिना। इसके बजाय, ये लागतें राज्य द्वारा वहन की जातीं। समय के साथ, अडानी भारत का सबसे बड़ा कोयला खदान डेवलपर और ऑपरेटर बन गया, जिसके पास 2,800 मिलियन टन से अधिक कोयले के नौ अनुबंध थे।अडानी के नेतृत्व वाले संयुक्त उद्यम और राजस्थान राज्य बिजली कंपनी के बीच कानूनी लड़ाई - जो 2020 में शुरू हुई और 2025 में समाप्त हुई - ने भारत में अडानी के सबसे लाभदायक कोयला खदान अनुबंधों में से एक की दुर्लभ जांच की। संयुक्त उद्यम के गठन के लगभग एक वर्ष बाद, जुलाई 2008 में, अडानी के नेतृत्व वाले संयुक्त उद्यम और राजस्थान राज्य की कंपनी ने कोयला खनन और वितरण समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसमें उनकी व्यवस्था की शर्तें तय की गईं। इस समझौते के तहत, अडानी के नेतृत्व वाला संयुक्त उद्यम राजस्थान राज्य की कंपनी के बिजली संयंत्रों तक कोयले के खनन और परिवहन के लिए ज़िम्मेदार था। इसने अपनी सभी लागतों को जोड़कर और बिजली उत्पादक को सौंपे जाने वाले कोयले के लिए प्रति टन मूल्य निर्धारित करके यह अनुबंध हासिल किया। अदालत में मामला इस एजेंसी को भुगतान के सवाल पर केंद्रित था। अदालत ने कहा कि सरकारी कंपनी ने 'खदान स्थल से निकटतम रेलवे स्टेशनों तक सड़क परिवहन का पूरा खर्च' वहन किया। इसमें कहा गया है कि चूंकि अनुबंध के तहत अडानी के नेतृत्व वाली कंपनी को कोयले को निकटतम रेलवे लाइन तक पहुंचाना था, इसलिए यह 'कल्पना से परे' था कि कंपनी 'सड़क परिवहन शुल्क के भुगतान से बच सकती है '। लेकिन असल में, अदालत में विवाद इस राशि को लेकर था ही नहीं - जो राजस्थान की कंपनी ने चुकाई थी। बल्कि, यह इसलिए हुआ क्योंकि अडानी के नेतृत्व वाली कंपनी ने इन परिवहन शुल्कों की प्रतिपूर्ति में देरी के कारण सरकारी कंपनी से ब्याज का दावा किया था। अडानी के नेतृत्व वाले संयुक्त उद्यम द्वारा निर्धारित समय-सीमा के अनुसार, वह ट्रांसपोर्टर को उसकी सेवाओं के लिए भुगतान करेगा और राजस्थान राज्य की कंपनी 15 दिनों के भीतर यह राशि वापस कर देगी। संयुक्त उद्यम सात दिनों की छूट अवधि भी देने को तैयार था। अदालती फैसले में स्पष्ट किया गया है कि ये शर्तें अनुबंध में निर्धारित नहीं थीं, बल्कि दोनों कंपनियों के बीच अलग-अलग हुए




समझौते का हिस्सा थीं, जिसकी पुष्टि मार्च 2013 के एक पत्र में की गई थी। अडानी के नेतृत्व वाले संयुक्त उद्यम ने दावा किया कि सरकारी कंपनी ने भुगतान में देरी की, जिससे उसे बैंक ऋणों पर निर्भर रहना पड़ा। उसने आरोप लगाया कि राजस्थान की कंपनी ने भुगतान तो कर दिया, लेकिन देरी के कारण बैंक ऋण पर ब्याज लगभग 65 करोड़ रुपये तक बढ़ गया। अडानी के नेतृत्व वाले संयुक्त उद्यम ने इस ब्याज का भी भुगतान करने की मांग की। फरवरी 2018 में, जब भाजपा सत्ता में थी, तो सरकारी कंपनी ने ऐसा करने से इनकार कर दिया। अप्रैल 2018 में, अडानी के नेतृत्व वाले संयुक्त उद्यम ने सरकारी कंपनी से इस मामले को सुलझाने के लिए मध्यस्थता करने का अनुरोध किया। अगस्त 2018 में, सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी ने इनकार कर दिया। उस समय भाजपा सत्ता में थी और वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री थीं। अडानी के नेतृत्व वाला संयुक्त उद्यम जुलाई 2020 में अदालत में चला गया, कांग्रेस के सत्ता में लौटने के डेढ़ साल बाद, जिसमें अशोक गहलोत शीर्ष पर थे।कानूनी कार्रवाई शुरू करने के बावजूद, अडानी के नेतृत्व वाले संयुक्त उद्यम ने कोयला खदान और डिलीवरी समझौता प्रस्तुत नहीं किया, जो मामले का आधार है। संयुक्त उद्यम ने न तो बोर्ड मीटिंगों के विवरण, न ही अपनी वित्तीय बहीखाते और लेन-देन का विवरण प्रस्तुत किया, जबकि अदालती दस्तावेजों में इनका उल्लेख था। जानकारी छिपाने के इस प्रयास के कारण जिला अदालत ने संयुक्त उद्यम की शिकायत को 'अधूरी कहानी' और 'घटनाओं का चुनिंदा विवरण' कहा। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड ने अदालत में अपने प्रस्तुतीकरण में कहा कि उसने अडानी के नेतृत्व वाले संयुक्त उद्यम की मांगों को इसलिए मान लिया क्योंकि राज्य के बिजली संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की समस्या से 'बिजली की कमी हो सकती है और राज्य की अर्थव्यवस्था पर विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता है '। इसके बजाय, अदालत ने कहा कि कंपनी ने कोयले के सड़क परिवहन पर हुए 1,400 करोड़ रुपये से ज़्यादा के खर्च की भरपाई कर ली। इसके अलावा, उसने 'इस लागत पर ब्याज के बोझ से बचकर' अतिरिक्त मुनाफ़ा कमाने की कोशिश की। दरअसल, अदालत ने यह टिप्पणी की कि कंपनी को 'कई मामलों में अनुबंध के पालन में चूक के बावजूद फ़ायदा हुआ।' उसने आगे कहा, 'कानून की यह स्थापित धारणा है कि कोई अपनी गलती का फ़ायदा नहीं उठा सकता। 'इन निष्कर्षों के आधार पर ही अदालत ने अडानी के नेतृत्व वाली कंपनी को 50 लाख रुपये का जुर्माना भरने का आदेश दिया और राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह दोनों संस्थाओं के बीच हुए सौदे का लेखा परीक्षण करने के लिए नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक से अनुरोध करे। अडानी के नेतृत्व वाले संयुक्त उद्यम द्वारा अपील दायर करने के बाद राजस्थान उच्च न्यायालय ने इन कार्रवाइयों पर रोक लगा दी है।

## अरछा बरेठी में पैश्वनी नदी का तेज कटान, सौ से अधिक परिवार पर संकट



### डीएम से समाजसेवी ने कटानरोधी कार्य कराने की लगाई गुहार

**चित्रकूट।** तहसील राजापुर के विकास खंड पहाड़ी के ग्राम पंचायत अरछा बरेठी में पैश्वनी नदी का तेजी से हो रहा कटान ग्रामीणों की बड़ी समस्या बन गया है। नदी के किनारे बसे दर्जनों परिवार हर बरसात के मौसम में अपने घर-बार व कृषि भूमि को कटान से बचाने के लिए चिंतित रहते हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से कटानरोधी कार्य कराने की मांग उठाई है। ग्रामीण समाजसेवी शंकर यादव ने जिलाधिकारी को प्रेषित पत्र में बताया कि पैश्वनी नदी गांव के मध्य से होकर गुजरती है और लगभग 200 मीटर क्षेत्र में आबादी सीधे नदी के किनारे बसी हुई है। बरसात के समय नदी में बढ़ाव आते ही तीव्र कटान शुरू हो जाता है। कटान के चलते नदी किनारे बनी एप्रोच रोड और नवनिर्मित पुल की नींव तक कमजोर हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अब तक सैकड़ों घर कटान की भेंट चढ़ चुके हैं और कई परिवार बेघर होकर खेतों में अस्थायी झोपड़ियाँ डालकर रहने को मजबूर हैं। खेतों की मिट्टी बह जाने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि हर साल जान-माल के खतरे के बीच रहना उनकी मजबूरी बन गई है। यादव ने जिलाधिकारी से अपील करते हुए कहा कि यदि शीघ्र कटानरोधी कार्य नहीं कराए गए, तो आने वाले बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से नदी किनारे पक्की सुरक्षा दीवार, पत्थर क्रेट और अन्य तकनीकी उपाय कराने की मांग की है, ताकि गांव की आबादी सुरक्षित रह सके। ग्रामीणों ने आशा व्यक्त की है कि जिला प्रशासन जल्द ही टीम भेजकर समस्या का स्थलीय निरीक्षण कराएगा और स्थायी समाधान की दिशा में कदम उठाएगा।

# संक्षिप्त खबरें

## बस्तीमण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में सम्पन्न



**बस्ती।** बस्तीमण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुई। उन्होने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्यमी निवेशकों के इकाईयों के स्थापना में आ रही समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी, ओडीओपी, निवेश मित्र पोर्टल सहित सभी योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि ऋण वितरण समय से करायें। उद्यमियों की समस्याओं का निराकरण करना सरकार की सर्वोच्य प्राथमिकताओं में एक है। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नही होंगी। निवेशमित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों को समयान्तर्गत संबंधित अधिकारी निस्तारित करें।अपर आयुक्त उद्योग हरीश प्रताप सिंह ने बताया कि मण्डल के अन्तर्गत जनपद बस्ती में कुल 210 इकाईयों द्वारा रू0 2381.00 करोड़ का पूँजी निवेश एवं 8829 व्यक्तियों का रोजगार प्रस्तावित है। जनपद संतकबीरनगर में कुल 99 इकाईयो द्वारा रु0 1888.56 करोड़ का पूँजी निवेश एवं 7479 व्यक्तियों का रोजगार प्रस्तावित है। जनपद सिद्धार्थनगर में कुल 70 इकाईयों द्वारा रु0 399.39 करोड़ का पूँजी निवेश एवं 2626 व्यक्तियों का रोजगार प्रस्तावित है। इस प्रकार बस्ती मण्डल में कुल 379 निवेशकों द्वारा रू0 4668.95 करोड़ का पूँजी निवेश एवं 18934 व्यक्तियों को रोजगार प्रस्तावित है। बस्ती मण्डल के कुल 275 निवेशको के रू0 3613.00 करोड़ के निवेश प्रस्ताव घरातल पर पर आयें एवं जिसके परिणामस्वरूप मण्डल में कुल 13364 व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त हुआ।बैठक में उद्यमी अशोक अग्रवाल ने बताया कि सड़क से विद्युत लाइन ले जाने हेतु आर0ए0पी0डी0आर0पी0 योजना में 11के0वी पाण्डेय बाजार व 11 के0वी0 हथियागढ़ फीडर पर कार्यदायी संस्था द्वारा पोल लगा दिये गये किन्तु तार अभी तक नहीं खींचा गया। उक्त के सम्बन्ध में अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, बस्ती को निर्देशित किया गया कि वे सन्दर्भित प्रकरण का नियमानुसार त्वरित निस्तारण करायें।बैठक में उपायुक्त उद्योग बस्ती हरेन्द्र प्रताप, संतकबीरनगर राजकुमार शर्मा, सिद्धार्थनगर उदय प्रकाश पासवान, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता सरयू नहर खण्ड-4, बस्ती दिनेश मोहन, सहायक अभियन्ता अजय कुमार, कार्यकारी अधिकारी जिला पंचायत अमिता सिंह, चेम्बर्स आफ कामर्स के अध्यक्ष अशोक सिंह व महामंत्री एच0सी0 शुक्ल, अध्यक्ष उ0प्र0 इण्डस्ट्री एसोसिएशन अरविन्द पाठक, इलियास अहमद, हेमन्त तिवारी तथा विभागीय अधिकारीगण व उद्यमीगण उपस्थित रहें।

## एसआईआर अभियान सबसे उत्कृष्ट प्रगति करने वाले तीन बीएलओ सम्मानित










**भदोही।** विधानसभा-392 भदोही में बूथ संख्या 117 जू. हाईस्कूल देवदासपुर के बीएलओ अभिषेक कुमार मिश्र (रोजगार सेवक) विधानसभा-393 ज्ञानपुर में बूथ संख्या 304 प्राथमिक विद्यालय काशीरामपुर कक्ष संख्या 2 के बीएलओ विनोद कुमार,विधानसभा-394 औराई में बूथ संख्या 210 प्राथमिक विद्यालय संवरा रघुनाथपुर के बीएलओ विनय कुमार सिंह शिक्षामित्र इन तीनों बीएलओ द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एस आई आर-2026 अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कार्य पूर्ण करने पर जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी शैलेष कुमार द्वारा इनके कार्य की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं व बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जनपद के समस्त बीएलओ से अपील की गयी कि इसी प्रकार सभी समयबद्ध रूप से कार्य करते हुए अपने लक्ष्य को ससमय पूर्ण करते हुए एस आई आर-2026 अभियान को सफल बनायें।

# आईआरसीटीसी घोटाला: राबड़ी देवी ने जज विशाल गोगने पर पर लगाए गंभीर आरोप

● केस को ट्रांसफर करने की अर्जी दाखिल की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** आईआरसीटीसी घोटाला मामले में एक बड़ा मोड़ आया है। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और आरजेडी की वरिष्ठ नेता राबड़ी देवी ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में एक महत्वपूर्ण याचिका दाखिल की है। इस याचिका में उन्होंने मामले की सुनवाई कर रहे जज विशाल गोगने पर पक्षपात का आरोप लगाया है और अनुरोध किया है कि केस को किसी अन्य जज के पास स्थानांतरित किया जाए। राबड़ी देवी का कहना है कि जज पूर्व-नियोजित तरीके से केस को आगे बढ़ा रहे हैं और उनके प्रति न्यायिक दृष्टिकोण निष्पक्ष नहीं दिख रहा है। इसी कारण उन्होंने केस ट्रांसफर की मांग की है। जज विशाल गोगने वर्तमान में आईआरसीटीसी घोटाला मामले में राबड़ी देवी, लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव समेत कई अन्य के खिलाफ आरोप तय किए जाने के बाद सुनवाई कर रहे हैं। यह मामला रेल होटल आवंटन में कथित अनियमितताओं से जुड़ा है, जिसमें सीबीआई ने गंभीर आरोप लगाए हैं। इससे पहले भी राउज एवेन्यू कोर्ट से लालू-राबड़ी को बड़ा झटका लग चुका है। 11 नवंबर को अदालत ने उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी ने दैनिक सुनवाई का विरोध किया था। उनकी याचिका में अनुरोध किया गया था कि दैनिक सुनवाई को या तो स्थगित किया जाए या इस पर कुछ राहत दी जाए, लेकिन कोर्ट ने इसे मानने से इनकार कर दिया और कहा था, 'यह याचिका सुनवाई योग्य, व्यावहारिक या न्यायोचित नहीं है। 'राबड़ी देवी की ओर से केस ट्रांसफर की मांग ने इस मामले को और पेचीदा बना दिया है। अब सभी की निगाहें इस बात पर हैं कि कोर्ट उनकी याचिका पर क्या फैसला देता है। क्या केस वास्तव में किसी और जज को सौंपा जाएगा या सुनवाई वहीं जारी रहेगी?

## रक्तदान शिविर में रक्तवीरों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड:-** प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीते सोमवार को आयोजित रक्तदान शिविर में 10 रक्तवीरों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवीय सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया। बताया जाता है कि उपायुक्त पाकुड़ की सराहनीय पहल पर प्रत्येक माह की 24 तारीख को स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसमें लोग उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। रक्तदाताओं ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है और इससे असहाय तथा जरूरतमंद मरीजों की सहायता होती है। कार्यक्रम में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मंजर आलम, प्रभात दास, नित्य कुमार पाल, नर्सिंग स्टाफ, तकनीशियन निगेश प्रसाद तथा अन्य मेडिकल कर्मियों की प्रशंसनीय भूमिका रही। स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पूरे दिन उत्साहपूर्ण वातावरण रहा और लोगों ने बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया। प्रशासन ने रक्तदाताओं के इस नेक कार्य की सराहना की।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का कांग्रेस ओबीसी मोर्चा ने लिया जायजा

● जनता की समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंड:-** हजारीबाग जिला में चल रहे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नागवाला और ओबीसी जिला अध्यक्ष अजय प्रजापति ने विभिन्न स्थानों पर जाकर निरीक्षण किया। दोनों नेताओं ने सदर प्रखंड और इचाक प्रखंड के शिविरों में पहुंचकर जनता की समस्याओं को मौके पर ही सुना और अधिकारियों को तुरंत समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिला उप विकास आयुक्त भी मौजूद रहे। उन्होंने शिविरों में चल रही गतिविधियों का अवलोकन किया और आम लोगों की समस्याओं को समझते हुए उनके समाधान में सहयोग किया। सदर और इचाक के अंचल अधिकारी भी अपनी ड्यूटी पर पूर्णतः मुस्तैद दिखे। कांग्रेस के कई सदस्य भी शिविरों में सक्रिय रहे और ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करते रहे। कार्यक्रम स्थल पर भीड़ काफी रही, जहां बड़ी संख्या में लोग प्रमाण पत्र, पेंशन, आवास, सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य योजनाओं से जुड़ी सेवाओं का लाभ लेने पहुंचे। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नागवाला ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे आम जनता तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहल बिचौलियों को हटाकर लोगों को पारदर्शी तरीके से सुविधा उपलब्ध कराने में कारगर साबित हो रही है। ओबीसी जिला अध्यक्ष अजय प्रजापति ने बताया कि वे पूरे जिले में चल रहे इस कार्यक्रम का लगातार दौरा कर रहे हैं ताकि किसी भी लाभुक को किसी प्रकार की समस्या न हो और सभी लोगों को उनके अधिकार समय पर मिल सकें। कार्यक्रम में सदर बीस सूत्री अध्यक्ष राजीव मेहता, इंटक के प्रदेश सचिव धीरज सिंह, मिथलेश प्रजापति, गांगो प्रजापति, राजेश कुमार, रवि शेखर, महेश प्रसाद सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे और आमजन को भरपूर सहयोग प्रदान किया।

## धनवार पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर का आयोजन 27 को

● मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में ग्रामीणों को मिलेगा योजनाओं का सीधा लाभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही प्रखण्ड अंतर्गत धनवार पंचयात के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोरियाडीह के प्रांगण में 27 नवंबर दिन गुरुवार को समय 10:30 बजे से 3:30 तक सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार,को लेकर आम जनों के लिए विशेष सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि शिविर का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि क्षेत्र का कोई भी पात्र परिवार सरकारी योजनाओं से वंचित न रह जाए। शिविर में विभिन्न योजनाओं से संबंधित फॉर्म भरने, दस्तावेजों के सत्यापन तथा नए आवेदन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जिन प्रमुख योजनाओं के लिए आवेदन लिए जाएंगे, उनमें जाति, आवासीय और आय प्रमाण पत्र, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, झारखंड, मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना और अबुआ आवास योजना शामिल हैं। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि शिविर का मुख्य लक्ष्य ग्रामीणों तक सरकार की सभी योजनाओं का लाभ बिना देरी और परेशानी के पहुँचाना है। उन्होंने सभी पात्र लाभुकों से अपील की कि वे आवश्यक दस्तावेज के साथ शिविर में समय पर उपस्थित हों।

## फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की पहल, ग़रीबों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण



**हजारीबाग, झारखंड:-** कटकमदाग प्रखंड के सलगा गांव स्थित बिरहोर टांडा में बीते सोमवार को फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा जरूरतमंद परिवारों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। इसमें जैकेट, टोपी, मोज़े सहित अन्य ऊनी वस्त्र शामिल थे। वितरण कार्यक्रम चेंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस अवसर पर सचिव राकेश ठाकुर, उपाध्यक्ष सुबोध अग्रवाल, वरीय सदस्य राज वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। सचिव राकेश ठाकुर ने बताया कि जाड़े के इस मौसम में जरूरतमंदों की मदद के उद्देश्य से कपड़ा वितरण का यह अभियान शुरू किया गया है और यह आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## मलकोको व डपोक पंचायत में लगा शिविर, 1149 आवेदन हुए प्राप्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** सेवा का अधिकार सप्ताह अभियान के तहत सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' शिविर का आयोजन मलकोको और डपोक पंचायत में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ चंद्रशेखर कुणाल, डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी, बीसीओ संजय यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, डपोक मुखिया इंद्रा देवी और प्रतिनिधि अर्जुन रविदास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा,की शिविर के माध्यम से सरकार की योजनाएँ सीधे लोगों तक पहुँच रहीं हैं, जिससे उन्हें काफी सहूलियत मिल रही है। ग्रामीणों की बढ़ी हुई भागीदारी से उनकी जागरूकता साफ दिखाई देती है। हमारा प्रयास है कि कोई भी पात्र परिवार किसी भी योजना से वंचित न रहे। बीडीओ जयपाल महतो ने बताया की सभी विभागों को निर्देश दिया गया था कि अधिक से अधिक मामलों का तत्काल निपटारा किया जाए। डिजिटल प्रक्रियाओं के कारण सेवा वितरण काफी तेज और सुगम हुआ है। ऐसे शिविर आगे भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे ताकि ग्रामीणों को दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने कहा,की भूमि से जुड़े मामलों को प्राथमिकता देते हुए कई आवेदन मौके पर ही निपटा दिए गए। दाखिल, खारिज व मापी के लिए विशेष टीम लगाई गई थी, जिससे प्रक्रिया तेज हुई। ग्रामीणों ने भी आवश्यक दस्तावेज तैयार रखकर अच्छा सहयोग दिया। डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने कहा, हमारी स्वास्थ्य टीम ने शिविर में स्वास्थ्य जांच और आवश्यक सेवाएँ प्रदान कीं, जिसका ग्रामीणों ने लाभ उठाया। कई लोगों को बेसिक मेडिकल सलाह, दवा और जांच उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य सेवाओं को गाँव तक पहुँचाना हमारा निरंतर प्रयास है। वहीं शिविर में 20 विभागीय स्टॉल लगाए गए, जहां जाति, आय, जन्म, मृत्यु एवं स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, नया राशन कार्ड, दाखिल-खारिज, भूमि मापी, भूमि धारण प्रमाण पत्र, वृद्धा पेंशन, सामाजिक सुरक्षा और दिव्यांगता से संबंधित योजनाओं की सुविधाएँ तुरंत उपलब्ध कराई गई। डपोक पंचायत में 530 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं मलकोको पंचायत में 619 आवेदन आए। दोनों पंचायतों में कुल 1149 आवेदन लिए गए जिसमे कई मामलों का तुरंत निष्पादन किया गया।

# कामता में आयोजित शिविर में अबुआ आवास व पीएम आवास के सबसे अधिक आवेदन जमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, झारखंड:-** कामता पंचायत सचिवालय परिसर में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुखिया नरेश भगत एवं पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में ग्रामीण महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और सबसे अधिक अबुआ आवास तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदन जमा किए। इसके अलावा मइयां सम्मान योजना सहित विभिन्न सामाजिक योजनाओं के भी कई फॉर्म जमा हुए। शिविर में जाति, आवासीय, आय प्रमाणपत्र, दाखिल-खारिज, भू-सिमांकन, भू-धारण प्रमाणपत्र, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, राशन कार्ड, आधार कार्ड, बिजली संबंधी समस्याएँ, कृषि, पशुपालन, सहकारिता, शिक्षा एवं कल्याण विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा धोतियां, लुंगी व साड़ी का वितरण किया गया, जबकि निबंधन विभाग द्वारा जन्म प्रमाण पत्र तथा शिक्षा विभाग द्वारा साइकिल एवं कॉपी का वितरण किया गया।

वनांचल ग्रामीण बैंक द्वारा चेक भी वितरित किए गए। शिविर को संबोधित करते हुए पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा कि 'सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं। ग्रामीण अपनी समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभाग को आवेदन दें। 'शिविर में पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया नरेश भगत, पंचायत सचिव प्रमोद गंझु, रोजगार सेवक सीताराम मिस्त्री, डीलर शाहिद खान, पंचायत सहायक नीलमनी कुमारी, कंप्यूटर ऑपरेटर कुश कुमार, निम्न वर्गीय लिपिक सुशिला कुमारी, जनसेवक अर्पण तिग्गा, बीआरसी आधार ऑपरेटर हिमांशु कुमार, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, पीडीएस डीलर, शिक्षक तथा स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## कैमरून में फंसे हजारीबाग-गिरिडीह के 5 मजदूर, सरकार से लगाई मदद की गुहार

**हजारीबाग।** झारखंड के प्रवासी श्रमिकों के एक बार फिर विदेश में फंसने का मामला सामने आया है। हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ के ऊंचाघना निवासी सुनील महतो, सुकर महतो, करगालो के चंद्रशेखर कुमार, डीलों महतो तथा गिरिडीह जिले के डुमरी निवासी दिलचंद महतो अफ्रीका के कैमरून में फंसे हुए हैं। श्रमिकों का आरोप है कि जिस कंपनी में वे काम कर रहे हैं, वहां उन्हें काम के बदले मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण उन्हें रहने और खाने-पीने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। फंसे हुए श्रमिकों ने एक वीडियो जारी कर अपनी व्यथा बताई और जल्द से जल्द भारत वापस लाने की अपील की है। प्रवासी श्रमिकों के हित में काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली ने केंद्र और राज्य सरकार से इन सभी श्रमिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने की मांग की है।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बरही स्वास्थ्य टीम सक्रिय

● डपोक और मलकोको पंचायत में सैकड़ों मरीजों की हुई जांच, कई सेवाएँ दी गईं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, झारखंड:-** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बरही अनुमंडलीय अस्पताल डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व ने डपोक और मलकोको पंचायतों में टीम द्वारा विस्तृत स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए। दोनों पंचायतों में बड़ी संख्या में लोग जांच और सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेने पहुंचे। अनुमंडलीय अस्पताल बरही की टीम ने डपोक पंचायत में कुल 121 मरीजों की जांच की। जिसमें नेत्र जांच 25, मोतियाबिंद संदिग्ध 5, इनसीडी जांच 65, टीबी जांच 06, सिकल सेल 63 आयुष्मान कार्ड बने 58, मलेरिया जांच 07 हुए। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. अंकुर बिहान, दीपक कुमार, सुधांशु शेखर, सलोनी कुमारी, अनीता कुमारी, मृतुिञ्जय चौरसिया, रवि शंकर कुमार, हीरा कुजूर, कुलदीप कुमार सहित पंचायत की सहिया और सहिया साथी मौजूद रहे। वहीं मलकोको पंचायत में कुल 310 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें आयुष्मान कार्ड 74, आबा कार्ड 74, एन जांच 78, सिकल सेल 20, कुष्ठ जांच 09, मलेरिया जांच 20 किए गए। टीम में डॉ. मेराजुल इस्लाम, संतोष कुमार, पूनम गुरूंग, सूरज दास, गीता कुमारी, प्रहलाद कुमार सहित पंचायत की सहिया एवं सहिया साथी उपस्थित रहे।

## सेवा के अधिकार सप्ताह के तहत बसतकुंडी में पंचायत स्तरीय शिविर का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड:-** सेवा के अधिकार सप्ताह के आलोक में बीते सोमवार को प्रखंड से 10 किलोमीटर दूर बसतकुंडी पंचायत मुख्यालय में पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम, 2011 के तहत आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ आवश्यक आवेदन भी जमा कराए गए। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी, सहायक अभियंता रोहित कुमार गुप्ता, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी जगदीश पंडित, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी त्रिदीप शील, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, मुखिया सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शिविर के उद्देश्य और सेवा के अधिकार सप्ताह के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएँ भी शामिल हुई और उन्होंने वृद्धावस्था पेंशन, आंबुआ आवास, मुख्यमंत्री मइया सम्मान सहित कई योजनाओं के लिए आवेदन जमा किए। जानकारी के अनुसार, सेवा के अधिकार सप्ताह के तहत 21 से 28 नवंबर तक विभिन्न पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 21 नवंबर को मोंगलाबांध तथा 24 नवंबर को बसंतपुर और पलियादह में शिविर का आयोजन किया जा चुका है। वहीं आगामी शिविरों की विस्तृत सूचना अभी उपलब्ध नहीं हो सकी है।

## शादी समारोह में डांस के दौरान हर्ष फायरिंग, युवक के पेट को आर-पार कर गई गोली

**गोपालगंज।** नगर थाना क्षेत्र के मठिया गांव में एक शादी समारोह के दौरान रविवार की देर रात डीजे पर डांस के दौरान हर्ष फायरिंग के दौरान एक युवक को गोली लग गई। जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गए। जख्मी अवस्था में युवक को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से चिकित्सकों ने उसे गोरखपुर रेफर कर दिया। जख्मी युवक की पहचान मठिया गांव निवासी शिवनाथ राम का 21 वर्षीय बेटा सुनील कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, रविवार को मठिया गांव निवासी बिट्टू साह के घर बरात आई थी। शादी का कार्यक्रम चल रहा था। बारातियों के साथ कुछ स्थानीय लोग भी डीजे की तेज धुन पर नाच रहे थे। पड़ोस में हो रही शादी में शामिल होने के लिए सुनील भी गए थे। इसी दौरान, डांस के दौरान हथियार लहराते हुए कुछ युवक डांस कर रहे थे। इस दौरान हर्ष फायरिंग के दौरान एक गोली सुनील राम के पेट में लग कर आर-पार हो गई। जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई और आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल युवक को तुरंत सदर अस्पताल भर्ती कराया गया। यहां से चिकित्सकों ने उन्हें गोरखपुर रेफर कर दिया।

## शिव मंदिर थाना टोली चंदवा में दीप उत्सव की तैयारी तेज, 501 दीयों से जगमगाएगा मंदिर परिसर, युवा भारत चंदवा की सक्रिय भूमिका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, झारखंड:-** चंदवा थाना टोली स्थित शिव मंदिर में आज मंगलवार को होने वाले दीप उत्सव की तैयारियाँ जोर-शोर से जारी हैं और अब अंतिम चरण में पहुँच चुकी हैं। इसी क्रम में सोमवार की शाम मंदिर परिसर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें मंदिर से जुड़े लोगों के साथ युवा भारत चंदवा के सदस्य भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बैठक में अंकित गोलू के नेतृत्व में आयोजन के सभी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि इस बार मंदिर परिसर में 501 दीपों का भव्य दीपोत्सव आयोजित किया जाएगा, जिससे पूरा मंदिर क्षेत्र एक अद्भुत आध्यात्मिक प्रकाश से नहाएगा। कार्यक्रम को आकर्षक और व्यवस्थित बनाने हेतु सफाई व्यवस्था, दीप-सज्जा, भजन-कीर्तन और श्रद्धालुओं की सुविधा पर विशेष रूप से ध्यान देने का फैसला लिया गया। युवा भारत चंदवा के सदस्यों ने आयोजन में पूरी ऊर्जा के साथ सहयोग देने का आश्वासन दिया और स्थानीय लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर दीपोत्सव की शोभा बढ़ाने की अपील की। क्षेत्रवासियों में आगामी दीप उत्सव को लेकर उत्साह साफ झलक रहा है। लोगों का मानना है कि 501 दीपों की सामूहिक रोशनी से शिव मंदिर परिसर अद्वितीय आस्था और भक्ति का केंद्र बनेगा। मौके पर पुष्पा देवी, श्वेता देवी, प्रतिमा, अंचला देवी, मधुबाला देवी, सुषमा देवी, मंजू देवी, अर्चना देवी, योगेश उपाध्याय, विभोर सिन्हा सहित कई लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### ताला लगे घर से बाइक, वर्तन व सोयाबीन के बोरा चोरी

**पड़ोसी की मोटर साइकिल भी चोरी कर ले गये बदमाश**

**महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

**ललितपुर।** मोहल्ला हरदीला में रहने वाली विमला राजपूत पत्नी स्व.मोरपाल राजपूत ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वर्तमान में वह रेलवे स्टेशन रोड नेहरू नगर के पास अपने मकान में निवासरत है। आरोप है कि 20 नवम्बर की रात उसके हरदीला वाले मकान जिसमें ताला लगा हुआ था, उसी रात अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके घर में घुसकर मोटर साइकिल बजाज सी.डी. 100 नं. यू.पी.94 एस 5549, पीतल के बर्तन, सोयाबीन के 8 बोरा, एलईडी टीवी चोरी कर ले गये। इसके अलावा पड़ौसी जैन मंदिर के पास रहने वाले सौरभ कत्याल पुत्र अनुराग कत्याल के घर के बाहर खड़ी उनकी मोटरसाइकिल पैशन प्रो संख्या यू.पी.80 बी.जेड. 6240 को भी उठा ले गये। काफी तलाश करने पर भी बाइकें नहीं मिलीं। पुलिस ने महिला की तहरीर पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### शराब के नशे में धुत्त होकर दम्पत्ति को पीटा

**शिकायत करने पर फिर पीटा, एफआईआर दर्ज**

**ललितपुर।** मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम कुआतला में रहने वाली सुशीला पत्नी मुकेश ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 19 नवम्बर को रात करीब 10 बजे वह अपने घर के बाहर थी। तभी गांव के विजय यादव उर्फ बब्बू पुत्र चाली यादव, विशाल यादव पुत्र जन्डैल यादव उर्फ बिटन, धर्मेंद्र पुत्र रामगुलाम, नीतेश यादव पुत्र सीताराम शराब के नशे में चूर होकर आये और उसके पति के साथ गालियां देने लगे। मना करने पर उक्त लोगों ने लात-घूसों व लाठी-डंडों से मारपीट कर दी और फोन लगाकर विशाल यादव ने उसे उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी, जिसकी रिकॉर्डिंग उसके मोबाइल फोन में है। इस सम्बन्ध में उसने 20 नवम्बर को कोतवाली में शिकायती पत्र भी दिया था। बताया कि उसके परिजन ललितपुर में किराने की दुकान में काम करते हैं और 21 नवम्बर की रात 9 बजे जब उसके परिजन काम करे घर आ रहे थे, तभी उक्त लोगों ने रास्ते में रोकते हुये फिर से मारपीट कर दी। तब पीड़ित पक्ष ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) व 126 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### प्लाट पर गयी महिला से ससुरालियों ने की मारपीट

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम जिजयावन के मजरा बालाढ़ाना में रहने वाली प्रीति पत्नी जितेन्द्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 22 नवम्बर को सुबह 8 बजे वह अपने प्लाट पर गयी थी। तभी ससुर भूरा, सास रामकली, पति भूरा, जेठ भागचंद्र, जेठानी अकल एकराय होकर आये और उससे कहने लगे कि प्लाट तुम्हारा नहीं है और गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे उसके हाथ-पैर में चोटें आयी और उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### हजारों लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का उठाया लाभ

**सीएम आरोग्य स्वास्थ्य मेला संपन्न**

**चित्रकूट।** समाज के वंचित लोगों को एक ही बैनर तले उपचार मुहैया कराये जाने के दृष्टिगत जनपद के 28 ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व एक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान एक हजार एक सौ चौदह लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि मेले में कुल 1114 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी गयी हैं। जिसमें 513 पुरुषए 415 महिला एवं 186 बच्चे सम्मिलित हैं। आरोग्य स्वास्थ्य मेला में कुल 43 चिकित्सकोए 105 पैरामेडिकल कर्मियों द्वारा सेवायें प्रदान की गयी। मेले में मुख्य रुप से संचारी रोगए फाईलेरियाए कुष्ठ रोगए क्षयरोगए मातृ स्वास्थ्यए बाल स्वास्थ्यए किशोर स्वास्थ्य परिवार नियोजनए आयुष्मान भारत.गोल्डेन कार्ड व जननी सुरक्षा योजना से संबंधित सेवाएं दी गयीं तथा जानकारी के लिए प्रर्दशनी व स्टाल भी लगाये गये। शासन के निर्देश पर जनपद स्तर से नामित नोडल अधिकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सभी ब्लॉक के चिकित्सा अधीक्षक द्वारा मेले का निरीक्षण किया गया। उन्होंने जनपद के सभी जनमानस से प्रत्येक रविवार को आयोजित मुख्यमन्त्री जन आरोग्य मेला में अधिक से अधिक संख्या उपस्थित होकर इलाज व अन्य सुविधाए प्राप्त करने की अपील की है।

## एसआईआर में शत-प्रतिशत ईएफ डिजिटाइजेशन करने वाले दो बीएलओ को डीएम ने किया सम्मानित

**● लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है मीडिया, भ्रांतियों को दूर कर जन जन तक पहुंचाए एसआईआर की सही जानकारी : डीएम**

**जनता से की अपील- एसआईआर के तहत जल्द भरें गणना फार्म, अंतिम तिथि 4 दिसम्बर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत समयावधि से पूर्व ईएफ डिजिटाइजेशन का शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले 2 बीएलओ को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह एवं फलों की टोकरी भेंट कर सम्मानित कर अन्य कार्मिकों को भी इसी उत्साह के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता कर अपील की कि प्रचार-प्रसार के विभिन्न माध्यमों से जन-जन तक एसआईआर के बारे में सही जानकारी पहुंचाएं और भ्रांतियों को दूर करने में जिला प्रशासन का सहयोग करें।

बताया गया कि जनपद में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत ईएफ डिजिटाइजेशन का कार्य चल रहा है, जिसमें 227 महरौनी विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या-90 सीबी इंटर कॉलेज निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ सत्यनारायण लक्षकार एवं भाग संख्या-462 कलौथरा निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ देशराज कुर्मी ने ईएफ डिजिटाइजेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया है, जिस पर जिलाधिकारी ने आज दोनों बीएलओ को सम्मानित किया।

जिलाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए बताया कि जनपद में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 23 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, मीडिया के माध्यम से जनता को यह संदेश पहुंचाना है कि एसआईआर के प्रथम चरण की अंतिम तिथि 4 दिसंबर है, बीएलओ के द्वारा सभी के घरों में गणना फार्म पहुंचाये जा रहे हैं, सभी लोग जल्द से जल्द अपना अपना फार्म भरकर बीएलओ के पास जमा करा दें, यदि फार्म भरने में कोई कठिनाई आ रही है तो इसके लिए पंचायत स्तर के कर्मचारी जैसे पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, लेखपाल, बीएलओ आदि की सहायता ले सकते हैं, ये कर्मचारी आपका फार्म स्वयं भरकर आपसे वैरिफाई कराने के उपरान्त हस्ताक्षर करायेंगें और जमा कर लेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रांति पर विश्वास न करें, किसी भी वैद्य मतदाता का नाम नहीं कटेगा। डीएम ने एसआईआर के सम्बंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराया गया गणना फार्म ऑफलाइन के साथ-साथ भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन भी भरा जा सकता है। निर्वाचक वेबसाइट पर विगत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली में अपना और संबंधित रिश्तेदारों का नाम देख सकते हैं और गणना प्रपत्र से विवरण उपलब्ध करा सकते हैं। सहायता के लिए, निर्वाचक संबंधित बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उन निर्वाचकों को नोटिस जारी करेगा जिनका गणना-प्रपत्र में दिया गया विगत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली का विवरण या तो उपलब्ध नहीं है या डेटाबेस से मेल नहीं खाता है। डीएम ने मीडिया बंधुओं से अपील की कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है, एसआईआर को लेकर जनता में यदि कोई भ्रांतियां फैली हों तो उन्हें दूर करें, सही जानकारी उन तक पहुंचाए और इस अभियान में जिला प्रशासन का सहयोग करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह सहित अन्य कर्मचारी व मीडियाबंधु उपस्थित रहे।

### ट्रक ने कार में मारी टक्कर, मामला दर्ज

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल अंतर्गत थाना गौतम नगर के म.नं. 415 हाउसिंग बोर्ड शेड नारियल खेड़ा हुजूर निवासी सुमित शुक्ला पुत्र अवध किशोर शुक्ला ने थाना नाराहट पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते रविवार को अपराह्न करीब 1:30 बजे वह झांसी से भोपाल अपनी चार पहिया गाड़ी नं. एम.पी.04 वाई.जी. 9086 से जा रहा था, तभी उमरिया गांव के पास ट्रक नं. डी.एल. 1एल.ए.सी. 5209 ने उसकी कार में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गयी। घटना की सूचना देने पर थाने पहुंचा है। नाराहट पुलिस ने सुमित शुक्ला की तहरीर पर उक्त ट्रक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व 324 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## हिट एण्ड रन मामले में एफआईआर दर्ज

**●बाइक की टक्कर से स्कूटी चालक की हुई थी मौत, दूसरा घायल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला खिरकापुरा में रहने वाले जितेन्द्र साहू पुत्र रामस्वरूप साहू ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 20 नवम्बर की शाम करीब 6 बजे उसके पिता रामस्वरूप साहू व चाचा राजू साहू ग्राम बारी से अपनी एक्टिवा स्कूटी संख्या यू.पी.94 ए.डी. 0703 से घर के लिए लौट रहे थे। दोनों लाइफ विजन एकेडमी के पास ग्राम गनगौरा पहुंचे ही थे कि तभी विपरीत दिशा से आ रहे ग्राम सिलगन निवासी जगत सिंह राजपूत पुत्र बाबूलाल लोधी अपने अज्ञात साथी के साथ अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 जे. 0424 हीरो होंडा से अनियंत्रित गति से भागते हुये आया और उसके पिता-चाचा को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता रामस्वरूप साहू की मौके पर ही मौत हो गयी और चाचा राजू साहू के सिर पर गंभीर चोट आने से वह घायल हो गये, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर एंबुलेंस से झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां वह उपचाररत हैं। जानकारी करने पर उसे ग्रामीणों ने बताया कि जगत सिंह राजपूत व उसका साथी शराब के नशे में थे, जिस कारण घटना हुयी और घटना को अंजाम देकर दोनों लोग भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## अनपरा में आदिवासी तैराकी खेल प्रतियोगिता संपन्न आपदा से बचाव के लिए जागरूकता पर ज़ोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शक्तिनगर, सोनभद्र-** शक्तिनगर परिक्षेत्र के कौहरौल शिव मंदिर के पास रिहंद जलाशय के तट पर आज आदिवासी तैराकी प्रतियोगिता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अनूठे आयोजन का मुख्य उद्देश्य जलाशय के किनारे निवास करने वाले स्थानीय आदिवासियों को तैराकी खेल के प्रति जागरूक करना और उन्हें बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ दूसरों की भी मदद करने में सक्षम बनाना था। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम सोन आदिवासी शिल्पकला ग्रामोद्योग समिति के बैनर तले आयोजित किया गया। यह संस्था विगत कई वर्षों से ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए लगातार इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रही है। प्रतियोगिता कई चरणों में संपन्न हुई। विजेताओं में प्रथम विजेता कृष्ण कुमार, द्वितीय तृतीय विजेता (नाम




निर्दिष्ट नहीं) इन विजेता खिलाड़ियों को समिति द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि की अनुपस्थितिः कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित संजीव सिंह गौड़ (राज्यमंत्री, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति/जन जाति कल्याण, उत्तर प्रदेश) के न पहुँच पाने पर भी समिति ने सभी तीन विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।समिति के अध्यक्ष ने इस अवसर पर कार्यक्रम के मूल उद्देश्य को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य आदिवासियों को तैराकी के प्रति जागरूक कर उन्हें नदी और जलाशय में डूबने की घटनाओं से बचाना है। उन्होंने सरकार और औद्योगिक घरानों से सहयोग की अपील करते हुए कहा बिजली कंपनियों और कोयला परियोजनाओं को चाहिए कि वे इन खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करें, जिससे ये आदिवासी युवक राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी बनकर क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें। सरकार को चाहिए कि वह तैराकी के खेल के प्रति ग्रामीण निवासियों को अधिक जागरूक करने के लिए प्रयास करे, ताकि वे स्वयं की सुरक्षा के साथ दूसरों की मदद कर सकें।समिति का मानना है कि इस प्रकार के स्थानीय आयोजनों से प्रतिभाओं को मंच मिलता है और साथ ही जीवन रक्षक कौशल का विकास होता है।इस सफल आयोजन में समिति के कई प्रमुख सदस्य और स्थानीय लोग उपस्थित रहे, जिनमें शामिल हैं।सचिव ओम प्रकाश,अन्य सदस्य राकेश कुमार निषाद, राजीव नयन सिंह, संदीप कुमार, संजीव कुमार दुबे, अजयंत कुमार सिंह, इत्यादि।

## 3 दिसंबर को होगा ब्राह्मण महा मंडल महरौनी की नवनिर्वाचित समिति का शपथ ग्रहण

**●संतों के सान्निध्य में तैयारियां पूर्ण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महरौनी।** ब्राह्मण समाजोत्थान सेवा संस्थान (रजि.) के तत्वाधान में ब्राह्मण महामंडल विधानसभा क्षेत्र महरौनी की एक आवश्यक बैठक नगर के बाजपेई मैरिज गार्डन में सम्पन्न हुई, बैठक की अध्यक्षता श्री प्रकाश दीक्षित ने की, बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि महरौनी ब्राह्मण महामंडल की नवनिर्वाचित समिति का भव्य शपथ ग्रहण समारोह 3 दिसंबर 2025, दिन बुधवार, प्रातः 11 बजे नगर के टीकमगढ़ रोड स्थित बाजपेई मैरिज गार्डन में आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम जिले के सम्माननीय संतों के पावन



सान्निध्य में संपन्न होगा। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महंत श्री रामलखन दास जी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी श्री चंद्रशेखर गिरी जी महाराज, महामंडलेश्वर श्री राधामोहन दास जी महाराज, महंत श्री बलराम पुरी जी महाराज उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पं. प्रताप नारायण दीक्षित (पूर्व जिलाध्यक्ष, ब्राह्मण महामंडल ललितपुर) द्वारा की जाएगी। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत एवं बिंदुवार चर्चा की गई। आयोजन को सफल एवं अनुशासित बनाने हेतु विभिन्न टीमों का गठन किया गया तथा प्रत्येक टीम को उसकी जिम्मेदारियां सौंप दी गई। कार्यक्रम के उपरांत सहभोज की व्यवस्था भी की जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे श्री प्रकाश दीक्षित, रामविलास कटारे, कमलेश पंडा, जगदीश पंडा, रामकुमार नायक दादा, आशाराम तिवारी, पुष्पेंद्र पटेरिया, ओमप्रकाश रावत मिर्चवारा, बृजेश रिछारिया, शैलेन्द्र नायक, अजय पाण्डेय, प्रभाकर मिश्रा, आनंद स्वरूप दुबे, अवधेश नायक, शशिकांत कांकर, बृजेश चौबे, सत्यनारायण चाचोदियां, रामकिशोर दुबे, जितेंद्र पालीवाल, रामाधार दीक्षित, विनय दीक्षित, बिष्णु नायक समेत अनेक विप्र जन। यह आयोजन क्षेत्र में ब्राह्मण समाज की एकता और संगठन को नई दिशा देने वाला सिद्ध होगा।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के चलते मुख्यालय छोड़ने पर रोक मंगलवार को गुरु तेग बहादुर जयंती पर भी खुले रहेंगे कार्यालय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र-** मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार, अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य (SIR) जनपद में पूर्ण गति से जारी है। इस महत्वपूर्ण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के उद्देश्य से, जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बी0एन0 सिंह ने एक कड़ा निर्देश जारी किया है।जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि पुनरीक्षण कार्य में लगे समस्त संबंधित अधिकारीगण, कर्मचारीगण और अध्यापकगण बिना किसी पूर्वानुमति के जनपद से बाहर नहीं जाएँगे। उन्होंने निर्देश दिया है कि सभी संबंधित अधिकारी व कर्मचारी पूरे मनोयोग से इस कार्य में लगकर एस0आई0आर0 प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कराने में अपना सहयोग प्रदान करें। यदि किसी अधिकारी/कर्मचारी को अपरिहार्य कारणों से मुख्यालय छोड़ना आवश्यक हो, तो उन्हें जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी से पूर्वानुमति प्राप्त करने के बाद ही जनपद छोड़ने की अनुमति होगी। पुनरीक्षण कार्यक्रम की गंभीरता को देखते हुए, जिलाधिकारी ने एक और महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। 25 नवम्बर, 2025 (मंगलवार) को गुरु तेग बहादुर जयन्ती के अवसर पर घोषित सार्वजनिक अवकाश दिवस पर भी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान से जुड़े विद्यालय, कॉलेज, और कार्यालय खुले रहेंगे। सभी संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अवकाश के दिन भी मुख्यालय न छोड़ें और अपने कार्य पर उपस्थित रहें। जिलाधिकारी ने पुनरीक्षण कार्य के दौरान डिजिटाइजेशन की धीमी गति पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने निर्देशित किया है कि संबंधित अधिकारी क्षेत्र में रहकर बीएलओ के गणना प्रपत्रों के एकत्रीकरण का कार्य सुनिश्चित करेंगे। डिजिटाइजेशन के कार्य में तेजी से सहयोग किया जाएगा, जिससे एस0आई0आर0 प्रक्रिया के कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य से संबंधित किसी भी जानकारी या सहयोग के लिए एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम नम्बर 05444-297757

इस नम्बर पर संपर्क करके एस0आई0आर0 संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### किसान महिला की जमीन पर कब्जा कर मारपीट




**ललितपुर।** कस्बा बिरधा निवासी डोंगराबाई पत्नी स्व.श्यामलाल ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने जमीन को दबंग व्यक्तियों से कब्जा मुक्त कराये जाने की गुहार लगायी है। बताया कि वह किसान महिला है, उसकी जमीन पर सह खातेदार हैं। बताया कि जमीन के साझेदार पर उसके हिस्से की जमीन पर भी कब्जा करते हुये खड़े हुये तमाम प्रजातियों के पेड़ों को काट लिया है। जब उसे रोका तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। महिला ने डीएम-एसपी से मामले में कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

## बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** रविवार शाम दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक किसान की मौत हो गई। हादसे में मृतक का साला और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक की पहचान थाना सौजना अंतर्गत ग्राम मैंनवार निवासी 35 वर्षीय गुलाब यादव पुत्र धरमु के रूप में हुई है। वह अपने साले 26 वर्षीय लखन पुत्र धरमु निवासी ग्राम सिरोंन, थाना मड़ावरा के साथ रविवार शाम सौजना से अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक मोटरसाइकिल ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से सभी घायलों को तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार शुरू किया गया। गुलाब की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हालांकि, रास्ते में उसकी स्थिति और बिगड़ गई, जिसके बाद परिजन रविवार रात 2.42 बजे उसे वापस जिला अस्पताल के इमरजेंसी विभाग लाए। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद गुलाब को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है। परिजनों ने बताया कि मृतक गुलाब यादव पांच भाइयों और चार बहनों में चौथे नंबर पर था। उसके एक पुत्र और एक पुत्री है। वह खेती-किसानी का काम करता था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदर अनुराग अवस्थी ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## अडानी फाउंडेशन द्वारा बगबैसा गाँव में बृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र-** दिनांक 24 नवम्बर, 2025 अडानी फाउंडेशन, सलाईबनवा ने सामुदायिक कल्याण और स्वास्थ्य सेवाओं को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुँचाने के अपने संकल्प को दोहराते हुए पनारी पंचायत के बगबैसा गाँव में एक सामान्य स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया। यह शिविर अडानी सीमेंट सलाईबनवा के प्रोजेक्ट हेड नीरज त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके द्वार पर ही बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना था। शिविर में कुल 193 लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जाँच की गई।जाँच के उपरांत, डॉक्टरों के परामर्श के आधार पर ग्रामीणों के बीच आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। यह पहल ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा में अडानी फाउंडेशन के सक्रिय योगदान को दर्शाती है। इस अवसर पर, अडानी फाउंडेशन के सी.एस.आर. हेड मनोज चौबे ने फाउंडेशन की विभिन्न सामुदायिक विकास पहलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अडानी फाउंडेशन केवल स्वास्थ्य सेवाओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सतत् सामुदायिक विकास के लिए निम्नलिखित क्षेत्रों में प्रयासरत है ।स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, पशुधन विकास, जल संरक्षण ग्रामीण अवसंरचना , कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार श्री चौबे ने जोर दिया कि फाउंडेशन का लक्ष्य इन क्षेत्रों में समग्र विकास के माध्यम से ग्रामीण जीवन स्तर को ऊपर उठाना है। स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में अडानी फाउंडेशन की टीम के साथ-साथ स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों और ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।अडानी फाउंडेशन से कम्युनिटी वालेंटियर सत्यम एवं राहुल कुमार। स्वास्थ्य टीम डॉक्टर अरुण चौबे, डॉक्टर एकता, और बसंत।स्थानीय प्रतिनिधि राव विरेंद्र, गाँव की आशा (ASHA) कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, और गाँव के अन्य ग्रामीण। फाउंडेशन की इस पहल से बगबैसा गाँव के लोगों को तत्काल स्वास्थ्य लाभ मिला और उन्होंने फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की।

## समीक्षा बैठक कर कानून अनुपालन में आ रही समस्याओं पर हुई चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एएसपी/नोडल अधिकारी कालू सिंह पर्यवेक्षण में व थाना एएचटी व एसजेपीयू तथा समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के साथ मासिक गोष्ठी माह नवम्बर 2025 की समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यशाला पुलिस लाइन सभागार में आहूत की गयी। बैठक महिला व बाल सुरक्षा संगठन उ.प्र. लखनऊ द्वारा जारी एसओपी, अनुसंधान एवं थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष आ रही समस्या एवं बाल गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, साइबर क्राइम, एस.सी./एस.टी. एक्ट, नारी शक्ति किशोर न्याय अधिनियम 2015 में हुए नवीनतम संशोधन पॉस्को एक्ट के अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर सीडब्ल्यूसी को सूचित करना, पॉस्को के मामले में फार्म ए व बी व एसबीआर रिपोर्ट पुलिस द्वारा भरकर संबंधित को समय से भेजा जाना बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य का पालन, जे.जे एक्ट के अंतर्गत सामाजिक पृष्ठभूमि



आदि तथा पोक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्तों की माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त बेल नोटिस को बाल कल्याण समिति एवं वादी/पीड़िता को अंदर समय उपलब्ध कराना के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। साथ ही साथ जनपद में गुमशुदा बच्चों के पंजीकृत व लंबित मामलों व पास्को एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों पर चर्चा व जेजे एक्ट से सम्बंधित आदेश निर्देश एवं जागरूकता के अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में सी.डब्लू.सी., श्रम विभाग, जिला प्रोबेशन, चाइल्ड लाइन, प्रधान किशोर न्याय बोर्ड, जिला अभियोजन, वन स्टाफ सेन्टर एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण व सभी थानो से सम्बन्धित बाल कल्याण अधिकारी/कर्मी मौजूद रहे।

### फसल बुवाई कराने जा रहे किसान को वाहन ने मारी टक्कर

**ललितपुर।** थाना पाली अंतर्गत ग्राम निवऊवा निवासी देशरानी बरार पत्नी पूरन बरार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 13 दिसंबर 2025 को सुबह करीब 11.30 बजे उसका पति पूरन बरार अपने घर से खेत पर पैदल फसल बुवाई करवाने के लिए जा रहा था। मां गायत्री स्कूल के पास ग्राम बछलापुर रोड तक उसका पति पहुंचा ही था कि तभी वाहन नं. यू.पी.93 ई.टी. 1284 के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उसके पति को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके पति को गांव के अजय कुशवाहा व बालचंद्र के अलावा अन्य लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाली पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल भेजा गया। बताया कि इस दुर्घटना में उसके पति का दाहिना हाथ पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## अभिषेक पाण्डेय भारत को शोध कार्य के लिए डॉक्टरेट की उपाधि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महरौनी।** नगर के अखिल भारतीय कवि संजय पाण्डेय भारत के कनिष्ठ पुत्र तथा राजस्व निरीक्षक मनोज पाण्डेय एवं वरिष्ठ पत्रकार बिपिन पाण्डेय के भतीजे अभिषेक पाण्डेय भारत को उनके उत्कृष्ट शोध कार्य हेतु डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। डा. भीमराव अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, नई दिल्ली में वैज्ञानिक और नवोन्मेषी अनुसंधान अकादमी द्वारा उपाधि वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस



प्रतिष्ठित समारोह में भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी. के. पॉल तथा पिरामल ग्रुप की वाइस-चेयरपर्सन डॉ. स्वाति अजय पिरामल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अभिषेक पाण्डेय भारत धनबाद (झारखंड) में खदान क्षेत्रों के जल की गुणवत्ता तथा उसके भूमिगत जल पर पड़ने वाले प्रभाव पर महत्वपूर्ण शोध कार्य कर रहे थे। उनका शोध सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। इससे पूर्व भी उनके इसी शोध को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोत्तम शोध पत्र पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। इस उपलब्धि पर परिवारजनों, परिचितों और नगरवासियों ने अभिषेक पाण्डेय भारत को हार्दिक बधाइयाँ दीं तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ व्यक्त कीं।

# संक्षिप्त खबरें

## तारणहार बनकर अपने भक्तों का कष्ट दूर करते हैं भगवान- आचार्य अखिलेश जी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के मनीपुर में चल रही श्रीमदभागवत कथा के विश्राम दिवस पर सोमवार को कथाव्यास आचार्य अखिलेश जी महराज के मुखारबिन्दु से सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष की कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे दिखे। कथाव्यास आचार्य अखिलेश जी महराज ने कहा कि जब भी भक्त पर विपदा आती है तो परमात्मा तारणहार बनकर अपने भक्तों का कष्ट दूर करते हैं। कथाव्यास ने कहा कि मित्रता कैसे निभायी जाती है इसे भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा से सीखा जा सकता है। उन्होने कहा कि द्वारिका पहुंचने पर द्वार पाल के मुख से बाल सखा सुदामा का नाम सुनते ही भगवान श्रीकृष्ण नंगे पांव दौड़ते मित्र के पास पहुंचे और उन्हें गले से लगा लिया। यही नही भगवान श्रीकृष्ण ने मित्र सुदामा को और राज सिंहासन पर बैठाया और बहुत सारा धन प्रदान किया। आचार्य अखिलेश जी महराज ने भागवत महात्म्य पर कहा कि भागवत श्रवण के पश्चात राजा परीक्षित को मृत्यु का भय समाप्त हो गया। मुख्य आयोजक गया प्रसाद तिवारी, जानकी देवी व ओमप्रकाश तिवारी फौजी, शांती देवी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। जमुना प्रसाद तिवारी ने कार्यक्रम का संयोजन किया। दिनेश तिवारी ने श्रद्धालुओं का स्वागत व राकेश तिवारी ने आभार जताया। इस मौके पर अखिलेश मिश्र, रवीन्द्र मिश्र, धर्मेन्द्र तिवारी, मनोज तिवारी, लाल बिहारी तिवारी, राजेश, अनूप, दीपक, करूणेश आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत, मचा कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शौच के लिए निकले वृद्ध की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। लालगंज कोतवाली के मोठिन गांव निवासी 70 वर्षीय सियम्बर सरोज पुत्र नंदन सरोज बीती रविवार की देर शाम करीब साढ़े सात बजे घर से पैदल शौच के लिए निकला था। इसी दौरान सड़क किनारे से गुजर रहे किसी अज्ञात वाहन ने वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी होने पर परिजन घायल को इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर लालगंज ले आये। यहां परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। मृतक के चार पुत्र हैं। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाल आलोक कुमार का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## एसीपी घाटमपुर ने यातायात पुलिस के साथ चलाया अभियान



**घाटमपुर-** कानपुर सागर हाइवे पर लगातार जाम की समस्या को देखते हुए, बिधनू थाना पुलिस ने रमईपुर चौराहे के पास एक बड़ा चेकिंग अभियान चलाया,इस कारवाई का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले और ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा कसना था ताकि हाइवे पर यातायात सुचारू रूप से चल सके, पुलिस टीम ने यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करें , अभियान के दौरान एक दर्जन ओवरलोड, और बिना नंबर के वाहनों को जब्त किया गया, इसके बाद इसके अतिरिक्त यातायात नियमों का पालन न करने पर 32अन्य वाहनों का चालान किया गया,इस कारवाई में हाईवे पर हड़कंप मच गया, हाइवे पर जाम की समस्या से स्थाई रूप से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है, यातायात पुलिस के साथ साथ घाटमपुर एसीपी क्रष्ण कान्त यादव और सर्किल फोर्स को भी हाइवे पर तैनात किया गया है,यह पुलिस बल यह सुनिश्चित करें कि भविष्य में जाम की स्थिति उत्पन्न न हो, यातायात नियमों का सख्ती से पालन किया जा सके।

# एसआईआर के जरिए वोट छीनने के हथकण्डे को नाकाम करने में जुटें कार्यकर्ता- प्रमोद तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सोमवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर जगह जगह पार्टी कार्यकर्ताओं व क्षेत्रीय लोगों से मुलाकात किया। उन्होने लालगंज में पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि इस समय विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर कार्यकर्ता सतर्क दृष्टि रखें। उन्होने कहा कि सही मतदाताओं के नाम न कटने पाये इसके लिए कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वह मतदाताओं से संपर्क भी स्थापित करें। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि एसआईआर के जरिए निर्वाचन आयोग तथा मोदी सरकार की सही मतदाताओं के नाम हटाये जाने तथा फर्जी नाम बढ़ोत्तरी के जरिए यूपी में भी वोट चोरी का खतरनाक इरादा है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार विफलताओं से मुंह मोड़ रही है। उन्होने कहा कि अर्थव्यवस्था की दयनीय दशा यह है कि आज रोज डॉलर के मुकाबले रूपया टूट कर गिर रहा है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि इन्हीं तमाम असफलताओं को लेकर जबाबदेही से बचने के लिए एसआईआर का मोदी सरकार ढ़िढोरा पीटने में जुटी हुई है। वहीं उन्होने कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र में क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से स्वीकृत विभिन्न विकास परियोजनाओं के पूरा होने में भी सहयोग मांगा। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने क्षेत्र में विभिन्न सड़क हाईवे परियोजनाओं तथा पुरवों व मजरों में विद्युतीकरण अभियान को समयबद्ध पूरा करने के लिए सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को भी समयबद्धता व गुणवत्ता के निर्देश दिये। लालगंज बाजार में व्यापारी नेता अंजनी कौशल की अगुवाई में सांसद प्रमोद तिवारी का स्थानीय व्यापारियों ने स्वागत भी किया। इसके पहले सांसद प्रमोद तिवारी ने परसपुर गांव में बीडीसी आलोक सिंह के पिता स्व0 रामसिंह के हाल ही में आकस्मिक निधन पर संवेदना भी प्रकट की। दोपहर बाद सांसद प्रमोद तिवारी बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंचे। यहां उन्होने विधायक मोना के प्रयास से बाबा धाम के सौन्दर्यीकरण से जुड़ी विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति को देखा। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी सांगीपुर क्षेत्र के भी विभिन्न गांवों में पहुंचकर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, केडी मिश्र, डॉ0 अमिताभ शुक्ल, रोहित सिंह, राजू मिश्र, महेन्द्र सिंह, मिण्टू सिंह, दृगपाल यादव, रामबोध शुक्ल, रामकृपाल पासी, पप्पू तिवारी, मुरलीधर तिवारी, प्रीतेन्द्र ओझा, रामू मिश्र, त्रिभु तिवारी, छोटे लाल सरोज, शेरू खां, दारा सिंह, सिल्लू मिश्र, धीरेन्द्रमणि शुक्ल आदि रहे।

# प्रेम भाव व प्रेम के भूखे होते है भगवान : आचार्य रामयस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर ।** नगर पंचायत बिस्कोहर के भगत सिंह नगर वार्ड, फूलपुर राजा में चल रही श्रीमद्भागवत पुराण कथा के तीसरे दिन रविवार की रात्रि को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रीधाम अयोध्या से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य रामयस दास जी महाराज ने अपने जीवनोपयोगी उपदेशों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आचार्य ने कहा कि दीर्घायु होने के लिए मनुष्य को प्रतिदिन प्राणायाम अवश्य करना चाहिए, इससे जीवन में संयम और इंद्रियों पर नियंत्रण बना रहता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भगवान भाव और प्रेम के भूखे होते हैं, न कि भोग-विलास के। कथा के दौरान महाराज ने विदुर चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि दासीपुत्र होने के बावजूद भगवान श्रीकृष्ण ने दुर्योधन के राजसी भोग को त्यागकर विदुर के घर साधारण केले के छिलके भी प्रेमवश स्वीकार किए। यह प्रसंग दिखाता है कि प्रभु के लिए सच्ची भक्ति और निर्मल भाव ही सर्वोपरि हैं।आचार्य रामजस दास जी ने कश्यप ऋषि और दिति की कथा का भी भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि दिति की उद्विग्न अवस्था में गर्भाधान होने के कारण उनके गर्भ से असुर पुत्र हिरण्याक्षऔर हिरण्यकश्यप का जन्म हुआ। दुष्ट प्रवृत्तियों के विनाश हेतु भगवान ने वराह अवतार धारण कर हिरण्याक्ष का वध किया। कहा कि भगवान समय-समय पर भक्तों की रक्षा व धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते रहते हैं। इस दौरान सुधीर कुमार त्रिपाठी , राजेश अवस्थी उर्फ कालिया बाबा, चंद्रप्रकाश गुप्ता, सदानंद शुक्ला, विवेक शुक्ला, प्रिंस पांडे, रोहित गुप्ता, सरोज यादव, मुग्गुन मौर्य, लड्डू लाल भारती, बृजेश गुप्ता, अर्जुन त्रिपाठी, विजय त्रिपाठी, कल्लू पांडेय सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

## उसका में चौबीस घंटे से विद्युत आपूर्ति ठप



**सिद्धार्थनगर।** विद्युत पोल गिर जाने से उसका बाजार सहित ग्रामीण क्षेत्रों में चौबीस घंटे से विद्युत आपूर्ति ठप है। इससे लोगो को पानी और मोबाइल चार्जिंग के लिए काफी परेशान होना पड़ा। क्षेत्र के हाथीवढ़ ताल में 33 000 वोल्ट का विद्युत पोल गिर जाने से रविवार की शाम सात बजे से विद्युत आपूर्ति ठप है और सोमवार देर शाम तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। इससे विद्युत उपभोक्ता काफी परेशान रहे।बिजली न रहने से कस्बा के दुकानदार शाम होते है दुकानों को बंद करके घर चले गए। इस संबंध में विद्युत उपकेंद्र उसका बाजार के अवर अभियंता कायम सिंह ने बताया कि विद्युत पोलो को ठीक कराया जा रहा है । जल्द ही विद्युत व्यवस्था बाहल हो जाएगी।

## उमरवैश्य समाज के 17वें सामूहिक विवाह में उमड़ा जन सैलाब

● 10 दूल्हों की बारात में हजारों की संख्या में शामिल हुई महिलाएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** जिला उमरवैश्य समाज सभा द्वारा आयोजित 17वें सामूहिक विवाह में आज 10 दूल्हों की जब बारात निकली हजारों की संख्या में बाराती झूमते नाचते निकले पूरा चिलबिला एकदम झूम उठा। हाथी,घोड़े, बैंड, डीजे, कलात्मक चौंकी के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। समाज सभा के संरक्षक समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, अध्यक्ष गुलाबचंद, महामंत्री मदनलाल, संयोजक जवाहरलाल बच्चा, महादेव, कैलाश नाथ गुप्ता आदि पदाधिकारियों ने साफा पहनकर बारात का शुभारंभ किया। बारात चिलबिला स्टेशन से चलकर चिलबिला भ्रमण करते हुए भवानी पैलेस पहुंची। जहां पर समाज के पदाधिकारियों के साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य आदि ने दूल्हों की अगवानी की। द्वार पूजा के बाद जयमाल का कार्यक्रम हुआ। जयमाल में सभी दूल्हने एक साथ मंच पर पहुंची। हजारों की संख्या में उपस्थित बाराती और घरातियों ने पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद दिया। आशीर्वाद देने वालों में मुंगरा बादशाहपुर के अध्यक्ष कपिल मुनि, रामजी पट्टी, देवेंद्र गुप्ता, रोशनलाल उमरवैश्य, गुलाबचंद, मदनलाल, रामविलास, कैलाश मैनेजर, सियाराम उमरवैश्य, राम अजोर उमरवैश्य, डॉ0 श्याम, हनुमान प्रसाद, महादेव, राकेश मेडौली, विश्वनाथ, जीत लाल, पवनेश, श्री राम महुली, अजय कुमार, दीपक सभासद, पवन सभासद, संतोष कुमार बबलू, देवानंद, छेदीलाल, अमन गुप्ता व महिला टीम की संरक्षक महिमा गुप्ता,अध्यक्ष पूनम गुप्ता, महामंत्री रेखा उमरवैश्य आदि महिला टीम शामिल रही।

# भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में दोषी 2 आरक्षी सेवा से बर्खास्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर।** पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार पर सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दोषी पाए गए दो पुलिसकर्मियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। थाना कोतवाली जरवा में तैनाती के दौरान दिनांक 04 सितंबर 2023 को आरक्षी ध्रुप चंद्र और राजू यादव के विरुद्ध भ्रष्टाचार से संबंधित मुकदमा (अपराध संख्या 82/23, धारा 7/13 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) दर्ज किया गया था। प्रकरण का विचारण विशेष न्यायाधीश, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम गोरखपुर की अदालत में हुआ, जहां 21 जनवरी 2025 को दोनों आरक्षियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई गई। न्यायालय के निर्णय और विभागीय परीक्षण के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने दोनों पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के दंड एवं अपील नियमावली के अंतर्गत दिनांक 22 नवंबर 2025 को पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया। एसपी ने कहा कि पुलिस विभाग में कार्यरत कर्मियों द्वारा भ्रष्टाचार किया जाना अत्यंत गंभीर अनियमितता है और यह पुलिस सेवा नियमों का घोर उल्लंघन है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में भी किसी भी कर्मचारी द्वारा भ्रष्टाचार, पद के दुरुपयोग अथवा अवांछित गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर इसी प्रकार की कठोर एवं त्वरित कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण इस कार्रवाई को पुलिस विभाग में स्वच्छता और अनुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# गुरचिहवा में घर-घर जाकर फ़ॉर्म भरवा रहे प्रधान रमेश कुमार बिट्टू

●ङ्कस्ह्र टीम के साथ मतदाता स्ढ्ढक्रसे लेकर सभी सरकारी योजनाओं की रफ्तार तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



पचपेड़वा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुरचिहवा में प्रधान रमेश कुमार बिट्टू ने विकास कार्यो और सरकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने के लिए अनोखी पहल शुरू की है। पंचायत में चल रही विभिन्न योजनाओं–पेंशन, आवास, शौचालय, मनरेगा, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड अपडेट, बैंकिंग से जुड़ी सेवाओं के साथ-साथ अब मतदाता SIR फ़ॉर्म भरवाने का अभियान तेज कर दिया गया है। विशेष बात यह है कि इस कार्य में प्रधान के साथ VLO (Village Level Officer) भी सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं, जो तकनीकी और दस्तावेजी सहायता प्रदान कर रहे हैं। प्रधान रमेश कुमार बिट्टू और VLO की संयुक्त टीम घर-घर जाकर पात्र व्यक्तियों के दस्तावेज जांच रही है तथा मौके पर ही फ़ॉर्म भरकर डिजिटल रूप से अपलोड कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले लोगों को फ़ॉर्म भरवाने के लिए ब्लॉक कार्यालय या साइबर कैफे जाना पड़ता था, जहाँ समय और धन दोनों की बर्बादी होती थी। लेकिन अब प्रधान और VLO टीम के गांव में पहुँचने से बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यांगजनों और युवाओं को बड़ी राहत मिली है। नई मतदाता सूची में नाम जोड़ने और पुरानी प्रविष्टियों में संशोधन के लिए स्ढ्ढक्रफ़ॉर्म भरवाना ग्रामीणों के लिए पहले चुनौती भरा काम था। अब टीम द्वारा मोबाइल टैबलेट और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से तुरंत आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं, जिससे मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता और गति दोनों आई है। प्रधान रमेश कुमार बिट्टू ने बताया कि 'सरकार की हर योजना और हर सुविधा का लाभ बिना भेदभाव हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, यही हमारी प्राथमिकता है। VLO के सहयोग से अब काम और भी तेज तथा पारदर्शी तरीके से हो रहा है। गुरचिहवा पंचायत के ग्रामीणों ने प्रधान की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह पहली बार है जब सभी आवश्यक सुविधाएँ सचमुच 'घर-घर' पहुँच रही हैं। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि इस अभियान से पंचायत में विकास और जनहित कार्यों में और तेजी आएगी।

## किसानों को 50% अनुदान पर मिलेगा रबी फसल का बीज, 30 नवंबर अंतिम तिथि

**देवरिया।** जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि रबी वर्ष 2025-26 के लिए कृषि निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा गेहूं, चना, मटर, मसूर व राई/सरसों का बीज किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। यह सुविधा 30 नवंबर 2025 तक जारी रहेगी। बीज वितरण पी ओ एस मशीन के माध्यम से किया जा रहा है। किसान अपना आधार कार्ड व खतौनी की छायाप्रति लेकर संबंधित विकासखंड के राजकीय कृषि बीज भंडार से समय पर बीज प्राप्त करें। अधिकारी ने किसानों से अपील किया कि वे अंतिम तिथि से पूर्व बीज ले लें, जिससे रबी फसल की समय से बुवाई सुनिश्चित की जा सके।

# युवक के शव का हुआ अंतिम संस्कार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दिल्ली में युवक की हुई मौत के बाद परिजनों ने मारपीट से लगी चोट के कारण मौत होने का आरोप लगाते हुए अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया था। पुलिस के समझाने पर लोग माने और सोमवार को युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। कोतवाली लालगंज के देल्हूपुर गांव निवासी 26 वर्षीय धर्मेन्द्र पटेल की बीती शुक्रवार को मौत हो गयी थी। परिजन शव लेकर घर आ गये। इसके बाद परिजनों के कहने पर कोतवाली पुलिस ने शव का पीएम कराया। पीएम के बाद रविवार को शव घर लाया गया तो परिजन मारपीट से लगी चोट के कारण युवक की मौत होने का आरोप लगाते हुए अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। परिजन आरोपियों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। छानबीन में पुलिस ने दिल्ली चिकित्सकों से मिली रिपोर्ट के आधार पर बताया कि युवक की मौत उच्च रक्तचाप के कारण हुई है। अन्ततः पुलिस के समझाने पर परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुये। सोमवार को सुबह परिजनो ने गांव मे ही युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि उच्च रक्तचाप के कारण युवक की मौत हुई थी। परिजन बीती 23 अक्टूबर को साधू का पुरवा केदौरा में हुई मारपीट से युवक की मौत को जोड़ रहे थे। जबकि उस घटना में मृतक आरोपी था। समझाने के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

# आर्थिक तंगी और पारिवारिक कलह के चलते संसार को अलविदा कह बैठे कानपुर के तीन लोग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** आर्थिक तंगी और उसकी वजह से ही पारिवारिक कलह के चलते तीन लोगों ने संसार को अलविदा कह दिया। आत्महत्या करने वाले तीनों लोगों की लाशों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने के बाद घटना की छानबीन भी शुरू कर दी है। वहीं उनके परिवार में कोहराम भी मचा हुआ है। आत्महत्या के रूप में असमय मौत को गले लगाने की यह घटनाएं पनकी, बर्रा व सचेंडी थानाक्षेत्र में अलग-अलग कारणों से हुई। पहली घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार बर्रा विश्वबैंक निवासी छक्की लाल (56) लोडर चालक थे, परिवार में पत्नी शांति व दो बेटे अश्वनी और नीरज हैं। अश्वनी ने बताया कि पिता सांस की बीमारी से ग्रसित थे, जिसका इलाज चल रहा था। रविवार रात 8 बजे घर लौटने के बाद वह बेटे अंश व सोम के साथ खेल रहे थे। कुछ देर बाद वह बिना बताए घर से निकल गए। काफी देर तक वापस न आने पर तलाश शुरू की, लेकिन कोई पता नहीं चला।

रविवार सुबह पनकी पुलिस को कपली गांव के पास ट्रेन की पटरी पर शव पड़ा मिला। इसी तरह की दूसरी घटना के मुताबिक नौबस्ता के सिमरा गांव निवासी अविनाश पाल ऑटो पार्ट्स की दुकान में काम करते हैं। परिवार में 24 वर्षीय पत्नी सोनी, दो बच्चे अश्वनी और सात माह का बेटा है। परिजनों ने बताया कि रविवार को सोनी का पति अविनाश से खाना बनाने को लेकर झगड़ा हो गया, जिसके बाद पति सब्जी लेने बाजार चला गया। इस बीच सोनी ने अपने सात माह के बेटे को सास को देकर फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली, जब पति सब्जी लेकर घर लौटा तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। नौबस्ता थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि पति से विवाद के बाद पत्नी ने आत्महत्या की है। जबकि तीसरी घटना के बारे में मिली जानकारी के मुताबिक सचेंडी के रामनारायण पुरवा निवासी ओम प्रकाश ट्रक ड्राइवर हैं। उनके परिवार में पत्नी, चार बेटे और एक शादीशुदा बेटी है। परिजनों ने बताया कि 20 वर्षीय बेटा विशाल ट्रक में क्लीनर का काम करता था। रविवार रात को वह घर लौटा और अपने कमरे में सोने चला गया। आज सोमवार सुबह परिजन उठे तो उसका सब फंदे से लटकता हुआ मिला। घटना की जानकारी के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इन तीनों घटनाओं का संबंध आर्थिक तंगी और इसी वजह से पारिवारिक कलह से जुड़ी बताई गई है । पुलिस ने तीनों की लाशों को पोस्टमार्टम भेजने के बाद घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

# किदवई नगर विधानसभा में भव्य एकता यात्रा का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**कानपुर।** गोविन्द नगर स्थित मेजर अविनाश सिंह भदौरिया पार्क से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह के अवसर पर सोमवार को 'एकता यात्रा' धूमधाम से निकाली गई। बैंड-बाजे और ढोल की थाप के बीच हजारों की संख्या में लोग तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुए। यात्रा गोविंद नगर से परामपुरवा, बारा देवी होते हुए किदवई नगर विधानसभा के आयुर्वेदिक पार्क तक पहुंची, जहां एक विशाल जनसभा के साथ इसका समापन हुआ। मार्ग में जगह-जगह व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और आमजनमानस ने यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा पुष्प वर्षा कर श्रद्धांजलि स्वरूप सरदार पटेल की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। यात्रा में बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट, स्काउट-गाइड दल, युवा कार्यकर्ता, महिलाओं तथा वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में लहराते तिरंगे और देशभक्ति गीतों ने पूरे क्षेत्र में राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश प्रसारित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल ने पूरे देश को एक सूत्र में बांधकर आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश उसी एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर अग्रसर है, जिसे पटेल जी ने अपने कर्मों से परिभाषित किया था। किदवई नगर के विधायक महेश त्रिवेदी ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन संघर्ष, संकल्प और राष्ट्रसेवा का प्रेरणादायक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कठिनाई कितनी भी बड़ी क्यों न हो, यदि संकल्प दृढ़ हो तो लक्ष्य अवश्य प्राप्त होता है।

कानपुर सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि मोदी सरकार ने गांव, गरीब, किसान, युवाओं और मातृ शक्ति के सम्मान व सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पटेल जी के आदर्शों पर चलने और समाज में राष्ट्रीय एकता का संदेश पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह जिला प्रवासी अनूप अवस्थी अनिता गुप्ता सदस्य राज्य महिला आयोग ज्ञानू मिश्र नवीन पंडित प्रकाश वीर आर्य अनुराग शुक्ल जसविंदर सिंह प्रकाश वीर आर्य अभिषेक पांडेय रीता शास्त्री अनिता त्रिपाठी अशोक त्रिपाठी दीपू पासवान बिट्टू परिहार विनीत द्विवेदी दीपंकर मिश्र विक्की छाबड़ा आरती विजय गौतम अवधेश त्रिपाठी विकास दूबे शशांक मिश्र संजय पासवान अखिलेश अवस्थी राजेश श्रीवास्तव व मीडिया प्रभारी नीरज गुप्ता भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, बूथ अध्यक्षों, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

# जन उपयोगी सिद्ध हो रही कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान - डॉक्टर देवेंद्र शर्मा

●विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को करा रही अवगत, गरीबों, वंचितों, असहायों के लिए संस्था द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुलबाजार अमेठी।** जनपद अमेठी अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर स्थित विगत दस वर्षो से चिकित्सा संबंधी सेवाओं मे उत्कृष्ट योगदान दे रहे प्रतिष्ठित सूर्या हास्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डा देवेन्द्र शर्मा और उनकी धर्म पत्नी तथा हास्पिटल मैनेजिंग डायरेक्टर अनिला शर्मा एवं हास्पिटल मैनेजर जगदम्बा प्रसाद मिश्रा ने प्रबुद्धजनो के मार्गदर्शन एवं सहयोग से सामाजिक कार्यो के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि कार्यालय भटमऊ शुकुलबाजार पहुंचकर संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी से मुलाकात कर सामाजिक विषयों पर चर्चा की एवं डा देवेन्द्र शर्मा ने समाजसेवी पी के तिवारी को श्रीमदभागवत गीता पुस्तक भेंटकर संस्था के सफलतम तीन वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की वहीं समाजसेवी पी के तिवारी ने डा. देवेन्द्र शर्मा को शाल एवं अनिला शर्मा को श्री राधाकृष्ण प्रतिमा तथा जगदम्बा मिश्रा को अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा कार्यालय आगमन पर सौभाग्य तथा आभार व्यक्त किया सभी सम्मानित अतिथियों ने संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी की निस्वार्थ भावना एवं कुशल नेतृत्व मे संस्था द्वारा कराए जा रहे पुनीत कार्यो की सराहना की वहीं समाजसेवी पी के तिवारी ने कहा कि संस्था द्वारा कराए जा रहे सभी कार्यो मे सूर्या हास्पिटल का उत्कृष्ट योगदान रहता है जिससे संस्था को बल मिलता है।इस दौरान डॉक्टर देवेंद्र शर्मा ने कहा कि कोरोना काल में भी संस्था द्वारा सराहनीय कार्य किए गए थे, स्वच्छता अभियान में भी संस्था द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाई गई है ,विद्यालय पहुंचकर छात्रों का मनोबल बढाना हो या फिर गरीबों की यथासंभव सहायता करना, संस्था द्वारा सर्दियों में कंबल वितरण, गौशाला में पहुंचकर गौवंशों को ठंड से बचाव के लिए इंतजाम करना संस्था द्वारा अनेक सराहनीय कार्य किया जा रहे हैं।

# नायब तहसीलदार ने एसआईआर कार्य प्रगति का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी के निर्देशन एवं उप जिला अधिकारी सदर नैन्सी सिंह के मार्गदर्शन में विधानसभा प्रतापगढ़ 248 के एसआईआर कार्य की प्रगति का नायब तहसीलदार दिनेश चंद तिवारी ने पूरे पितई, एमडीपी कॉलेज, साधन सहकारी समिति रूपापुर, प्राथमिक विद्यालय चकवनतोड़, प्राथमिक विद्यालय पुरे ओझा वूथ का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि संविलियन विद्यालय रूपापुर में दो बूथ, प्राथमिक विद्यालय पूरे ओझा बूथ, प्राथमिक विद्यालय चकवनतोड़ वूथ पर ऑनलाइन फीडिंग का कार्य संतोष जनक पाया गया जिस पर वहां लगे बीएलओ एवं सुपरवाइजर धर्मेंद्र ओझा एवं सहयोग कर रहे सभी स्टाफ की सराहना की और कहा कि आगे भी इसी प्रकार की गति से आप लोग कार्य करते रहें जिससे समय से एसआईआर का कार्य पूर्ण हो सके। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरते इसी उत्साह एवं लगन से आगे भी कार्य करते रहें जहां अपेक्षा के अनुरूप प्रगति धीमी रही वहां उन्होंने निर्देशित किया कि शाम तक अपनी प्रगति और बढ़ाये। साथ में कानून-गो त्रिभुवन मिश्रा मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने हत्या आरोपी भतीजे को गिरफ्तार किया




**हमीरपुर :-** बीते 20 नवम्बर को कलयुगी भतीजे द्वारा कुल्हाड़ी से दौडाकर पड़ोसी चाची की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी भतीजे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीते बीस नवम्बर की सुबह साढ़े दस बजे कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करहिया में कलयुगी भतीजे धर्मेंद्र पुत्र शिवलाल ने अपनी पड़ोसी रिश्ते की चाची कल्ली पत्नी मेड़ेलाल खंगार की दिन दहाड़े दौडाकर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया था और मौके से फरार हो गया था द्य जिसकी तलाश में कोतवाली प्रभारी ने कई टीमों का गठन कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए थे। उसी मामले में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम उपनिरीक्षक मनोज पाण्डेय, उप निरीक्षक दिशांत खोखर ,कांस्टेबल आशुतोष, रंजीत कुमार,ग्राम टिकरी में कपसा रोड़ कुटी मन्दिर के निकट से आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

**श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा मॉडल अस्पताल में (Rabies और Tetanus) की वैक्सीन कई महीनों से उपलब्ध नहीं है। यह शिकायत प्रभावित आम जनता द्वारा की गई है।**
**मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री का ध्यान आकर्षित।**




श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के दुल्लभछड़ा मॉडल अस्पताल में लंबे समय से (Rabies और Tetanus) की वैक्सीन न होने की शिकायत प्रभावित आम जनता ने की है। लंबे समय से अस्पताल में उक्त वैक्सीन न होने के कारण रोजमर्रा की आम जनता को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि इसे बाजार से खरीदना उनकी क्षमता से बाहर है। इस संबंध में जागरूक नागरिकों ने जिला के संयुक्त स्वास्थ्य निदेशक अधिकारियों की जिम्मेदारी निभाने में ढिलाई के बारे में भी उठाया है। इस विषय में प्रभावित लोगों ने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और स्वास्थ्य मंत्री का ध्यान आकर्षित किया है। ताकि उन्हें जल्द से जल्द स्वस्थ सुविधा मिल सके और मुफ्त इलाज में किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो।

### जिलाधिकारी ने भारत सरकार द्वारा संचालित पी0एम0धन धान्य कृषि योजना की बैठक ली




**हमीरपुर :-** जिलाधिकारी हमीरपुर की अध्यक्षता में भारत सरकार द्वारा संचालित पी0एम0 धन धान्य कृषि योजना की बैठक आयोजित की गयीं। जिसमें कृषि, राजस्व, सहकारिता, सिचांई, नलकूप, मत्स्य, पशुपालन, अद्यान, पंचायतीराज, लीड बैंक, नाबार्ड, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, भूमि संरक्षण ईकाई, कृषि विपणन निरीक्षक, दुग्ध विभाग, एन0आर0एल0एम0, कृषि उत्पादन मण्डी के अधिकारी एवं पी0एम0 किसान समृद्धि केन्द्र के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि में उत्पादकता बढ़ाना, फसल सघनता के साथ फसल विविधीकरण को बढ़ाना, किसानों को अल्पकालिक किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराना, कृषि सिचांई क्षमता में वृद्धि करना, संरक्षित खेती के साथ-साथ पशुपालन, डेयरी, मुर्गी पालन, बकरी पालन, फल, सब्जी, फूल, औषधीय की खेती के साथ मूल्य सवर्धन को बढ़ावा देना, पंचायत एवं ब्लॉक स्तर पर पोस्ट हार्वेस्ट स्टोरेज की अवस्थापना करना। जिसमें जनपद में पी0एम0 धन धान्य कृषि योजना की जिला कार्य योजना बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। सम्बन्धित विभागों से सम्मिलित योजनाओं के सम्बंध में जिलाधिकारी द्वारा विभागों को कार्य योजना बनाकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

# Rafale पर झूठ बोलता पकड़ा गया पाक मीडिया, अब फ्रांस की नौसेना ने खोली पोल

**● पाकिस्तान स्थित प्रसारक जियो टीवी की 21 नवंबर की रिपोर्ट में एक 'जैक्स लाउने' के हवाले से कथित तौर पर 6-7 मई को 140 से ज़्यादा लड़ाकू विमानों के बीच हुई हवाई मुठभेड़ के दौरान पाकिस्तानी वायुसेना की तारीफ़ की गई थी और दावा किया गया था कि भारतीय राफेल विमानों को चीन के समर्थन से मार गिराया गया था। फ्रांसीसी नौसेना ने कहा कि अधिकारी का असली नाम कैप्टन इवान लाउने है- और उनके नाम से की गई कोई भी टिप्पणी सच्ची नहीं थी।**





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

पाकिस्तान की झूठी खबरों की पोल एक बार फिर से दुनिया के सामने खुल गई है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान राफेल को लेकर लगातार झूठे दावे कर रहा है। इस बीच फ्रेंच नेवी ने पाकिस्तानी मीडिया के इस झूठ की पोल खोल दी है। फ्रेंच नेवी ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बारे में गलत जानकारी फैलाने के लिए पाकिस्तान के एक मीडिया आउटलेट की आलोचना की है।पाकिस्तान स्थित प्रसारक जियो टीवी की 21 नवंबर की रिपोर्ट में एक 'जैक्स लाउने' के हवाले से कथित तौर पर 6-7 मई को 140 से ज़्यादा लड़ाकू विमानों के बीच हुई हवाई मुठभेड़ के दौरान पाकिस्तानी वायुसेना की तारीफ़ की गई थी और दावा किया गया था कि भारतीय राफेल विमानों को चीन के समर्थन से मार गिराया गया था। फ्रांसीसी नौसेना ने कहा कि अधिकारी का असली नाम कैप्टन इवान लाउने है - और उनके नाम से की गई कोई भी टिप्पणी सच्ची नहीं थी।

उनकी वास्तविक भूमिका स्पष्ट करते हुए, नौसेना ने कहाः 'पहला नाम इवान है, जैक्विस नहीं। लेख में जो स्थापित किया गया है, उसके विपरीत, उनकी ज़िम्मेदारियाँ उस जैविक नौसैनिक हवाई अड्डे की कमान संभालने तक सीमित हैं जहाँ फ्रांसीसी राफेल मरीन विमान तैनात हैं।

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद किए जा रहे हैं झूठे दावे**

हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तानी मीडिया को दुनिया के सामने बेनकाब किया गया है। इससे पहले, पाकिस्तान में स्थित रूसी दूतावास ने पाक मीडिया की जमकर आलोचना की थी।

**गलत जानकारी दी गई: फ्रेंच नेवी**

मरीन नैशनल ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'फेक न्यूज, ये बातें कैप्टन इवान लौने के नाम से कही गई, जिन्होंने कभी किसी भी तरह के पब्लिकेशन के लिए अपनी मंजूरी नहीं दी थी। आर्टिकल बहुत ज्यादा फेक है और इसमें गलत जानकारी है।' जियो टीवी ने एयर सुपीरियॉरिटी के झूठे दावे किए थे।

# सिलापथार में दिन भर के कार्यक्रम के साथ 403 संख्यक लाचित बर्फुकन के जन्मजयंती पालन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

आहूम किंगडम के सेना नायक महाबीर लचित बरफुकन की आज 403 संख्यक जन्मजयंती है। राज्य के विभिन्न प्रांत के साथ सिलापथार रास मंदिर आंगन में सौदोउ ताई आहूम छत्रा संघ के केंद्रीय समिति ने दिनभर के कार्यक्रम के साथ लाचित दिवस का आयोजन किया। सुबह , सामूहिक सफाई ,वृक्ष पौधा रूपन ,चाओ चेन रेन में पूजा के साथ हुई कार्यकम का शुरुआत की गई। आटासू के अध्यक्ष बसंत गोगोई ने आटासू का झंडा फहराया, जबकि आयोजक समिति





झंडा लक्ष्मी बरगोहाई ने फहराया। इस दौरान शदीद स्मृति तर्पण, लाचित और जुबिन गर्ग के प्रतिच्छवि पर माल्यार्प के बाद मोईदाम तर्पण किया गया। दुपहर को विद्यार्थियों के बीच चित्राकंन प्रतियोगिता, क्यूज़ प्रतियोगिता, वॉलीबॉल प्रतियोगिता किया गया। दूसरी ओर महिलाओं ने ताई आहूम सामूहिक कुराज गाने के बाद शिक्षाविद गोकुल सैकिया ने आम सभा का मंच उद्घाटन किया। बैठक में कई जातीय संगठनों के नेता, केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री पवित्रा मार्गेरिटा और कई जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

# वर्षा जल संचयन कार्यशाला में लोगों को जल संचय के महत्व बताए

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुरः-** जल जीवन मिशन यूनोप्स द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टिंग का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का आयोजन कुरारा विकासखंड सभागार में हुआ।इस प्रशिक्षण में जल सहेलियां,आंगनवाड़ी ,आशा कार्यकर्ता,ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, वी डब्ल्यू एस सी सदस्य आदि ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षक जल जीवन मिशन के सेक्टर पार्टनर यूनोप्स के जिला सलाहकार सुभाष चन्द्र पाण्डेय ने वर्षा संचयन क्यों आवश्यक है ,वर्षा संचयन के लाभ , वर्षा संचयन के तरीके एवं वर्षा जल संचयन में महिलाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कुरारा ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल जी एवं कुरारा सी एच सी प्रभारी सुनील जायसवाल जी ,सोशल एक्सपर्ट संतोष जी, जिला डाटा एनालिसिस सिद्धगोपाल त्रिवेदी जी ,सुशील सोनी जी द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया गया।प्रतिभागियों द्वारा चार्ट के माध्यम से वर्षा जल संचयन पर चर्चा की







गई। सिद्धगोपाल जी द्वारा वर्षा जल के संचयन के लिए कहा गया कि वर्षा का जल बेकार जाने से अच्छा है कि उसे हम अपने प्रयासों द्वारा एकत्र करके वाटर लेबल के साथ साथ जल की गुणवत्ता को भी बढ़ा सकते है एवं बाढ़ अकाल आदि से बच सकते है। वही जल सहेली आरती जी द्वारा कहा गया कि वर्षा के जल को बहने की अपेक्षा गड्ढों,तालाबों ,कुओं आदि में भरने की व्यवस्था करनी चाहिए जिससे ये बाद में हमारे कई दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। पंचायत सहायक आकांक्षा एवं आरती जी द्वारा तालाबों के सफाई एवं गहरीकरण के साथ साथ मेड़बंदी पर जोर दिया गया कि खेत का पानी खेत में रहे जिससे खेतों में नमी बनी रहे।सोशल एक्सपर्ट संतोष सर जी के द्वारा जल के महत्व के विषय में पूर्ण रूप से जानकारी प्रदान की गई।वही आंगनवाड़ी सुपरवाइजर काजल जी आशा जी एवं प्रमिलेश जी द्वारा जलसंचयन में के लिए लोगो को जागरूक करने की जिम्मेदारी सभी लो0गों को उठाने के लिए कहा गया।कार्यक्रम में रेशू जी माधुरी,कमल सिंह, सत्यनारायण, भूपसिंह, नीलम ,आशा,गुड़िया अनीता ,सरिता ,लीला,कामिनी आदि लोगों के साथ अनेकों जल सहेली , आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# किराना दुकान में सेंधमारी कर चोर ले गए नकदी व कीमती सामान,व्यापारियों में आक्रोश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**हमीरपुरः-** मौदहा कस्बे में बीते रविवार देर रात चोरों ने एक किराना दुकान को निशाना बनाते हुए नकदी व कीमती सामान चुरा लिया। चोरी की इस वारदात में दुकान मालिक को सवा लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है, जिससे क्षेत्र के व्यापारियों में रोष व्याप्त है। घटना कस्बे के देवी चौराहा से आगे स्टेशन रोड स्थित श्याम जी रामजी प्रोवीजन स्टोर में हुई। चोरों ने दुकान की बगल की दीवार में सेंध लगाकर अंदर प्रवेश किया और आराम से वारदात को अंजाम दिया। दुकान से लगभग 40 हजार रुपये नकद, करीब 60 हजार रुपये के सूखे मेवे तथा अन्य कीमती सामान गायब मिला। दुकान मालिक मनीष कुमार के अनुसार, उन्होंने गुल्लक में दो दिन की बिक्री के करीब 40 हजार रुपये रखे थे, जिन्हें भी चोर उठा ले गए। मनीष कुमार ने बताया कि वह शनिवार को एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे और रविवार को दुकान जल्दी बंद कर घर चले गए थे। सोमवार सुबह दुकान खोलने पर चोरी का पता चला। पीड़ित व्यापारी ने घटना की तहरीर कोतवाली में देने की तैयारी की है। चोरी की इस घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों में आक्रोश है और वे क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस जांच में जुटी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुर :-** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के बम्हरौली गांव में सोमवार सुबह एक युवक का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। ढीहा डेरा मजरे निवासी 25 वर्षीय राजेश कुमार रविवार रात खाना खाकर अपने कमरे में सोने गया था। सोमवार सुबह परिवार वालों ने उसे प्लास्टिक की रस्सी से लटका देखा तो तुरंत पड़ोसियों को सूचना दी। माना जा रहा है कि युवक ने देर रात आत्महत्या की है। परिजनों के अनुसार राजेश तीन भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था। कुछ समय से वह शराब के सेवन का आदी हो गया था। पिता की मौत के बाद घर की जिम्मेदारी उसी पर थी, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। सूचना मिलते ही मौदहा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव जल्द से जल्द परिजनों को सौंपा जाए। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस जांच में जुटी



**हमीरपुरः-** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के बम्हरौली गांव में सोमवार सुबह एक युवक का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। ढीहा डेरा मजरे निवासी 25 वर्षीय राजेश कुमार रविवार रात खाना खाकर अपने कमरे में सोने गया था। सोमवार सुबह परिवार वालों ने उसे प्लास्टिक की रस्सी से लटका देखा तो तुरंत पड़ोसियों को सूचना दी। माना जा रहा है कि युवक ने देर रात आत्महत्या की है। परिजनों के अनुसार राजेश तीन भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था। कुछ समय से वह शराब के सेवन का आदी हो गया था। पिता की मौत के बाद घर की जिम्मेदारी उसी पर थी, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। सूचना मिलते ही मौदहा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव जल्द से जल्द परिजनों को सौंपा जाए। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

# यूक्रेन से युद्ध में रूस के साथ हुआ अमेरिका! खारकीव में भारी तबाही

**● खारकीव जो पहले से ही बहुत नुकसान झेल चुका है और एक बार फिर से रूस के निशाने पर आया। ड्रोन अटैक यहां पर किया गया। रूस को गुस्सा था क्योंकि मॉस्को में पावर प्लांट पर हमला यूक्रेनी सेना के जरिए किया गया।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



रूस यूक्रेन युद्ध देखिए किस तरह से और खतरनाक हो गया है। यूक्रेन के खारकीव शहर पर रूस ने भारी ड्रोन हमला किया जिसमें चार लोगों की मौत और दर्जन भर से ज्यादा लोग जख्मी हो गए। इमारतों में आग और राहत बचाव की टीमों को शव निकालते हुए भी देखा गया। रूस यूक्रेन युद्ध जो सालों से जारी है। कभी यूक्रेन के जरिए तो कभी रूस के जरिए वो खौफनाक हमले अब भी हो रहे हैं जो मौके से बेहद खतरनाक मंजर की तस्वीर के जरिए सामने आ रहे हैं। जिसमें जिंदगियां अब भी ढह रही हैं। मौत के गाल में समा रही हैं।

खारकीव जो पहले से ही बहुत नुकसान झेल चुका है और एक बार फिर से रूस के निशाने पर आया। ड्रोन अटैक यहां पर किया गया। रूस को गुस्सा था क्योंकि मॉस्को में पावर प्लांट पर हमला यूक्रेनी सेना के जरिए किया गया। 23 नवंबर की रात खार्किव शहर पर रूसी ड्रोन हमले में कम से कम चार लोग मारे गए और 17 अन्य घायल हो गए। खार्किव में यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने बताया कि हमलों के परिणामस्वरूप तीन आवासीय इमारतों और एक बुनियादी ढाँचे में आग लग गई। मेयर इहोर तेरेखोव ने हताहतों की संख्या बढ़ने पर टेलीग्राम पर अपडेट जारी किए। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, घायलों में 11 और 12 साल के दो बच्चे भी शामिल हैं।

# IND vs SA, 2nd Test: मार्को जेनसन के कहर ने भारतीय बल्लेबाजी को झकझोरा, फॉलोऑन का मंडराता खतरा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

सोमवार को दूसरे गुवाहाटी टेस्ट के तीसरे दिन के दूसरे सत्र के अंत तक बल्लेबाज़ी के निराशाजनक पतन और मार्को जेनसन के तेज़ गेंदबाज़ी स्पेल ने भारत को बैकफुट पर धकेल दिया, जिससे उसके सात विकेट गिर गए। सत्र के अंत तक भारत का स्कोर 174/7 था, जिसमें वाशिंगटन सुंदर (33*) और कुलदीप यादव (14*) नाबाद थे। भारत अभी 315 रन पीछे है। भारत ने दूसरे सत्र की शुरुआत 102/4 से की, जिसमें कप्तान ऋषभ पंत (6*) और रवींद्र जडेजा (0*) नाबाद थे।

मेजबान टीम का आत्मघाती बल्लेबाजी रवैया जारी रहा क्योंकि कप्तान पंत ने ज़ोरदार स्लॉग शॉट खेला, लेकिन गेंद विकेटकीपर काइल वेरिन के हाथों में चली गई। पंत आठ में से सात रन बनाकर आउट हो गए। भारत ने 37.2 ओवर में 109 रन पर अपनी आधी टीम गंवा दी। नितीश कुमार रेड्डी भी ज़्यादा देर तक क्रीज़ पर नहीं टिक पाए और एडेन मार्करम के एक शानदार कैच ने उनकी पारी को 18 गेंदों में 10 रन पर रोक दिया। जेनसन अपनी ऊँचाई और उछाल से भारत को परेशान करते रहे, और जडेजा भी उनसे नहीं बचे। जडेजा के कंधे पर लगी गेंद उनके बल्ले से टकराकर डिफ्लेक्ट हो गई और मार्करम ने एक और कैच लपका। जेनसन के सामने भारत पूरी तरह से बेबस नज़र आ रहा था और 43.3 ओवर में 122/7 रन पर सिमट गया।

वाशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव ने लगभग आसन्न अपमान को टाल दिया, जिससे भारत 56.3 ओवर में 150 रन के पार पहुँच गया। जहाँ सुंदर ने कुछ साहसिक शॉट लगाए, वहीं कुलदीप ने भी कुछ रन बनाए, जिनमें से अधिकांश भाग्य से मिले। सत्र के अंत में, भारत का स्कोर 102/4 था, कप्तान ऋषभ पंत (6*) और रवींद्र जडेजा (0*) नाबाद थे। वे 387 रन पीछे हैं और फॉलोऑन का जोखिम उठा रहे हैं। राहुल और जायसवाल के बीच 65 रनों की शुरुआती साझेदारी के बावजूद, भारत लंच से कुछ मिनट पहले ही गति खो बैठा क्योंकि जायसवाल, साई सुदर्शन और ध्रुव जुरेल ने 20 गेंदों के अंतराल में अपने विकेट गंवा दिए।



भारत ने पहले सत्र की शुरुआत 9/0 से की, जिसमें जायसवाल (7*) और राहुल (2*) नाबाद थे। राहुल ने पहले ओवर की आखिरी गेंद पर मार्को जेनसन के खिलाफ कवर्स के ऊपर से एक बेहतरीन कवर ड्राइव लगाकर दिन की शानदार शुरुआत की। नौवें ओवर में, जायसवाल को जानसन की गेंद पर एक ज़ोरदार झटका लगा, लेकिन उन्होंने गली में चौका लगाकर ओवर का अंत किया। जायसवाल ने अपनी गति जारी रखी और 12वें ओवर में वियान मुल्डर के खिलाफ दो चौके जमाए, इसके बाद स्पिनर केशव महाराज और साइमन हार्मर के खिलाफ भी दो-दो चौके जमाए। भारत ने 18.1 ओवर में 50 रन पूरे किए।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को कुचला, शव 100 मीटर तक घसीटा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुरः-** सुमेरपुर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 34 पर सोमवार तड़के एक भयावह सड़क हादसा हुआ, जिसमें बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने न केवल युवक को कुचला बल्कि उसकी बाइक को करीब 100 मीटर तक घसीट ले गया। हादसे के बाद युवक का शव सड़क पर पड़ा रहा, जिस पर कम दृश्यता के कारण कई वाहन गुजर गए और शव क्षत-विक्षत हो गया। दुर्घटना नजरपुर मोड़ के पास सुबह करीब 5:30 बजे हुई। घने कोहरे और धुंध



की वजह से सड़क पर पड़े शव को वाहन चालक देख नहीं सके, जिसके चलते हादसे की भयावहता और बढ़ गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मॉर्च्यूरी भेजा और सड़क से क्षतिग्रस्त बाइक को हटवाया। मृतक की पहचान देवी दयाल (32 वर्ष) निवासी कबरई के रूप में हुई है। वह बाइक से कानपुर की ओर जा रहा था। घटनास्थल पर उसका हेलमेट भी पड़ा मिला। पुलिस के अनुसार शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि किसी ट्रक ने उसे टक्कर मारी होगी। थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि मृतक की जेब से मिले मोबाइल फोन के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई है। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और वे मौके के लिए रवाना हो गए। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में टीम लगाकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# सड़क पार करते समय वृद्ध को डीसीएम ट्रक ने रौंदा, मौत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुरः-** राठ कस्बा के चरखारी रोड रामलीला मैदान के पास सड़क पार कर रहे वृद्ध को डीसीएम ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वृद्ध की मौत पर स्वजनों में मातम छा गया है। जरिया थाने के अतरौली गांव निवासी हरीदास ने बताया कि रविवार की दोपहर उसके पिता 80 वर्षीय मोतीलाल पुत्र घासीराम अपने



स्वर्गवासी पुत्र कल्लू के साले संतोष की पुत्री नेहा की शादी में शामिल होने के लिए सैना गांव आए थे। सोमवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे वह शादी समारोह से लौटकर चरखारी रोड सिकंदरपुरा मोहल्ले में रिश्तेदारी में जा रहे थे। तभी रामलीला मैदान स्थित चरखारी रोड पर गेहूं से लदी डीसीएम ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। जिससे उनकी मौत हो गई। उसके पिता के पास छह बीघा जमीन थी। खेती के साथ मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। मृतक अपने पीछे दो पुत्र राजू, हरिदास छोड़ गया है। कोतवाल राकेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ट्रक को कब्जे में ले लिया है। अभी तहरीर नहीं मिली है।

# जिलाधिकारी ने जन सुनवाई में समस्याओं का किया निस्तारण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुरः-** जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 90 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित



अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।